डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

आषाढ़ शुक्ल पक्ष 13, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), गुरुवार, 18 जुलाई 2024, वर्ष-30, अंक-270, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com






**सेंसेक्स**
80,716.55 ▲ +51.69

**डॉलर**
83.590 ▲ +0.051

**पलामू सर्राफा**
10 ग्राम ▼ 74,540
01 किलो ▼ 92,190

## व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 72094 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 72094 03444 संपर्क करें।

## एक नजर

### महूदी की घटना की जांच को भाजपा ने बनाई टीम

**रांची।** हजारीबाग के बड़कागांव प्रखंड के महूदी की घटना की जांच के लिए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने एक टीम बनाई है। टीम का नेतृत्व नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी करेंगे। अमर कुमार बाउरी के नेतृत्व में 18 जुलाई को 1 बजे घटना की जांच एवं हालात की जानकारी के लिए भाजपा की टीम महूदी जाएगी। टीम में प्रदेश उपाध्यक्ष विधायक भानु प्रताप शाही, सांसद मनीष जायसवाल, विधायक अनंत ओझा, अमित मंडल, केदार हाजरा, किशुन कुमार दास भी शामिल हैं। बता दें कि महूदी में दो समुदायों में झड़प हो गई थी, जिसमें कुछ लोग घायल हो गए थे।

### गिरिडीह में मुहर्रम के ताजिया में फैला करंट, एक की मौत

**गिरिडीह।** गिरिडीह जिला अंतर्गत जमुआ थाना क्षेत्र के चकमंजो गांव में बुधवार को मुहर्रम पर निकाले गए ताजिया में करंट प्रवाहित होने से एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो अन्य जख्मी हो गए। मृत युवक का नाम हैदर अंसारी (26) है। बताया गया कि हैदर और उसके साथी ताजिया और कच्चे बांस का निशान लेकर गांव का भ्रमण कर रहे थे। इसी दौरान ताजिया का निशान 11 हजार वोल्ट के बिजली तार के संपर्क में आ गया। हैदर अंसारी की मौके पर ही मौत हो गई। उसके दो अन्य साथी भी करंट लगने से जख्मी हो गए। दोनों घायलों को इलाज के लिए हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया है। हादसे के कारण इलाके में मातम पसर गया।

## आज कल




लंदन म्यूजिक फेस्टिवल

# 28 को जुगलबंदी करेंगे झारखंड रत्न केडिया बंधु



**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरिडीह।** झारखंड के केडिया बंधु लंदन में आगामी 28 जुलाई को आयोजित वर्ल्ड म्यूजिक फेस्टिवल में स्टेज प्रस्तुति के लिए आमंत्रित किए गए हैं। इस विश्वस्तरीय म्यूजिक फेस्टिवल 'वोमेड' में तीन भारतीय कलाकारों को आमंत्रित किया गया है। इसमें मोर मुकट-मनोज केडिया बंधु एवं मुंबई की तबला वादक अनुराधा पाल शामिल हैं।

बताया गया कि मैहर घराने के केडिया बंधु सरोद-सितार की युगलबंदी के लिए प्रसिद्ध हैं। केडिया बंधु प्रख्यात सरोद-सितार वादक रहे भारत रत्न पंडित रविशंकर एवं उस्ताद अली अकबर खां साहब की तर्ज पर ही मौजूदा दौर में भारतीय शास्त्रीय संगीत को ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए जाने जाते हैं। उनकी लंदन स्टेज प्रस्तुति को लेकर झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, राज्यसभा सदस्य डॉ सरफराज अहमद समेत राज्य के कई संगीत प्रेमियों ने हर्ष व्यक्त किया है। बताया गया कि इसके अलावा लंदन के वेम्बली में भी 27 जुलाई को इनका कार्यक्रम है।

गौरतलब है कि इसके पहले भी केडिया बंधु ने अमेरिका, जर्मनी, चीन, थाईलैंड, दुबई, सेंट्रल अमेरिका और ढाका सहित विश्व के कई अन्य देशों में सरोद-सितार की जुगलबंदी कर कर भारत का मान बढ़ाया है। केडिया बंधु झारखंड से सर्वोच्च श्रेणी के एक मात्र कलाकार हैं। इन्हें झारखंड रत्न सहित देश-विदेशों में कई प्रतिष्ठित अवार्ड से सम्मानित किया जा चुका है।

# मैक्लुस्कीगंज में अपराधियों ने दो मजदूरों को पीटा, फायरिंग की

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची के मैक्लुस्कीगंज में अपराधियों ने अति संवेदनशील माने जाने-वाले बसरिया (हरहु टोला) क्षेत्र में मंगलवार की देर रात पुल के निर्माण में लगे दो मजदूरों की जमकर पिटाई की। बताया जाता है कि निर्माणधीन पुल के पास दो मजदूर रात में भोजन की तैयारी कर रहे थे। इसी दौरान पूर्व दिशा की ओर से दो नकाबपोश अपराधी घटनास्थल पर आ धमके और मजदूरों को बंधक बनाते हुए पिटाई शुरू कर दी। इस दौरान दूसरे मजदूर ने हिम्मत दिखाते हुए एक अपराधी को पकड़ लिया। इसके बाद एक अपराधी ने बचाव में हथियार निकालकर हवाई फायरिंग की और दो मजदूर दिलीप राम व गुड्डू राम को रॉड से मारकर घायल कर दिया। जाते-जाते अपराधियों ने उनके मोबाइल छीन लिये और जंगल की ओर भाग गए। सूचना मिलने के बाद मैक्लुस्कीगंज पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को अस्पताल भेजा। दोनों मजदूर लेस्लीगंज के रहने वाले हैं। इस संबंध में बुधवार को खलारी के डीएसपी आरएन चौधरी ने बताया कि निर्माणस्थल पर बिना जानकारी दिए संवेदक ने कार्य प्रारंभ किया था, जिसका लाभ अपराधियों ने उठाया है। जल्द ही कार्रवाई कर अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले 28 मई की रात कुछ हथियारबंद अपराधियों ने घटनास्थल से थोड़ी दूरी पर स्थित रांची-चामा-चतरा मुख्य मार्ग पर आगजनी की घटना को अंजाम दिया था। उस वक्त सभी किसी प्रकार जान बचाकर भाग निकले थे। ये वारदात उस वक्त हुई थी जब एसआईपीएल कंपनी द्वारा बीएसएनएल का ऑप्टिकल फाइबर बिछाने का कार्य ▶▶शेष पृष्ठ 11 पर

मुख्यमंत्री ने वरीय पदाधिकारियों के साथ की उच्चस्तरीय बैठक

# अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो : हेमंत

### नियुक्ति प्रक्रिया को लेकर दिए अहम निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य में विधि-व्यवस्था बनाए रखना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। पूरे राज्य में भयमुक्त वातावरण बना रहे, इसके लिए अपराध और अपराधियों पर नियंत्रण के लिए सभी ठोस कदम उठाएं। उन्होंने कहा कि आपराधिक कांडों में शामिल अपराधियों की पहचान कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें। अपराध नियंत्रण की दिशा में कोई कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री ने आगामी पर्व-त्योहारों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता रखने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पर्व-त्योहारों के दौरान वैसे असामाजिक तत्वों की विशेष निगरानी की व्यवस्था करें, जो अशांति फैलाने की साजिश रचने की कोशिश करते हैं। मुख्यमंत्री बुधवार को आवासीय कार्यालय में विधि-व्यवस्था, नई कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन, झारखंड आरक्षी एवं झारखंड उत्पाद सिपाही प्रतियोगिता परीक्षा समेत चल रही अन्य नियुक्ति प्रक्रियाओं को लेकर वरीय पदाधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक कर रहे थे।

बैठक में मुख्य सचिव एल खियांग्ते, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, प्रधान सचिव वंदना दादेल, पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह, एडीजी आरके मलिक, एडीजी सुमन गुप्ता, सचिव मनोज कुमार, आईजी प्रभात कुमार एवं आईजी पंकज कंबोज मौजूद थे।

मुख्यमंत्री ने बैठक में झारखंड आरक्षी प्रतियोगिता परीक्षा-2023 और झारखंड उत्पाद सिपाही प्रतियोगिता परीक्षा-2023 की चल रही प्रक्रिया की पूरी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि आरक्षी और उत्पाद सिपाही की नियुक्ति प्रक्रिया जल्द से जल्द पूरी की जाए। उन्होंने कहा कि इन नियुक्तियों में पूरी पारदर्शिता और गोपनीयता बरती जानी चाहिए। इसमें किसी भी तरह की अनियमितता और गड़बड़ी ना हो, इसे सुनिश्चित करें।

**यूनिफॉर्म सर्विसेज की नियुक्ति प्रक्रिया में एकरूपता होनी चाहिए**

मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस, होमगार्ड, फॉरेस्ट और एक्साइज जैसे यूनिफॉर्म सर्विसेज की नियुक्ति प्रक्रिया में एकरूपता लाने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया है। उन्होंने कहा कि यूनिफॉर्म सर्विसेज की नियुक्ति प्रक्रिया में गति लाने के लिए यह काफी जरूरी है। इससे युवाओं को भी यूनिफॉर्म सर्विसेज की होनेवाली प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी करने में सहूलियत होगी।

**नई योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रक्रियाएं शीघ्र पूरी करें :** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार कई नई कल्याणकारी योजनाएं शुरू करने जा रही है। इसमें 21 से 50 वर्ष तक की महिलाओं को आर्थिक सहायता देने की एक महत्वपूर्ण योजना भी शामिल है। उन्होंने कहा कि इस योजना को शुरू करने तथा लाभुकों के ▶▶शेष पृष्ठ 11 पर

भाजपा के झारखंड प्रभारी ने विजय संकल्प सभा को किया संबोधित

# झारखंड की अस्मिता मिटा रही सोरेन सरकार : शिवराज सिंह



### योजनाबद्ध तरीके से मूल निवासियों को अल्पसंख्यक बनाए जाने का चल रहा खेल

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री और झारखंड के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को हटिया विधानसभा क्षेत्र में अभिनंदन सह विजय संकल्प सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आज का दिन नेताओं के स्वागत का नहीं, बल्कि कार्यकर्ताओं के सम्मान का दिन है। भाजपा के कार्यकर्ता नींव के पत्थर हैं। कार्यकर्ताओं से ही पार्टी को मजबूती मिलती है। आने वाले विधानसभा चुनाव में बेईमानों की सरकार को उखाड़ कर फेंकना है और झारखंड को बचाना है।

शिवराज ने कहा कि कार्यकर्ता बहनों और भाइयों, लोकसभा चुनाव की इस विजय के बाद झारखंड के विधानसभा चुनाव में महाविजय का संकल्प लेना है। संकल्प विजय का नहीं, महाविजय का और यह जरूरी है। जरूरी इसलिए है कि झारखंड को बचाना है। जनता को तबाही से बचाना है। विजय इसलिए भी जरूरी है कि सरकार में विदेशी घुसपैठिए अवैध घुसपैठ कर रहे हैं और यह सरकार यदि दोबारा आ गई, तो ये मान लेना कि यहां के मूलनिवासी अल्पसंख्यक हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि सोरेन सरकार में योजनाबद्ध तरीके से मूलनिवासियों को अल्पसंख्यक बनाए जाने का खेल चल रहा है। हम वोटों के लालच में झारखंड की अस्मिता के साथ खिलवाड़ नहीं होने दे सकते हैं। झारखंड की अस्मिता को सोरेन सरकार मिटा रही है। खतरा सामने खड़ा है और बचाना है झारखंड को। बचाना है हमारी संस्कृति को। बचाना है हमारे जीवन मूल्यों को। बचाना है ▶▶शेष पृष्ठ 11 पर

क्रिप्टो करेंसी में निवेश कर अधिक पैसे कमाने का देता था लालच

# झारखंड सीआईडी ने दिल्ली से साइबर ठग को किया गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी) ने राज्य के 150-200 लोगों से लगभग 4-5 करोड़ रुपये की ठगी करने के मामले में साइबर ठगी के आरोपित को नई दिल्ली से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित अमित जायसवाल नई दिल्ली के विकासपुरी थाना क्षेत्र के शंकर गार्डन का रहने वाला है। इसके पास से तीन मोबाइल फोन, तीन सिम कार्ड और ब्लॉकचैन वॉलेट ऐड्रेस (जिस पर निवेशकों द्वारा पैसा भेजा गया है) बरामद किया गया है। डीजी सीआईडी अनुराग गुप्ता ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि सीआईडी के साइबर क्राइम थाने में नौ नवंबर, 2023 को मामला दर्ज कराया गया था। शिकायतकर्ता ने कहा था कि इनको प्रारंभिक काल में गोल्ड बॉन्ड के माध्यम से आरोपित शशि शंकर कुमार उर्फ विक्की के जरिये मौद्रिक लाभ पहुंचाया गया, जिससे वह आरोपित पर विश्वास करने लगे। बाद में आरोपित एवं उसके एक मित्र ▶▶शेष पृष्ठ 11 पर

पश्चिमी सिंहभूम में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़

# सारंडा में भारी मात्रा में गोला-बारूद बरामद

- **सुरक्षा बलों को भारी पड़ता देख भागे नक्सली**
- **पश्चिमी सिंहभूम जिले के सारंडा में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़, हथियार और विस्फोटक सामान बरामद**



**नवीन मेल संवाददाता**

**चाईबासा (पश्चिमी सिंहभूम)।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के छोटानागरा थाना क्षेत्र अंतर्गत दोलाईगढ़ा गांव के पास जंगली-पहाड़ी क्षेत्र में प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादियों और सुरक्षा बलों के बीच बुधवार की सुबह मुठभेड़ हुई। इस दौरान सुरक्षा बलों को भारी पड़ता देख नक्सली जंगल और पहाड़ का लाभ उठाते हुए भाग खड़े हुए। सर्च अभियान के दौरान घटनास्थल से हथियार, गोला-बारूद और अन्य दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद की गई है। एसपी आशुतोष शेखर ने बताया कि प्रतिबंधित नक्सली संगठन के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछु, अनल, असीम मंडल, चमन, अजय महतो, सागेन अंगरिया, अश्विन अपने दस्ता सदस्यों के साथ कोल्हान क्षेत्र में विध्वंसक गतिविधि के लिए भ्रमणशील है। इनके खिलाफ चाईबासा पुलिस, कोबरा, झारखंड जगुआर एवं सीआरपीएफ की टीमों का एक संयुक्त अभियान दल गठित कर लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इस बीच नक्सली संगठन के शीर्ष नेता अनमोल, अजय महतो, अश्विन, पिंटु लोहरा, चंदन लोहरा, अमित हांसदा उर्फ अपटन के दस्ता सदस्यों के साथ कोल्हान-सारंडा क्षेत्र में भ्रमणशील होने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना के बाद टीम जैसे ही पहुंची, तो नक्सलियों ने फायरिंग ▶▶शेष पृष्ठ 11 पर


## इंडिया

# आधे अधूरे अंग्रजों से बर्बाद होता हिंदुस्तान



सुनील बादल

अंग्रेजों के देश छोड़े 77 साल बीत गए पर भारत से न अंग्रेजियत गई और न अंग्रेजी। कुल आबादी की लगभग 10 प्रतिशत लोग ही अंग्रेजी बोलने समझने वाले हैं पर किसी को भी भयभीत करने के लिए अंग्रेजी सबसे आसान भाषा आज भी बनी हुई है। भले हिंदी माध्यम से अंग्रेजी पढ़ाएं पर गली गली अंग्रेजी स्कूल खुल रहे हैं जो देशी भाषा के बजाय बबुआ को अंग्रेजी में गुद मॉर्निंग या हेलो हाय सिखाकर साहब बना रहे हैं। देश भर में सबसे ज्यादा अंग्रेजी गोवा में बोली जाती है। वहीं, गोवा के बाद चंडीगढ़ ऐसा शहर है जहां सर्वाधिक लोग अंग्रेजी बोलना पसंद करते हैं। इसका खुलासा स्टेट्स ऑफ डाटा एक सर्वे के जरिए हुआ है। देशभर में 10.6 फीसद लोग अंग्रेजी भाषा को पहली, दूसरी और तीसरी भाषा के तौर पर प्राथमिकता देते हैं। गोवा में 41.8 फीसद लोग अंग्रेजी बोलते हैं। जबकि चंडीगढ़ में 41.6 फीसद लोग अंग्रेजी बोलना पसंद करते हैं। तीसरे नंबर पर नागालैंड में 32.6 फीसद लोग अंग्रेजी बोलते हैं। पूरे देश की अगर बात की जाए तो 12.85 करोड़ लोग अंग्रेजी बोलते हैं। 2.6 लाख लोग पहली भाषा के तौर पर अंग्रेजी बोलना पसंद करते हैं। 8.27 करोड़ लोग दूसरी भाषा के तौर पर अंग्रेजी बोलना पसंद करते हैं और 4.56 करोड़ लोग तीसरी भाषा के तौर पर इंग्लिश बोलते हैं। अंग्रेजी के बारे में एक आम धारणा बनी हुई है कि यह अंतरराष्ट्रीय भाषा है पर वस्तुतः यह उन देशों में ही ज्यादा प्रचलित है जो अंग्रेजों के उपनिवेश थे। विश्व के अनेक देशों में उनकी भाषा ही प्रचलित है। वस्तुस्थिति यह है कि हमने अंग्रेजों की बुराइयां तो सीख लीं पर उनकी अच्छाइयां नहीं सीख पाए। पिछले कुछ महीने से इंग्लैंड की राजधानी लंदन सहित अनेक यूरोपीय देशों की यात्रा कर रहे रांची के वरिष्ठ अधिवक्ता अरविंद लाल ने बताया कि अनेक बातें आज भी ऐसी हैं जो अंग्रेजों से सीखनी चाहिए वहां अनेक शोधों के बाद यह निष्कर्ष निकाला गया कि भारत की तरह सुबह छः बजे से स्कूल नहीं चलाए जाने चाहिए क्योंकि जाड़ा, गर्मी और बरसात में उनींदा बच्चा ठीक से पढ़ाई नहीं पाएगा इस लिए सुबह 8.35 बजे घर के आसपास के स्कूल में रिपोर्टिंग टाइम है और 8.50 बजे गेट बंद होने के बाद विशेष परिस्थिति में स्पष्टीकरण देने पर ही बच्चे को अभिभावक अंदर भेज सकते हैं। हर बच्चे को क्लास टीचर स्वयं अंदर ले जाती है और दो बजे अभिभावक को ही बच्चा सौंपा जाता है तीन बजे तक अभिभावक के नहीं आने पर चार बजे बच्चे को पुलिस ले जाती है और पुलिस कार्रवाई करती है जिसमें वह मां बाप से छीनकर सरकार की संपति भी बन जाता है जिसे अलग स्कूल में सरकार पढ़ाती है। निजी या सरकारी विद्यालय के बच्चे को लाने के लिए कोई अभिभावक जान चाहे तो किसी को रोका नहीं जाता। सरकारी विद्यालयों में स्वादिष्ट और उत्तम भोजन परोसा जाता है क्योंकि वे बच्चों को राष्ट्र की संपत्ति मानते हैं। सबसे दिलचस्प मामला श्री लाल ने बताया निवर्तमान प्रधानमंत्री ऋषि सुनक का जब वे चुनाव हार गए और कार्यभार नए पीएम को सौंप दिया तो 5 की सुबह ही पीएम आवास 10 डाउनिंग स्ट्रीट खाली कर अपने निजी आवास में चले गए। तीसरे दिन किसी मॉल में खरीददारी कर लाइन में लगकर बिल भुगतान करती उनकी फोटो अखबारों में छपी जिसमें आगे पीछे कोई सुरक्षाकर्मी या कमांडो नहीं था जबकि भारत में पूर्व सीएम, पीएम जैसी हस्तियों के परिजन तक की सुरक्षा में ब्लैक कैट कमांडो लगे रहते हैं जिनपर आम जनता की गाढ़ी कमाई का करोड़ों खर्च होता है और यह सुरक्षा से ज्यादा वीआईपी का रौब गांठने के लिए होता है। ऋषि सुनक अब कोई वीआईपी नहीं बल्कि एक आम नागरिक बन गए हैं क्योंकि वहां वीआईपी कोई नहीं। लंदन के पार्क में अपने कुत्ते को घुमाते समय उन्होने पट्टा नहीं लगाया था तो एक सिपाही ने रोका कि मिस्टर सुनक आपने नियम का उल्लंघन किया है। हम जब कपड़े अंग्रेजों की तरह पहन सकते हैं भाषा, भोजन, मदिरापान और संस्कृति उनकी अपना सकते हैं तो हमें उनकी तरह कर्तव्यपरायणता, आत्मानुशासन और दूसरों का सम्मान करना भी सीखना चाहिए और इसके लिए भी तैयार रहना चाहिए कि किसी भी पद पर बैठा कोई आदमी जीवनभर के लिए वीआईपी नहीं होता उसे सामान्य आदमी बनाया जाए तो आश्चर्य नहीं करना चाहिए।




# द. अफ्रीका में फंसे राज्य के कामगारों के सुरक्षित वापसी का आग्रह

### – कामगार हजारीबाग, गिरिडीह और बोकारो जिला के निवासी हैं

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड सरकार ने विदेश मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन विदेश जाने वाले भारतीय कामगारों के हितों की रक्षा के लिए जिम्मेदार प्राधिकरण से दक्षिण अफ्रीका में फंसे राज्य के 27 कामगारों की सुरक्षित वापसी के लिए आग्रह किया है।

इसके लिए श्रम, रोजगार, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के सचिव ने प्राधिकरण को पत्र लिखा है। कामगार हजारीबाग, गिरिडीह और बोकारो जिला के निवासी हैं। पत्र में प्राधिकरण को बताया गया है कि श्रम, रोजगार, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के अंतर्गत संचालित राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष को गिरिडीह, बोकारो के 27 कामगारों ने सूचित किया है कि वे सभी लार्सन एंड टुब्रो लिमिटेड, फेस जेंडरमेरी, एप्रेस ऑडिटोरियम जीन पॉल 2, मबैंकलो, याउंडे, कैमरून, दक्षिण अफ्रीका में विनायक कंस्ट्रक्शन प्रोजेक्ट पर 29 मार्च, 2024 से काम कर रहे हैं। कामगारों ने बताया है कि उनका भुगतान बकाया है और वे झारखंड लौटना चाहते हैं। इस संदर्भ में विभाग ने पत्र लिख कर कामगारों को उनका वैध बकाया सुनिश्चित करने और झारखंड सुरक्षित वापसी के लिए आवश्यक व्यवस्था करने का आग्रह किया है।

# अकीदत के साथ मनाया गया मुहर्रम

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद में बुधवार को हजरत इमाम हुसैन की निर्मम शहादत की याद में मनाया जाने वाला मुहर्रम पहलाम के साथ अकिदतमंदो ने अहतराम के साथ बड़े ही श्रद्धा के साथ शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हो गया। मुस्लिम समुदाय के द्वारा कर्बला के शहीदों को याद किया गया। पैगंबर हजरत मोहम्मद के अजीज नवासे हजरत इमाम हुसैन तथा उनके दोस्त, सगे- संबंधियों के साथ दसवीं मुहर्रम को कर्बला के रेगिस्तान में तत्कालीन शासक यजीद बिन मावया के आदेश से उसकी सेना के द्वारा सारे कुनबे को शहीद कर दिया गया। औरतों व बच्चों को बंदी बनाकर कैद खाने में डाल दिया गया। यजीद का मूल उद्देश्य इस्लाम की शरियत में तब्दील अगला लेख लाना था, जो हुसैन को स्वीकार नहीं था। हुसैन ने यजीद से संधी की जगह जंग करना कबूल किया। हुसैन अपने छोटे से कुनबे जिसमें भाई, बेटे, दोस्तों और महिलाओं के साथ कर्बला में मौजूद थे। मौके पर हुसैनाबाद के शिया समुदाय ने वक्फ वासला बेगम सदर इमामबारगह से जुलुस ए अजा निकला।



### जुलूस के गांधी चौक पहुंचने पर सभा

जुलूस के गांधी चौक पहुंचने पर एक सभा हुई। जिसमें मौलाना डॉ. सैयद जहीर हैदर नकवी साहब ने शहीदों को याद करते हुए फरमाया कि हजरत इमाम हुसैन के साथ वीर और साहसी लोगों का साथ था। परंतु इमाम हुसैन ने किसी को जंग करने को कभी नहीं कहा, सिर्फ अपना बचाव करने का हुकुम दिया, ताकि दुनिया यह न समझे हुसैन जंग करना चाहते थे। सभा के बाद लोगों ने गांधी चौक पर जंजीर, कमा, ब्लेड से अपने शरीर को काटकर लहुलुहान कर लिया। जुलूस का नेतृत्व मुत्तवल्ली सैयद हसनैन जैदी कर रहे थे। जबकि सभा का संचालन अरशद हुसैन (अर्शी) ने किया। जूलूस में शोक गीत (मार्सिया) तनवीर हुसैन, मिर्जा आमीन, सैयद मोहमद रजा, सैयद रजा इमाम, नैयर रजा, बाकर हुसैन आदि ने किया। नौहाखानी सैयद मिसम रिजवी, मिर्जा समीर, सैयद हाशिम अली, सैयद नकी ईमाम, सैयद हसन अली, मिर्जा इस्लाम, अखलाक रिजवी, शाहिद हुसैन, जैद मिर्जा आदि ने किया। कार्यक्रम मे मुख्य रूप से सैयद तक्की रिजवी, मिर्जा नेहाल, सैयद गंजाफफर हुसैन, सैयद फखरू हुसैन, गौहर मिर्जा, कमर मिर्जा, सैयद तबारक जैदी, सैयद कामिल हुसैन, डॉ.नादिर रिजवी, सैयद इकबाल हुसैन, सैयद काशिफ रिजवी, सैयद वारिस हुसैन, सैयद सरकार हुसैन, सैयद इब्ने हसन, सैयद मोतल्लिब हुसैन आदि ने किया। कर्बला पहुंच कर लोगों ने पहलाम की रस्म अदा की। लोगों ने अपनी नम आंखों से हजरत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम तथा शहीदे कर्बला को श्रद्धांजलि दिया। दिल में एक दर्द लेकर की ज़िंदगी रही तो फिर अगले बरस आऊंगा मौला हुसैन। वहीं मुहर्रम जुलूस को लेकर पुलिस प्रशासन काफी मुस्तैद दिखी। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर काफी संख्या में पुलिस बल को लगाया गया था। इस मौके पर एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो, प्रभारी थाना प्रभारी संजय कुमार यादव समेत कई जवान मौजूद थे।

## देवरी में शहीदे कर्बला कॉन्फ्रेंस का अयोजन



**हुसैनाबाद।** प्रखंड के देवरी कला पंचायत में मुहर्रम इंतजामिया कमेटी के तत्वाधन में मुहर्रम नौ को शहीदे कर्बला कॉन्फ्रेंस का अयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता मुहर्रम इंतजामिया कमेटी के सदर आरजू खान ने की। जबकि संचालन देवरी मदरसा के हफीज ने किया। जलसे की शुरूआत कुरआन पाक की तिलावत के साथ किया गया। जलसा को संबोधित करते हुए मौलाना जुनैद मिसबाही ने कहा की ईमान हुसैन ने इस्लाम की खातिर अपनी और अपने खानदान की कुबार्नी कर्बला के मैदान में दे दी। ईमान हुसैन का नाम कर्बला की क्रांति की याद से जुड़ा है बहदूरी, इंसाफ, मुहब्बत व बलिदान पेश कर इस दुनिया के लिये जो पैगाम दिया है। जिसे कभी भूलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कर्बला के मैदान में अपने साथियों के साथ सर काटना मंजूर किया। जलसा में हफीज सलाम अंसारी ने एक से बढ़कर नतिया पेश कर जलसा में समा बांध दिया। मौके पर मुहर्रम इंतजामिया कमेटी के ओर से बसपा के पूर्व प्रत्याशी सह बसपा के वरिष्ठ नेता शेर अली, देवरी ओपी प्रभारी बब्लू कुमार, सदर आरजू खान, सरपरस्त इरफान आजाद, बसपा जिला अध्यक्ष अजय भारती, मुखिया मनोज भारती, निजाम खान, जुबैर अहमद , ललन राम, की पगड़ी पोशी की गई। मौके पर अफान मीर, अमान मीर, अफताब खान, शमशेर खान, जहीर खान, असलम खान, पप्पू खान, शेख इमरान, तनवीर आलम ऊर्फ बब्लू, सन्नी अहमद, लाल बाबू, हसमत, रहमत, सरीक अंसारी, जावेद खान, चिंटू मंसूरी समेत कई लोग मौजूद थे।

## न्यूज बॉक्स

### शांति व सौहार्द के साथ मुहर्रम का जुलूस निकला



**पाटन।** पाटन, किशुनपुर एवं नावाजयपुर क्षेत्रो में मुहर्रम जुलुस अखाड़ा मातमी गीतों के साथ भव्य ताजिया प्रदर्शन किया। पाटन के किशुनपुर चनेया बाजार ताजिया मिलन स्थल पर लोइंगा, सुंठा, बरडीहा, राजहारा, कुम्हवा, खैरदोहर, जंघासी, किशुनपुर, बरडीहा, नवादा, आदि दर्जनों विभिन्न अखाड़ो से मुहर्रम पहलाम की ताजिया झांकी जुलूस निकाला गया। किशुनपुर के चनेया ताजिया मिलान स्थल पर मेला सदृश स्टाल लगाये गये थे। मुस्लिम समुदाय के साथ बड़ी संख्या में हिन्दू समुदाय के लोग जुलुस में सम्मिलित थे तथा पारम्परिक लाठी एवं ग्रामीणों अश्त्रो के खेल प्रदर्शन किया। जुलुस के दौरान थाना प्रभारी पाटन लालजी, नावाजयपुर थाना प्रभारी कमल किशोर पांडेय, किशुनपुर ओपी प्रभारी नीलेश कुमार पुलिस बल के साथ सभी क्षेत्रों में सघन गस्ती करते दिखे गये। तथा मिलान स्थल पर पहुंचकर मुहर्रम कमिटी के विभिन्न अखाड़ो के प्रतिनिधि को सम्मानित किया।

### ताजिया के साथ निकली मुहर्रम की जुलूस



**हरिहरगंज।** हरिहरगंज में मुस्लिम धर्मावलम्बियों ने शहादत और गम का त्योहार मुहर्रम के अवसर पर बुधवार को विभिन्न कमेटीयों की ओर से ताजियों के साथ जुलूश निकाला गया। जहां इलाके के अररूआ खुर्द, बेलौदर, बंजारी, सतगांवा, सियरभूका आदि स्थानों से दर्जनों छोटी बड़ी ताजिये के साथ मुस्लिम धर्मावलम्बियों ने भाग लिया। जुलूस में छतरपुर डीएसपी नौशाद आलम, हरिहरगंज बीडीओ कुमार अरविंद बेदिया, पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी चंदन कुमार, इरफान शाहिद, राजद नेता, कमलेश कुमार यादव, आजसू पार्टी के केंद्रीय प्रवक्ता संजय रंजन, जेएमएम नेता अतहर हुसैन, महेंद्र यादव, बुधन सिंह यादव ने भाग लिया। इस अवसर पर डीएसपी नौशाद आलम ने कहा कि हजरत इमाम हुसैन ने सच्चाई के लिए कुरबानी दी थी। जुलूस में शामिल लोगों को भाईचारगी के साथ पर्व बनाने की अपील की। उपस्थित समाजसेवियों ने जामा मस्जिद प्रांगण में मुस्लिम भाइयों से गले मिलकर हिन्दू मुस्लिम एकता आपसी भाईचारा व सौहार्द का संदेश देते हुए त्योहार की मुबारकबाद भी दी। मौके पर एसआई सतीश गुप्ता, रणजीत सिंह, मो. असलम, मो. जमील अंसारी, इसरार आलम, शमशाद अंसारी, मो एजाज फहीम अख्तर, गोल्डन अंसारी, मो. डायमंड, मो, राजा, इमरान खान , जितेंद्र विश्वकर्मा, अजीत सिंह, इस्तेखार आलम, मो. एजाज, मो. मुमताज, मुबाशिर अंसारी, महताब शाहिल, सहित सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल थे।

### मजलिस में शहीद ए कर्बला पर विस्तृत चर्चा



**हैदरनगर।** हैदरनगर के भाई बिगहा इमामबाड़ा के समीप बड़की चौकी की मिलनी हुई, इसे देखने भारी संख्या में लोग पहुंचे, मिलनी के बाद इमामबाड़ा में मजलिस का आयोजन किया गया। मजलिस में शहीद ए कर्बला पर विस्तृत चर्चा हुई, मिलनी के पूर्व लाठी डंडा का परंपरागत खेल का प्रदर्शन भी लोगों ने किया। मिलनी का मुख्य आकर्षण बाजार की पहलवानी और भाई बिगहा की चिरागन सिपर रहती है। पहलवानी सिपर स्व रामरत्न साव के आवासीय परिसर स्थित चौक पर रखी जाती है, जबकि चिरागन सिपर भाई बिगहा स्थित अंसारी मुहल्का के चौक पर रहती है। दोनो सिप्रों पर बड़ी संख्या में दोनो समुदाय के लोग फातेहा कराने व मिन्नते मांगने लोग पहुंचते हैं। आज इन दो सिपरो को छोड़ सभी आलम सिपर ताजिया का पहलान की रस्म संपन्न हो जायेगी। जबकि इन दो सिपारों का कल 18 जुलाई को पहलाम होगा। वहीं मोकहर कला पंचायत के सिंघना, करीमनडीह नोखिला में गोल जमा हुआ। जहां खिलाड़ियों को हौसला बढ़ाने मेंप्रमुख प्रतिनिधि गुड्डू सिंह, बरडंडा पंचायत के मुखिया सुदर्शन राम, समाजसेवी नावाजिश खान, साबित अली, एएसआई तिर्की जी और पुलिस जवानों ने अहम भूमिका निभाई। मुहर्रम कमेटी सदस्य राहत खान, मूसा खान, अकरम, मोसाहिद खान, जावेद खान, दिलजान सैफ, अली अंसार अंसारी, छोटू खान, जमशेद खान, उस्ताद हलीम खान ने उपस्थित अतिथियों के स्वागत।के बाद खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया।

### गढ़वा रोड रेलवे स्टेशन से एक मोटरसाइकिल की चोरी

**विश्रामपुर।** रेहला गढ़वा रोड रेलवे स्टेशन के मुख्य द्वार के पास खड़ा एक मोटरसाइकिल की चोरी मंगलवार के रात को हो गयी। मोटरसाइकिल गढ़वा जिला के चिनिया गांव निवासी महेश प्रसाद गुप्ता का था। महेश प्रसाद गुप्ता ने बताया कि अपना मोटरसाइकिल स्प्लेंडर प्लस को गढ़वा रोड स्टेशन के बाहर खड़ा कर स्टेशन के अंदर एक व्यक्ति को छोड़ने गए थे। जब बाहर निकला तो मोटरसाइकिल गायब था। जिसके बाद महेश प्रसाद गुप्ता ने आसपास सहित सभी संभावित जगहों पर मोटरसाइकिल की खोजबीन की लेनिक कही पता नहीं चला। थक हार कर उसने चोरी की लिखित आवेदन राजकीय रेल थाना में बुधवार को दिया है।

## एक नजर

### भाजपा की पहल पर बदला महीनों से जला ट्रांसफार्मर

**हैदरनगर।** प्रखंड के हैदरनगर पूर्वी पंचायत के बगीचा (धनुडीह) में आहार के पास महीनों से जले ट्रांसफॉर्मर समाजसेवी डॉ. अजय जयसवाल की पहल पर बदल गया है। उन्होंने वर्तमान में उमस भरी गर्मी के अलावा महीनों से संपूर्ण टोला के ग्रामीणों के बीच शाम ढलते ही अंधेरा छाए रहने की समस्या से भाजपा नेता विनोद कुमार सिंह को गत सप्ताह ही अवगत कराया। उन्होंने इस पर तत्काल गंभीरता से लेकर इस टोला पर मंगलवार की देर शाम जले उपकरण को बदलवाने का कार्य किया है। उनके इस कार्य के प्रति ग्रामीण और लघु किसान राजेंद्र मेहता, विकास प्रजापति, अर्जुन मेहता, पिंटू दूबे, सत्येंद्र प्रजापति, गोविंद दुबे, राजेश्वरी राम, जितेंद्र प्रजापति, प्रमोद दूबे ने आभार जताया है।

### मोहम्मदगंज में दिव्यांग स्कूली बच्चों के लिए जांच शिविर

**मोहम्मदगंज।** मोहम्मदगंज बीआरसी परिसर में समग्र शिक्षा कार्यक्रम के तहत दिव्यांग स्कूली बच्चों के जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य दिव्यांग बच्चों को सहायक उपकरण प्रदान करना और उनकी आवश्यकताओं की पहचान करना था। शिविर में सर्वप्रथम पूर्व में चयनित 13 दिव्यांग बच्चों को सहायक उपकरण दिया गया। इसके बाद एलिम्को भुवनेश्वर से आए डॉक्टरों की टीम ने शिविर में विभिन्न विद्यालयों से आए नए बच्चों की दिव्यांगता जांच की। इस जांच के दौरान 25 नए बच्चों का चयन उपकरण के लिए किया गया। जिससे उनकी जीवन गुणवत्ता में सुधार हो सके। शिविर में डॉक्टरों की जांच टीम के सदस्य दीपक मंडल, आकाश सैनी, और अरुण यादव शामिल थे। इनके अलावा, जिला समावेशी शिक्षा प्रभारी राजीव चौबे, बीपीएम रंजना भारती, रिसोर्स शिक्षक आदित्य कुमार गोल्डन, एमआईएस कॉर्डिनेटर राजेश कुमार, और जेई संजीत कुमार भी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में संबंधित विद्यालयों के शिक्षक भी मौजूद थे। बीईईओ महेंद्र प्रजापति ने कहा कि इस प्रकार के शिविरों का आयोजन बच्चों की शिक्षा और समग्र विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह न केवल उनकी शारीरिक आवश्यकताओं को पूरा करता है बल्कि उन्हें समाज में आत्मनिर्भर और सम्मानजनक जीवन जीने के लिए प्रेरित करता है।

## मनरेगा कर्मचारी संघ ने आंदोलन की चेतावनी दी

नवीन मेल संवाददाता



**हैदरनगर।** मनरेगा कर्मचारी संघ प्रखंड इकाई हैदरनगर ने अपनी मांगों के समर्थन में आंदोलन की चेतावनी दी है। प्रखंड अध्यक्ष मणीशंकर मिश्रा के नेतृत्व में प्रखंड विकास पदाधिकारी विश्व प्रताप मालवा को ज्ञापन सौंपा है। संघ ने 18, 19 और 20 जुलाई को काली पट्टी बांधकर कार्य करने और 22 जुलाई से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की घोषणा की है। ज्ञापन में कहा गया है कि झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ द्वारा अपनी सेवा शर्तों में सुधार और सेवा स्थायीकरण के लिए लंबे समय से मांग की जा रही है। लेकिन राज्य सरकार द्वारा उनकी मांगों पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। जिससे कर्मचारियों में असंतोष व्याप्त है। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी गईं तो वे 22 जुलाई से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे। जिससे मनरेगा योजनाओं के क्रियान्वयन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने राज्य सरकार से जल्द से जल्द उनकी मांगों को पूरा करने की अपील की है। ज्ञापन देने वालों में मणीशंकर मिश्रा, संजय सिंह, विनोद कुमार, अजीत कुमार गुप्ता, ओमप्रकाश गुप्ता सहित कई अन्य सदस्य हैं। संघ ने कहा है कि उनकी मांगों की अनदेखी होने पर आंदोलन और भी उग्र रूप ले सकता है।

## अंचलाधिकारी से दाखिल खारिज करने की मांग की

नवीन मेल संवाददाता



**हरिहरगंज।** थाना क्षेत्र अंतर्गत भांवर गांव के भुलाईडीह टोला निवासी महंगू यादव व कईल यादव ने बयान जारी कर कहा कि भुलाईडीह में 89 डिसमिल जमीन है। जिसका खाता संख्या 27, प्लॉट 2144 व 2153 है। उन्होंने कहा कि उक्त जमीन में महंगू यादव, कईल यादव, संतोष यादव, ललन यादव, नंदकेसर यादव, अजय कुमार यादव, सुरेश यादव, लालमुनी यादव तथा संतोष यादव का वर्षो से दखल कब्जा है। साथ ही खेत की लगातार जोताई-कोड़ाई करते आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि उक्त जमीन का केवाला भी हो चूका है। बावजूद कुछ लोगों द्वारा जमीन को विवादित बताया जा रहा है। जो बिल्कुल गलत व निराधार है। उक्त लोगों ने हरिहरगंज अंचल पदाधिकारी से शीघ्र दाखिल खारिज करने की मांग की है। साथ ही कहा कि उक्त जमीन का सारा कागजात उनके पास मौजूद है। जमीन की कागजात की मांग करने पर संबंधित पदाधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। उक्त लोगों ने अधिकारियों से जल्द से जल्द दाखिल खारिज (म्यूटेशन) करने की मांग की है।

**मध्यप्रदेश से हुसैनाबाद पहुंची प्रेमिका**

## प्रेमी के घर के बाहर दिया धरना, प्रेमी फरार

### पुलिस प्रशासन के पहल पर समझा बुझाकर उसके घर भेज दिया

**हुसैनाबाद।** मध्य प्रदेश के इटारसी से अपने कथित प्रेमी को खोजते हुए एक महिला हुसैनाबाद प्रखंड के देवरी पहुंच गई। इस दौरान उक्त महिला कथित प्रेमी के घर के बाहर घंटों बैठी रही। सूचना मिलने पर देवरी ओपी पुलिस के हस्तक्षेप के बाद महिला को प्रेमी के घर में रखा गया। इधर प्रेमिका के घर पहुंचने की सूचना मिलने के बाद कथित प्रेमी फरार हो गया। देवरी ओपी पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पलामू के देवरी का निवासी युवक सोनू कुमार कुछ वर्ष पहले नौकरी करने बेंगलुरु गया था। वहां बेंगलुरु में ही सोनू की दोस्ती मध्य प्रदेश के इटारसी की रहने वाली एक शादीशुदा महिला के साथ हुई थी। जो एक बच्चे की मां भी हैं। देखते ही देखते दोनों की दोस्ती प्यार में बदल गई। कुछ दिनों तक बेंगलुरु में नौकरी करने के बाद सोनू पलामू के देवरी स्थित अपने घर लौट आया। 15 जुलाई 2024 को सोनू की शादी हुई है। जब इस बात की जानकारी सोनू की प्रेमिका को मिली तो वह सोनू को ढूंढते हुए देवरी पहुंच गई। मंगलवार की शाम सात बजे के करीब महिला सोनू के घर पर पहुंची थी। महिला सोनू के घर के बाहर रात के करीब एक बजे तक बैठी रही। इसकी जानकारी परिजनों और स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी। जानकारी मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंच गई। पुलिस ने महिला से बातचीत कर मामले की जानकारी ली। महिला ने भी पुलिस को पूरे मामले की जानकारी दी। इसके बाद स्थानीय लोगों के दबाव पर सोनू के परिजन महिला को अपने घर में एक दिन के लिए रखा। इस संबंध में देवरी ओपी प्रभारी बबलू कुमार ने बताया कि महिला अपनी प्रेमी को खोज रही थी। उन्होंने बताया कि महिला एक बच्चे की मां है। बुधवार की सुबह उक्त महिला को पुलिस प्रशासन के पहल पर समझा बुझाकर उसके घर भेज दिया गया है।

## इस्लाम जिंदा होता है हर कर्बला के बाद, या हसन-या हुसैन से गूंजा विश्रामपुर

नवीन मेल संवाददाता

**विश्रामपुर।** नगर परिषद व आंचलिक क्षेत्र में या अली - या हुसैन के सदाओं के बीच बुधवार को मुहर्रम का मातमी जुलुस निकला। जुलूस में शामिल लोग इस्लाम जिंदा होता है हर कर्बला के बाद और कर्बला दूर है..जाना जरूर है का नारा लगा रहे थे। मुहर्रम जुलूस के दौरान या हसन- या हुसैन से पूरा क्षेत्र गूंज गया। विश्रामपुर में जुलुस का शुरूआत बस स्टैंड से हुआ। डांक बंगला परिसर में ताजिया-सिपड़ का मिलान हुआ। इसके बाद जुलूस विश्रामपुर गढ़ होते हुए कर्बला चला गया। यहां के जुलुस में कोशियार, डीहरिया, झगरुआ, पांडेपुर, उरसुला, कविलासी, निमिटाड़ी, विश्रामपुर दर्जी मुहल्ला सहित कई गांवों के जुलूस का मिलान हुआ। जुलूस में शामिल युवको ने हसन-हुसैन की सहादत पर मातम मनाया। जुलूस के दौरान कलाकारों ने कई करतब भी दिखाये। जुलुस को भव्य बनाने में मुहर्रम इंतेजामिया कमेटी ने कोई कोर कसर नहीं छोड़ा था। कमेटी ने जुलुस पूरी तैयारी के साथ परंपरागत तरीके से निकला। प्रखंड मुहर्रम इंतेजामिया कमेटी के पदाधिकारी व सदस्यों ने जुलुस को शांति पूर्ण निकालने में अहम भूमिका अदा की। शांति व्यवस्था कायम रखने में पुलिस निरीक्षक रामाशीष पासवान, थाना प्रभारी सौरभ चौबे सहित कई प्रशासनिक व पुलिस पदाधिकारी की अहम भूमिका रही। मौके पर वरीय कांग्रेसी नेता अमृत शुक्ला, प्रादेशिक कांग्रेसी नेता विजय चौबे, जिला पार्षद विजय रविदास, बसपा नेता गोपाल राम, नप अध्यक्ष प्रतिनिधि नईमुद्दीन अंसारी, वार्ड पार्षद सलीमुदिम अंसारी, अजय कुमार रवि, प्रखंड मुहर्रम इंतजामिया कमिटी के सदर शमशेर आलम, आजम खान,मशीर खलीफा, एकराम अंसारी, विजय कुमार रवि, अनीस अंसारी, संजय उपाध्याय, मुन्ना यादव, प्रवीन सिंह, देव नारायान सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

**आसेहार में निकला मुहर्रम के पहलाम का जुलूस, या हुसैन के नारों से गूंजा पूरा क्षेत्र**

## मिनी मनगढ़ के रूप में आसेहार बाजार को किया जाएगा विकसित : मुखिया

नवीन मेल संवाददाता



**सगालीम।** इमाम-ए-हुसैन की कुबार्नी की याद में मुहर्रम के पहलाम का जुलूस बुधवार को निकाला गया। अपने-अपने क्षेत्र से जुलूस दिन के करीब 11 बजे निकला। सभी जुलूस पांकी के आसेहार बजार पर पहुंचा। जुलूस में देशभक्ति और भाईचारगी की झलक दिखी। कई जुलूस तिरंगे के साथ निकले थे। जुलूस गाजे बाजे के साथ निकाला गया। जुलूस में शामिल लोगो ने कई तरह के नारे लगाते दिखे जैसे हर हुसैनी इस्लाम जिंदा होता है, हर कर्बला के बाद..। कर्बला की अजमत को लाखों सलाम., नाना के लाडले को लाखो सलाम.....। नारे तकबीर, अल्लाह हो अकबर का नारा बुलंद करते रहे। मोहर्रम के इस मातमी जुलूस के दौरान अखाड़ों में लाठी व तलवारों से खेलते दिखे। खेल देख लोग हैरत में थे। निकला जुलूस आकर्षण का केंद्र रहा। आसेहार पंचायत के मुखिया देवसागर राम ने मोहर्रम कमेटी के लोगों को सम्मानित किया। भवरदह इंतजामिया कमेटी को प्रथम, आसेहार इंतजामिया कमेटी को द्वितीय, नवयुवक इंतजामिया कमेटी टेढ़ी टोला को तीसरा और इंतजामिया कमेटी मगहिया को चौथी पुरुस्कार वितरण किया। मौके पर मुखिया देवसागर राम ने कहा कि आसेहार बाजार को मिनी मनगढ़ के तौर पर विकसित किया जाएगा। यहां हमेशा सभी लोग आपसी सौहार्द के साथ त्योहार मनाते हैं। दुर्गा पूजा कमेटी के कौशल किशोर बच्चन समेत कई सदस्यों ने शर्बत - पानी का वितरण किया। मौके पर मुखिया देवसागर राम, उप मुखिया अमित शर्मा, अखिलेश कुमार, नवीन कुमार, गणेश प्रजापति, मो. हसीबुदीन अंसारी, मो. ताजुदीन अंसारी, मो. अकराम अंसारी, मो. युनुस अंसारी, मो. कलाम अंसारी, मो. आलमताब अंसारी, मो. अनवर मियां, मो. अख्तर अंसारी, मो. आबिद अंसारी समेत कई लोग मौजूद थे।

### जिला परिषद प्रतिनिधि ने मोहर्रम पर गांवों का किया दौरा

**मोहम्मदगंज।** जिला परिषद प्रतिनिधि एवं युवा समाजसेवी अश्विनी कुमार सिंह ने मोहर्रम के अवसर पर मोहम्मदगंज प्रखंड के विभिन्न गांवों का दौरा किया। जिसमें मोहम्मदगंज, भजनिया, गोराडीह, सबनवा, कोसियारा, तारा, कोल्हुआ, सोनबरसा और बटौवा सहित अन्य गांव शामिल हैं। उन्होंने वहां के लोगों को पर्व की शुभकामनाएं दीं और समुदाय के विभिन्न वर्गों से मुलाकात कर पर्व के महत्व पर चर्चा की। अश्विनी कुमार सिंह ने बताया कि मोहर्रम इस्लामिक कैलेंडर का पहला महीना है। जिसे हजरत इमाम हुसैन और उनके साथियों की शहादत की याद में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि यह पर्व शांति, संयम और सहिष्णुता का संदेश देता है। उन्होंने लोगों से आपसी भाईचारा और सद्भाव बनाए रखने की अपील की और कहा कि धार्मिक पर्व एकता और समर्पण का प्रेरणा स्रोत होते हैं। स्थानीय निवासियों से बातचीत के दौरान उन्होंने उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं के बारे में जानकारी ली और हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। इस अवसर पर अश्विनी कुमार सिंह ने कहा मोहर्रम का यह पर्व हमें सच्चाई और न्याय के लिए अपने जीवन को समर्पित करने की प्रेरणा देता है।

## नहाने के क्रम में तालाब में डूबा किशोर



**मेदिनीनगर।** लातेहार प्रखंड के बरवाडीह के छेंचा गांव के दिलीप भुइयां का 8 वर्षीय पुत्र चन्दन अपने दोस्तों के साथ तालाब में नहाने गया था जहां गहरे पानी में अचानक वह डूबने लगा। चंदन को डूबता देख वहां उपस्थित लड़कों ने शोर मचाना शुरू किया। शोर की आवाज सुनने के बाद बगल में भैंस चरा रहे एक व्यक्ति ने तालाब में कूद कर उसकी जान बचाई। तालाब में डूबने के क्रम में काफी पानी पी लेने के कारण उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। बरवाडीह प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। वहां उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे एमएमसीएच रेफर कर दिया। घटना के संबंध में चंदन की बुआ सुनीता देवी ने बताया कि उसके भाई व भाभी धान की रोपाई के लिए डिहरी गए हैं। जाने के पूर्व चंदन को उसके घर हुंटार छोड़ गए थे। चंदन अपने दोस्तों के साथ खेल रहा था। खेलते-खेलते तालाब में नहाने चला गया। वहां वह गहरे पानी में जाकर डूबने लगा। अगर चरवाहे ने उसे नहीं बचाया होता तो अनहोनी हो सकती थी।

# दोस्ती कर बाइक दिलाने के बहाने 96 हजार की ठगी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** दोस्ती कर सब्सिडी से बाइक दिलाने के बहाने एक युवक से 96 हजार रुपए ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में नौ जुलाई को लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के जामुनडीह-फुलांग के चंदन कुमार पिता नथुनी राम ने प्राथमिकी दर्ज करने के लिए लातेहार थाना में आवेदन दिया है। इस मामले में लातेहार थाना में करकट वार्ड नंबर एक के निवासी राहुल कुमार पिता ईश्वरी साव को आरोपी बनाया है। आठ दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस की ओर से इस संबंध में कोई कार्रवाई नहीं की गयी है। इस बीच आरोपी युवक का मोबाइल लगातार बंद आ रहा है। पीड़ित चंदन कुमार ने लातेहार पुलिस ने पैसे की रिकवरी के लिए गुहार लगायी है। चंदन के अनुसार रतन लाल मोटरसाइकिल शोरूम में काम करते हुए राहुल से उसकी पहचान हुई थी। राहुल यहां से काम छोड़ने के बाद बताया था कि झारखंड किसान सेवा केन्द्र में फाइनेंसर का काम करते हैं और 20 से 30 प्रतिशत सब्सिडी पर मोटरसाइकिल दिलवाते हैं। सब्सिडी की राशि झारखंड सरकार कंपनी को देती है। राहुल ने चंदन को झांसे में लेते हुए कहा कि अगर उसे बाइक लेनी हो तो वह सब्सिडी पर दिलवा सकता है। झांसे में लेकर राहुल ने चंदन से राइडर बाइक दिलाने के बहाने चार




जुलाई को 50 हजार रुपए व सात जुलाई को 46 हजार रुपए ऑनलाइन भुगतान कराया। इस क्रम में आठ जुलाई को तरहसी के मोटरसाइकिल शोरूम से चंदन को फोन आया कि दो हजार रूपए एडवांस करके राइडर बाइक बुक की गयी है। आठ जुलाई को शेष राशि देकर शोरूम से बाइक ले जाइए। चंदन का कहना है कि उसकी बहन के तिलक में बाइक देने के लिए उसने राहुल को ऑनलाइन 96 हजार भुगतान किए, लेकिन समय पर मोटरसाइकिल नहीं मिली तो उसे अपनी बाइक बंधक रखकर उसके पैसे से नई मोटरसाइकिल फाइनेंस करानी पड़ी। बाद में गांव से कर्ज लेकर बंधक रखी गयी बाइक छुड़ाई। लगातार राहुल से उसके मोबाइल पर संपर्क किया जा रहा है, लेकिन सेल फोन ऑफ बता रहा है। उसके घर लातेहार जाने पर उसके पिता द्वारा 6 जुलाई की तिथि में राहुल को संपत्ति से बेदखल करने का दस्तावेज दिखाया गया। ऐसे में चंदन पूरी तरह से फंसकर रह गया है।

## एक नजर

### मुहर्रम पर निकला जुलूस, कलाकारों ने दिखाए हैरतअंगेज करतब

**मेदिनीनगर।** लेस्लीगंज थाना क्षेत्र में हजरत इमाम हुसैन व उनके 72 जानिसारों की शहादत की याद में मनाए जानेवाले मुहर्रम को लेकर 9 मोहर्रम को मुस्लिम समुदाय द्वारा शांति एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में जुलूस निकाला गया। जुलूस में अखाड़ेदारों द्वारा हैरतंगेज खेल का प्रदर्शन किया गया। प्रखंड मुख्यालय सहित आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी जुलूस निकाला गया। मुहर्रम इंतेजामिया कमेटी,इराकिया कमेटी वा आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों से आए हुए कमेटी ने ढोल नगाड़ों के बीच जुलूस निकाला। जुलूस में अखाड़े के खिलाड़ियों द्वारा हैरतअंगेज खेल का प्रदर्शन किया गया। जुलूस मुस्लिम नगर से शुरू होकर, इराकिया मोहल्ला,लेस्लीगंज मेन रोड, थाना गांधी चौक,अंत में पचम्मा पहुंच कर जुलूस का समापन हुआ। मुस्लिम मान्यताओं के हिसाब से मुहर्रम गम का महीना है। इस महीने में पैगंबर हजरत मोहम्मद के नवासे हजरत इमाम हुसैन अपने 72 साथियों के साथ शहीद हो गए थे। इसलिए इस महीने में गम मनाया जाता है। मुहर्रम का चांद जैसे ही नजर आता है, अजादार अपने इमाम के गम में गमजदा हो जाते हैं। उनकी शहादत की याद में मुहर्रम पर ताजिया निकाला जाता है। यह ताजिया पैगंबर मोहम्मद के नवासे हजरत इमाम हुसैन और हजरत इमाम हसन के मकबरों का प्रतिरूप होते हैं।

### शहर के विभिन्न जगहों से निकला मुहर्रम जुलूस

# इस्लाम जिंदा होता है हर कर्बला के बाद



**नवीन मेल संवाददाता**

मेदिनीनगर। मुहर्रम की दसवीं पर पलामू जिले में बुधवार को पहलाम का जुलूस निकाला गया। जिला मुख्यालय मेदिनीनगर में जुलूस पहाड़ी मुहल्ला स्थित कर्बला के मैदान से शुरू हुआ और उसके बाद शाह मुहल्ला, कन्नी राम चौक, सत्तार सेठ चौक, विष्णु मंदिर रोड, दाल पट्टी, घड़ा पट्टी, जैन मंदिर रोड, पंचमुहान होते हुए छहमुहान पहुंचा। पुनः छहमुहान से चलकर महिंद्रा आर्केड रोड, शिवाला घाट होते हुए बम पटाखा मोड़, घास पट्टी, शाह मुहल्ला होते हुए पहाड़ी मुहल्ला स्थित कर्बला के मैदान में पहुंचकर संपन्न हो गया। इस क्रम में निकाले गए आकर्षक ताजिए को देखने के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। अलग-अलग कमेटियों के द्वारा एक से बढ़कर एक ताजिए का निर्माण किया गया। अलग-अलग प्रारूप पर बने ताजिए काफी आकर्षक लग रहे थे। जुलूस के क्रम में गोल जमाकर खिलाड़ियों ने लाठी, तलवार, भाला से अपने कौशल का परिचय दिया। हैरत अंगेज करतब दिखाए। इस तरह का करतब देखने के लिए मुस्लिम समाज के महिला-पुरुष और बच्चे बड़ी संख्या में शामिल हुए। जुलूस का नेतृत्व मुहर्रम इंतेजामिया कमेटी के जेनरल खलीफा जीशान खान ने किया। उनके साथ जुलूस में अंजुमन इसलाहुल मस्लिमिन के पलामू सदर मुस्तफा कमाल, असगर हुसैन, मो. नेयाजु, सन्नु सिद्दीकी, इमाम राइन, मुन्ना खान, मासूम अंसारी, पिंटू राइन, राशिद बक्शी, सोनू खान, बंटी राइन, राजन, रौशन रिजवान, अनवर अंसारी, जफर महबूब, तौसिफ कमर, फरदीन आलम, तामसू खान, तालिब खान आदि सक्रिय थे। जुलूस में कर्बला हुसैन कमेटी पहाड़ी मुहल्ला, नूरे हुसैन हुसैन नगर पहाड़ी मुहल्ला, इब्ने अली हुसैन पहाड़ी मुहल्ला, इस्लामिया नौजवान हवारी कमेटी धोबी मुहल्ला, अहले सुन्नत मदीना कुंड मुहल्ला, शहीदे हुसैन कमेटी कुंड मुहल्ला समेत अन्य शामिल थे।

### अधर्म व बुराइयों के आगे सिर न झुके यह पैगाम है मुहर्रम : त्रिपाठी

**मेदिनीनगर।** मानवता व इंसानियत की राह पर चलना सिखाता है मुहर्रम। अधर्म व बुराइयों के आगे सिर न झुके यह पैगाम देता है मुहर्रम। ये बातें पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने कही। वह बुधवार को जिले के चैनपुर प्रखंड के नेउरा में दसवीं मुहर्रम के जुलूस को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हजरत अली के दोनों लाल इमाम हसन, इमाम हुसैन, धर्म की रक्षा के खातिर अपने प्राणों का बलिदान देना उचित समझा, लेकिन अधार्मिक कातिल यजीद के सामने सिर झुकाया नहीं। चैनपुर मुख्य चौक पर मुहर्रम इंतजामिया कमेटी की ओर से चैनपुर रामनवमी कमेटी के अध्यक्ष व सदस्यों को पगड़ी पोशी कर हिंदू-मुस्लिम एकता बनाए रखने का संकल्प लिया। मौके पर चैनपुर के मुहर्रम इंतेजामिया में कमेटी के जेनरल खलीफा आमिर अफजल खान, चैनपुर रामनवमी के जेनरल अध्यक्ष चंदू गुप्ता ने एक दूसरे को पगड़ीपोशी कर माल्यार्पण कर सम्मानित किया। अतिथि के रूप में मौजूद मेदिनीनगर नगर निगम की पूर्व महापौर अरुणा शंकर, समाजसेवी दिलीप सिंह नामधारी को भी कमेटी ने सम्मानित किया। विभिन्न कमेटियों ने पारंपरिक लाठी-डंडा, तलवार के साथ जुलूस निकाला। अपने-अपने क्षेत्र के मिलान पर एकत्रित होकर पारंपरिक अस्त्र-शस्त्र के साथ प्रदर्शन किया। प्रखंड के शाहपुर, चैनपुर, नेउरा, चांदो, सेमरा, बंदुआ सहित विभिन्न जगहों पर जुलूस निकाला गया।

### मानवता की राह में कुबार्नी सिखाता मुहर्रम : दीपक

सदर थाना प्रभारी और दीपक तिवारी ने किया गोल का शुभारंभ, समाज को सुरक्षित रखने के लिए दिया भाईचारा का संदेश। सच्चाई, इंसानियत और मानवता को जिंदा रखने में हुई शहादत के मर्म को मुहर्रम सिखलाता है। इसी दिन इस्लाम धर्मावलंबियों का अटूट आस्था का समागम देखने को मिलता है। हम समरसता, सद्भाव, एकता का मिसाल पेश कर वैमनस्यता को छोड़ अमन में भाईचारगी का संदेश फैलाएं। ये बातें कही झामुमो नेता सह सेवादार दीपक तिवारी ने, जब चियांकी में मुहर्रम पर निकली जुलूस में मुख्य अतिथि सदर थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय के साथ सम्मिलित हुए। इस दौरान गदका खेलकर दोनों अतिथियों ने गोल का शुभारंभ किया। सदर प्रखंड अंतर्गत राष्ट्रीय उच्च पथ स्थित चियांकी मोड़ पर सैकड़ों की संख्या में इस्लाम धर्मावलंबियों ने जमकर प्रदर्शन किया। जिसकी निगेहबानी सिर्फ पुलिस की ही नहीं हर नागरिक का कर्तव्य है। मुहम्मद पैगम्बर साहब की कुबार्नी को याद कर मानवता को कायम करना ही मुहर्रम का त्योहार का महत्ता बढ़ाएगा। सदर थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय, झामुमो नेता दीपक तिवारी, व्यवसाई चंद्रशेखर मेहता, दक्ष तिवारी भ्रमण कर सदर प्रखंड के कई मुहर्रम कमिटी के कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। मौके पर पूर्व जिला परिषद सदस्य अर्जुन सिंह, समाजसेवी राजेंद्र पाण्डेय, मनीष तिवारी रिंकू, महताब खान, मुहर्रम कमिटी के सदर परवेज अख्तर, सचिव असीम अंसारी, सद्दाम हुसैन, गिरिवर सिंह चेरो, कृष्णा गुप्ता, नरेश राम, कोदू राम, विनोद राम, समीर तिग्गा, धिरू उरांव, सुनील उरांव, चिंटू लाल, मुकेश गुप्ता समेत कई मौजूद।

## न्यूज बॉक्स

### तंजीमुल अंसारी कमेटी ने पगड़ीपोशी की




**मेदिनीनगर।** तंजीमुल अंसार कमेटी ने मुहर्रम के मौके पर शहर के छहमुहान पर सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम के अंतर्गत मुहर्रम जुलूस में शामिल लोगों को सुविधा के लिए पेयजल व शिरनी का वितरण किया गया। स्वास्थ्य विभाग ने पंडाल में आपातकालीन चिकित्सा उपचार केंद्र उपलब्ध कराया गया था। वहां अस्पताल प्रशासन द्वारा प्रतिनियुक्ति डॉक्टर, पैरामेडिकल स्टाफ इमरजेंसी दवा, मरहम पट्टी, एंबुलेंस की सुविधा उपलब्ध कराई गई थी। कमेटी द्वारा शहर के धनवान लोगों को पगड़ी पोशी कर उन्हें सम्मानित किया गया। तंजीम के सदर अशफाक अहमद ने आगंतुकों का स्वागत किया व पगड़ीपोशी भी की। कार्यक्रम में पूर्व विधायक सह मंत्री केएन त्रिपाठी, नगर पालिका के पूर्व उपाध्यक्ष मनोज सिंह, शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार, त्रिलोकी राम, इश्तयाक अंसारी, पूर्व जनरल मुहर्रम कमेटी कमरुद्दीन अंसारी खनवा की पगड़ीपोसी की गई। कार्यक्रम में तंजीम के सदर अशफाक अहमद, सचिव नसीम अहमद, सरपरस्त जियाउद्दीन अंसारी, खजांची सिराज अंसारी, हाजी मोबीन, अली हाजी, नूर अजीज, हाजी महबूब, आलम नूरी, मोहम्मद अब्दुल, हमीद मास्टर, जलाल अंसारी, इम्तियाज अहमद नजमी, निजाम अंसारी, महताब आलम, आसिफ नायर, अब्दुल फतह, मंजूर अली, हाजी शफी, अहमद युसूफ अंसारी, हाजी ग्यासुद्दीन अजीज, फरीदुद्दीन अजीज, अखलाक अहमद, सलीम अंसारी, एजाज सत्तार अंसारी, जिलानी मुस्ताक, अहमद मोहम्मद, इम्तियाज अंसारी थे।

### बस फूंकने वाले असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई करे पुलिस: ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन

**मेदिनीनगर।** जिले के लेस्लीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत डालटनगंज-पांकी मुख्य पथ पर कुंदरी हादसे में बस फूंकने व चालक की पिटायी करने वाले असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई करने की मांग पलामू जिला ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन ने की है। एसोसिएशन के अध्यक्ष रूद्र प्रताप सिंह ने बुधवार को प्रेस को जारी बयान में कहा कि डालटनगंज से पांकी जाने के क्रम में जेपीएस यात्री बस कुंदरी में दुर्घटनाग्रस्त हो गयी, जिसमें कुछ यात्रियों की मौत हो गयी। ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन इस पर गहरा दुख व्यक्त करता है। इस दुःखद घटना के लिए एसोसिएशन शोक संतप्त है। रूद्र प्रताप ने कहा है कि दुख की इस घड़ी में कुछ असमाजिक तत्वों द्वारा जेपीएस यात्री बस को जबरदस्ती पकड़कर आग के हवाले कर दिया गया। चालक को पीट पीटकर अधमरा कर दिया गया। चालक अपनी किस्मत से लड़ते हुए अस्पताल में दिन गिन रहा है। उन्होंने कहा कि पलामू समेत अन्य जगहों पर दुर्घटनाएं तो आए दिन सड़क पर होती रहती है। परंतु ऐसे असमाजिक तत्वों द्वारा किए गए जघन्य अपराध के लिए प्रशासनिक कार्रवाई होनी चाहिए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटना की पुनरावृति नहीं हो। कुंदरी बस स्टैंड में 15 जुलाई सोमवार दोपहर दो बजे एक यात्री बस व टेंपो में जोरदार टक्कर हो गयी थी। टक्कर के क्रम में टेंपो सवार एक युवक बस में फंस गया था। बस उसे घसीटते हुए एक किलोमीटर दूर तक ले गयी थी। इस क्रम में युवक का शव क्षत विक्षत हो गया था। भागने के क्रम में बस वन विभाग के चेकनाका को भी तोड़ डाली थी। घटना के बाद गुस्सायी भीड़ ने जहां बस में आग लगा दी थी, वहीं उसके चालक को पीट पीटकर अधमरा कर दिया था। इस घटना में सोमवार देर रात गंभीर रूप से जख्मी ऑटो सवार लोइंगा पाटन के विजय भुइयां ने एमआरएमसीएच में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। इस तरह उपरोक्त हादसे में ऑटो सवार दो यात्रियों की अबतक मौत हो गयी है। बस चालक समेत दो का इलाज किया जा रहा है। चालक और एक महिला यात्री को रांची रिम्स भेजा गया है।

### आपसी सौहार्द का पैगाम देता है मुहर्रम का पर्व : मुखिया

हरिहरगंज। पिपरा प्रखंड अंतर्गत सरैया पंचायत में बुधवार को पैगंबर ए इस्लाम के नवासे हजरत इमाम हुसैन की याद में मुहर्रम पर ताजियों का जुलूस निकाला गया। प्रियंका कुमारी ने कहा कि मुहर्रम का पर्व आपसी भाईचारे का पैगाम देता है। इस दौरान दोनों समुदाय के लोगों ने जुलूस में साथ मिलकर मोहर्रम का ताजिया उठाया। और हिंदू मुस्लिम एकता का मिसाल कायम किया। जुलूस में पंचायत के मुखिया प्रियंका कुमारी के अलावे, थाना प्रभारी बिमल कुमार, एसआई नकूल कुमार, समाजसेवी विकास तिवारी, नेसार अंसारी, कयामुद्दीन अंसारी, बदरूदीन साईं, जाहिर अंसारी, प्रफुल पाठक, पंकज सिंह, बबलू सिंह, दिनेश सिंह, जितेंद्र पाठक, रंजन सिंह, इबरार अंसारी समेत सैकड़ो की संख्या में दोनों समुदाय के लोग शामिल थे।

## शहीदान-ए-कर्बला की याद में मुहर्रम शांतिपूर्ण तरीके से मना

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मुहर्रम के मौके पर पोलपोल बड़का पथर चौक के पास मुस्लिम समुदाय के लोगों ने मजिस्ट्रेट राजीव रंजन, सतबरवा थाना के एसआई गणेश मुंडा, सरजा मुखिया पति आनंद कुमार, पोलपोल मुखिया पति व शिक्षक भरदुल सिंह,अधिवक्ता संतोष कुमार पांडेय आदि लोगों को पगड़ी बांधकर सम्मानित किया। बुधवार को पहलाम के साथ मोहर्रम संपन्न हो गया। मौके पर फतेह निशान, सिपर, ताजिए का आकर्षक प्रदर्शन के साथ आपसी सदभाव का नजारा पेश किया गया। बड़ी संख्या में लोगों ने पूरी अकीदत के साथ पारंपरिक ढंग से मुहर्रम जुलूस निकाला। साथ ही यादें शहीदान-ए-कर्बला में फातेहा नजर किए। मर्सिया पढ़ा। पोलपोल, सरजा व विभिन्न मोहल्लों व आसपास के गांवों के अखाड़ों, ताजियों व सिपर भ्रमण का सिलसिला बुधवार को दिन के करीब 2 बजे से शुरू हुआ जो दिन भर चला। इसमें हुजूम उमड़ पड़ा। बड़का पथर के पास का अखाड़ा मिलन विशेष आकर्षण का केंद्र बना रहा। ताजिया व अखाड़ों के भ्रमण व प्रदर्शन से पोलपोल व आसपास का क्षेत्र पूरी तरह मुहर्रममय हो गया। अखाड़ियों ने फन-ए-सिपाहगिरी व पारंपरिक अस्त्र-शस्त्रों के साथ करतब दिखाए। पुलिस ने भी जगह-जगह व्यवस्था बनाने में पूरा सहयोग किया। सैकड़ो की संख्या में लोग कर्बला पहुंचकर फातेहा नजर करा रहे हैं। इनमें ज्यादा संख्या महिलाओं की रही। मौके पर डॉ. शमीम अंसारी,इम्तियाज अंसारी, अजीज अंसारी, आफताब अंसारी, शहजाद अंसारी, सद्दाम हुसैन,ललित कुमार सिंह,, विपिन सिंह, प्रभु राम, अखिलेश सिंह महेंद्र सिंह, धर्मराज सिंह, बसंत राम समेत सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

## गृहणी के साथ जीवन जीना ही गृहस्थ जीवन है: जीयर स्वामी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सिंगरा अमानत नदी तट पर जीयर स्वामी ने भगवत कथा के दौरान कहा कि गृहस्थ आश्रम में बतलाया गया है कि बिना पुत्र के गति, कल्याण, मंगल नहीं होता है। इससे धार्मिक व्यक्ति भी कभी-कभी विचलित हो जाता है। पुत्र का मतलब होता क्या है। प नाम के नर्क से जो उद्धार करा दे उसी का नाम पुत्र है। गृहस्थ किसे कहते हैं। गृहणी गृहम उच्यते वैदिक परंपरा अनुसार शादी-विवाह हुआ हो, गृहणी से संपन्न होकर जो जीवन यापन करता हो, उसे गृहस्थ कहा जाता है। मनुष्य की पहचान क्या है और सज्जन पुरुष किसे कहते हैं, सज्जन पुरुष की पहचान क्या होती है। उन्होंने कहा कि आपसे अधिक अगर कोई गुणवान व्यक्ति



हो तो उसके गुण की प्रसंशा, उसके गुण का आदर कीजिये। आपसे अगर कोई कम गुण वाला व्यक्ति हो तो उसको सत्पथ पर लगाने का प्रयास कीजिये। अगर अज्ञानी व्यक्ति है, नासमझ व्यक्ति हैं तो उसको समझा बुझाकर अच्छे मार्गों पर लगाइए। यह मनुष्य की पहचान है। अगर आपसे गुणवान हो तो उसके प्रति आदर भाव रखिये और आपसे कम गुण वाला व्यक्ति हो तो उससे मैत्री किजिए, प्रेम कीजिए। जो गुण से हीन व्यक्ति हो उसको पुनः सत्पथ पर लाने के लिए उसे प्रेरणा दीजिए। जीवन में कितना भी आपत्ति-विपत्ति, संकट-समस्या आती हो धैर्य बनाए रखना चाहिए। विचलित नहीं होना चाहिये। बड़े आदमी के पास अगर धन-सम्पति, मान-सम्मान, ऐश्वर्य-वैभव, पद-प्रतिष्ठा हो जाए तो उसे सहज हो जाना चाहिये। उन्होंने कहा कि आपके कृति से लोग जान जायेंगे। सज्जन आदमी की वाणी समाज को शान्ति, समन्वय, समरसता, सहुणता उत्पन्न करने वाला होना चाहिये। अच्छे कार्यों के संकल्प से कभी पीछे नहीं रहना चाहिये। यहीं सज्जन पुरुष की पहचान है।

### छह दिवसीय आयुर्वेद चिकित्सा शिविर आज से

**हरिहरगंज।** हरिहरगंज से सटे टंडवा रोड़ महाराजगंज में दिव्या फाउंडेशन ट्रस्ट के तत्वावधान में 18 से 24 जुलाई तक 6 दिवसीय आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है। ट्रस्ट के व्यवस्थापक एमडी डॉ. संजय कुमार ने बताया कि शिविर में वैध दिनेश कर्मयोगी दीप द्वारा विभिन्न बीमारियों का इलाज किया जाएगा। शिविर में रोगियों की जांच कर उचित परामर्श भी दिया जाएगा। शिविर में लीवर, किडनी, घुटना दर्द, अल्सर, बवासीर, अपेंडिक्स, थायराइड, ब्लड प्रेशर, शुगर, निः संतान, चर्म रोग, आंख एवं कान का दर्द, बहना, पर्दे में छिद्र शहीद कई बीमारियों का इलाज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि गरीब मरीजों का निःशुल्क इलाज भी किया जाएगा।

लापरवाही

### भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष ने मंत्री, सांसद को लिखा पत्र

# शहर में पांच दिनों से हो रही गंदे पानी की आपूर्ति

**▶▶ विभाग द्वारा चूना, फिटकरी, ब्लीचिंग पाउडर पानी आपूर्ति में नहीं डाला जा रहा है**

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** शहर में पिछले पांच दिनों से गंदे पानी की आपूर्ति हो रहा है। गंदा पानी की आपूर्ति होने शहरवासियों में पेयजल स्वच्छता विभाग व नगर निगम के प्रति आक्रोश व्याप्त है। बता दें कि पानी की आपूर्ति इतना अधिक गंदा है कि पीने लायक तो दूर की बात नहाने व कपड़ा धोने लायक भी नहीं है। इस सिलसिल में भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष परशुराम तिवारी ने बेलवाटिका स्थित पंपूकल से पिछले पांच दिनों से गंदा पानी की आपूर्ति होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए इसे मानव स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ बताया है। उन्होंने की जब वह स्वयं सुबह 7:30 बजे पंपूकल गए तब वहां पर ताला बंद था। पानी आपूर्ति हो रहा था, लेकिन वहां पर कोई सामान नहीं था। आपूर्ति होने वाले पानी में कोई केमिकल नहीं डाला गया था। हौदा में लाल पानी शहरवासियों को पीने के लिए भेजा जा रहा था। वहां पर फिटकरी बहुत कम मात्रा में बचा हुआ था। पीएचईडी विभाग पानी आपूर्ति सीधे कर दिया गया है। उस समय नदी में पानी साफ था, दूसरे दिन नदी में बरसात होने के कारण पानी गंदा हो गया। इससे गंदा पानी हौदा में जाने लगा। तीन चार दिनों से गंदा पानी शहरवासियों को आपूर्ति किया जा रहा है। लेकिन पीएचईडी के कार्यपालक अभियंता को कोई फर्क नहीं पड़ता हैं। नगर आयुक्त को व्हाट्सएप के माध्यम से जानकारी दिया गया। उन्होंने नगर निगम के लोगों को पंपूकल बेलवाटिका भेजा गया। जो जाम था उस उसमें पंप लगाकर पानी को निकाला गया। आधा घंटा में पानी निकाल दिया गया। इसके बाद बालू निकालने का काम शुरू हुआ। कुछ ही देर में बालू भी निकल गया था। उन्होंने कहा कि बड़ा होदा से पानी बैक आने लगा और जो जाम था वह खुल गया। फिर नदी से लिफ्ट करने के लिए मोटर चलाया गया। हौदा में पानी आने लगा, लेकिन विभाग द्वारा चूना, फिटकरी, ब्लीचिंग पाउडर पानी आपूर्ति में नहीं डाला जा रहा है। एक बार पानी खराब होने के बाद साफ होने में समय लगता है। पहले का पानी आपूर्ति हौदा में कितना साफ दिखाई दे रहा है। आज के तारीख का हौदा में पानी का रंग देखा सकता हैं। अगर इस पर रोक नहीं लगाया गया तो सही पानी आपूर्ति नहीं किया गया। स्वास्थ्य के साथ विभाग खिलवाड़ किया जा रहा है। अधिकतर लोग इस पानी को पीने का काम में लेते हैं।

### विभाग के दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग

भाजपा के पूर्व जिल अध्यक्ष परशुराम ओझा ने इस संबंध में पेयजल स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर, सांसद वीडी राम, उपायुक्त शशि रंजन से पूरे मामले में स्वतः संज्ञान लेकर लापरवारह पीएचईडी विभाग के दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की है। साथ पंपूकल की कई तस्वीरों को वाट्एसएप के पर उपायुक्त को भेज कर पूरे सच्चाई से अवगत कराया है।

## आवश्यकता है

1994 से प्रकाशित आइपीआरडी और डीएवीपी से मान्यताप्राप्त प्रतिष्ठित **'दैनिक राष्ट्रीय नवीन मेल'** को अपने रांची और डाल्टनगंज संस्करण के लिए उत्साही और ऊर्जावान रिपोर्टर, मार्केटिंग कार्यकारी और प्रखंड स्तर से लेकर ब्यूरो स्तर के रिपोर्टर की आवश्यकता है। ससमय उचित पारिश्रमिक और अन्य सुविधाएं। शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, स्थान और मानदेय की मांग के विवरण के साथ शीघ्रातिशीघ्र आवेदन करें। पत्राचार पूर्णतः गोपनीय रहेगा। hr.rnmail@gmail.com या प्रधान संपादक **'राष्ट्रीय नवीन मेल'** ,502 बी,मंगलमूर्ति हाइट्स, विशाल मेगामार्ट के पास हरमू रोड रांची 834001 (झारखंड)



मुहर्रम के मातमी जुलूस में शामिल लोग व करतब दिखाते कलाकार

# जो लोग समाज के विभेद पैदा करते हैं वे न तो हिंदू हैं, न मुसलमान, वे हैं शैतान : मिथिलेश ठाकुर

### मुहर्रम से अन्याय के विरूद्ध लड़ने की प्रेरणा मिलती है

### मुहर्रम पर विभिन्न गांवों में आयोजित कार्यक्रम में मंत्री हुए शामिल





**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**
मुहर्रम के मौके पर बुधवार को जिले के विभिन्न क्षेत्रों में कार्यक्रम आयोजित की गई। विभिन्न गांवों में आयोजित कार्यक्रम में गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर शामिल हुए। मुहर्रम इंतजामिया कमिटी की ओर से आयोजित कार्यक्रम ग्राम दरमी, सिदे, कादरी नगर चमरही, संग्रहे खुर्द, कल्याणपुर, छतरपुर, चरका पत्थर मेराल, बीरबंधा तथा जिला मुख्यालय स्थित कर्बला के मैदान में आयोजित कार्यक्रम में मंत्री श्री ठाकुर शामिल हुए। इस दौरान कमिटी के लोगों ने मंत्री श्री ठाकुर का भव्य स्वागत किया। कमिटी के लोगों ने माला पहनाकर, शॉल ओढ़ाकर, तलवार देकर एवं तीर-धनुष प्रदान कर मंत्री को सम्मानित किया। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि मुहर्रम महीने का हर दिन मुस्लिम समुदाय के लोगों के लिए अहम होता है। इस महीने का 10वां दिन बहुत ही खास माना जाता है। इसी दिन हजरत इमाम हुसैन की शहादत हुई थी। मुस्लिम समुदाय मुहर्रम को गम के रूप में मनाते हैं। उन्होंने कहा कि इमाम हुसैन साहब ने अन्याय, बुराई के विरूद्ध घुटने नहीं टेके। बड़ी से बड़ी ताकतों के आगे वे झुके नहीं। यदि वे हार मान जाते या समझौता कर लेते तो आज इस्लाम का वजूद नहीं रहता। अपने हक अधिकार के लिए हमें बड़ी से बड़ी ताकतों के आगे झुकना नहीं चाहिए। बल्कि आगे बढ़कर अपना हक अधिकार लेना चाहिए। मंत्री ने कहा कि जो लोग समाज को कमजोर करते हैं, अधर्म के रास्ते पर ले जाते हैं, समाज में विभेद पैदा करते हैं वैसी ताकतों से डटकर मुकाबला करना चाहिए।

## हमे हमेशा हक के रास्ते पर चलना चाहिये : मौलाना गुलाम साबिर



**श्री बंशीधर नगर।** नगर पंचायत क्षेत्र के चेचरिया (बगैयाटाड़) स्थित माउंट हीरा ऑगेनाइजेशन के तत्वाधान में मंगलवार की शाम शोहदा -ए -कर्बला कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया मध्य प्रदेश बैढ़न से आये मौलाना गुलाम साबिर ने कहा कि अपने ईमान, इस्लाम धर्म और इंसानियत के लिए जान न्योछावर करने वाले हजरत इमाम हुसैन कयामत तक लोगों के दिलों में याद किये जायेंगे। उन्होंने कहा कि हमे हमेशा हक के रास्ते पर चलना चाहिये और हमे हमेशा इल्म हासिल करते रहना चाहिये। मौलाना एजाज अंजुम ने मुल्क में अमन चैन व तरक्की की दुआ मांगी कार्यक्रम के अंत में सलातो सलाम पढ़कर समापन किया गया।

## जूलूस में उमड़ी मुस्लिम धर्मावलंबियों की भारी भीड़



**बड़गड़ ।** प्रखंड मुख्यालय बड़गड़ सहित इसके आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों में मुहर्रम का त्यौहार सम्पन्न हो गया। इस मौके पर बुधवार को निकाले गए मुख्य जूलूस में मुस्लिम धर्मावलंबियों के लोग काफी संख्या में शामिल हुए। मुख्य जूलूस प्रखंड के उगरा गांव से निकाला गया। उगरा व महुआटीकर के ताजिया जुलूस का मिलान बड़बड़ बैंक मोड़ पर हुआ। जहां अखाड़े में कलाकारों ने शस्त्र का प्रदर्शन कर विभिन्न प्रकार के कलाबाजी दिखाएं। इसके पश्चात कालाखजुरी आम बगीचे में टेहरी एवं परसवार से आए ताजिया एवं निशान का मिलन सभी अखाड़ो से एक साथ कराया गया। मोहर्रम त्यौहार पर विभिन्न गांवों से निकलने वाले जूलूस को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने में बड़गड़ सदर अजीज अंसारी, बिस्मिल्लाह अंसारी, इकबाल अंसारी, नुरुल हक, आरीफ अंसारी, फीदा हुसैन, रजाक अंसारी, रेयाज अंसारी, अमानत अंसारी, जहीर आलम, महमुद अहमद, अफसार आलम, शमीम अहमद, अयुब हक आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस मौके पर शांति व्यवस्था की कमान दंडाधिकारी के रूप में जेई उपेन्द्र कुमार रवि, पिकेट प्रभारी विजय शंकर राय दल-बल के साथ तैनात देखें गए।

## मुहर्रम जुलूस के साथ निकला गई ताजिया

**नवीन मेल संवाददाता। डंडाई**
प्रखंड में बुधवार को संपन्न हुआ मुहर्रम का पर्व। हसन और हुसैन की याद में मुस्लिम समुदाय के द्वारा मनाया गया। उक्त पर्व के अवसर पर जहां एक से बढ़कर एक ताजिया का निर्माण किया गया। वहीं उनके द्वारा रंग विरंग के आकर्षक डिजाइनों में घोड़े का भी निर्माण किया गया । क्षेत्र के डंडाई, रारो, लवाही, बेला झगड़ा गयाडीह इत्यादि गांवों में निर्मित सभी तरह के ताजियां को बुधवार देर शाम डंडाई लवाही सिवान स्थित मिलनी स्थल पर आपस में मिलान कराया गया । रारो पंचायत के लोगों के द्वारा बनाया गया गोल्डन रंग का ताजमहल के आकार की ताजिया खूब खूबसूरती बटोरा । मिलनी स्थल पर पहुंचे लोग उसकी खूबसूरती निहारते रहे । साथ ही उक्त ताजिए की उक्त लोगों के द्वारा खूब प्रशंसा भी किया गया। इतना ही नहीं ताजिए का निर्माण किए समाज के लोगों की भी उक्त लोगों के द्वारा खूब प्रशंसा किया गया । इस बीच डीजे साउंड पर नाच-गान करते उक्त स्थल पर जा रहा शेर मोहम्मद अंसारी नामक युवक के पैर पर पिकअप वाहन का एक चक्का चढ़ गया जिससे उसका दाहिना पैर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया । वही आनन फानन में उसे प्राथमिक उपचार के लिए मेराल के सरकारी अस्पताल में एंबुलेंस के माध्यम भेजा गया । मौके पर उपस्थित पीड़ित के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया । उधर विधि व्यवस्था को लेकर दल बल के साथ थाना प्रभारी जनार्दन राउत कार्यक्रम का निगरानी करते देखे गए । थाना प्रभारी ने कहा कि जिम्मेवारी के अनुसार थाना के सभी पदाधिकारीयों को अपने-अपने ड्यूटी पर तैनात कर दिया गया है ।

## शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ मुहर्रम पर्व



**खरौंधी(गढ़वा)।** प्रखंड में मुहर्रम त्योहार बुधवार को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो गया। मुहर्रम पर्व पर राजी, करिवाडीह, चंदनी, खरौंधी, बजरमरवा, अरंगी पंचायत के सेमरवा, मझिगावां में इंतजामिया अंजुमन कमिटी ने भव्य ताजिया जुलूस निकाला। इससे पूर्व प्रखंड के सभी इन्तजामिया कमेटी ने केरा माटी के साथ मोहर्रम त्योहार को मनाना शुरू किया। इनलोगो ने मंगलवार की रात्रि में बड़की चौकी तथा बुधवार की अहले सुबह छोटकी चौकी निकाला। वही बुधवार सुबह 9 बजे ताजिया चौक से उठाकर गांव में घुमाया गया। शाम में ताजिया को नजदीकी कर्बला पर लेजाकर पहलाम किया। इसे पूर्व प्रखंड के इन्तजामिया कमिटी के लोगो ने अपने ताजिया को गांव के टोला मोहल्ला में घुमाया। इसके पश्चात शाम 5 बजे इंतजामिया कमिटी के लोगो ने ताजिया लेकर नजदीकी कर्बला पहुंचकर पहलाम किया।

## मुहर्रम के जुलूस में कलाकारों ने दिखाये अनेकों करतब



**नवीन मेल संवाददाता। चिनिया**
चनिया प्रखंड मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में मुहर्रम का पर्व बुधवार को शांति एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हो गया है? बताते चले की मातमी पर्व मुहर्रम बीते 9 दिनों से चली आ रही तकरीरें सोमवार को समाप्त हो गया तथा मंगलवार को दसवें रोजे के दिन सुबह से ही मातमी गीत मुस्लिम कमेटियों द्वारा बजाए गए। हजरत इमाम हसन एवं हुसैन की याद में मानये जानेवाले मुहर्रम पर्व पर नौजवानों ने मातम मनाई तथा उनके याद में मसीहा पढ़े गए, वहीं बुधवार को प्रखंड मुख्यालय में चिनिया मुहर्रम इंतजामिया कमेटी, तथा रानीचेरी मुहर्रम इंतजामिया कमेटी, के तत्वाधान में मुहर्रम का जुलूस निकाला गया तथा इस जुलूस में प्रखंड मुख्यालय सहित रानीचेरी, चिरका, कोल्हुआ, चिनिया, सेमराटाड़, के मुस्लिम धर्मवालंबियों शामिल हुए।

## 150 साल पहले बने पईन को चालू रखने की ग्रामीणों ने लगाई गुहार

**नवीन मेल संवाददाता। कांडी**
सरकोनी गांव के सैकड़ों किसानों ने भीम बराज की बायीं मुख्य नहर की शाखा नहर के निर्माण के दौरान डेढ़ सौ वर्ष पुराने तीन पइन का जल प्रवाह बाधित हो जाने पर कार्यपालक अभियंता को आवेदन देकर पइन को चालू रखते हुए नहर निर्माण की गुहार लगाई है। कांडी प्रखंड क्षेत्र के सरकोनी पंचायत के सरकोनी गांव सहित कई गांव में रोहतास और भोजपुर जिला की तरह खेतों से उन्नत पैदावार होती है। यह पंडी नदी से करीब डेढ़ सौ साल पहले निकाली गई तीन पईन की बदौलत संभव होता है। यह पईन प्लॉट नंबर 748, 799, 800, 810 और 852 में बनाया गया है। यह पुराने सर्वे के नक्शा व खतियान में भी शामिल है। पंडी नदी में छोटा सा बांध बनाकर ब्रिटिश शासन के दौरान ही यह तीन पइन (छोटी नहर) निकाली गई थी। उससे 100 एकड़ से अधिक खेतों में धान की काफी उन्नत पैदावार होती है। खेतों की पैदावार रोहतास, भोजपुर और मगह की पैदावार को मात देती है। नदी में पानी रहा तो रबी फसल की भी पैदावार ली जाती है। सिंचाई विभाग के उत्तर कोयल सिंचाई परियोजना के मोहम्मदगंज स्थित भीम बराज से बायीं मुख्य नहर निकालकर भंडरिया से सुंडीपुर तक जाती है। इस मुख्य नहर में से खरौंधा गांव के निकट से शाखा नहर निकाली जा रही है। करीब 13 करोड़ रुपए की लागत से 8 किलोमीटर लंबी नहर का निर्माण शुरू हुआ है। इस नहर के निर्माण से सरकोनी गांव के लिए लाइफ लाइन यह तीनों पईन का जल प्रवाह अवरूद्ध हो जाएगा। उक्त संभावित समस्या से किसान अकाल की आशंका से सशंकित हैं।

## पुलिस और ग्रामीणों के बीच हुई हिंसक झड़प सात आरोपी गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**
गढ़वा थाना क्षेत्र के करमडीह गांव पुलिस और ग्रामीणों के बीच हुई हिंसक झड़प मामले में पुलिस ने सात आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दी है। गिरफ्तार लोगों में जुटी गांव निवासी अंतू विश्वकर्मा, दिलीप कुशवाहा, ढोटी निवासी शंकर रजक, जाटा गांव निवासी अखिलेश कुमार, तेनार गांव निवासी विशाल कुमार गुप्ता, टंडवा गांव निवासी राकेश कुमार, नारायणपुर गांव निवासी जितेंद्र कुमार राम शामिल है। बताते चले कि उक्त मामले 20 नाम जज सहित 200 अज्ञात लोगों पर गढ़वा थाने में प्राथमिक की दर्ज कराया गया है। बताते चले कि गढ़वा थाना क्षेत्र के करमडीह फोरलेन पिकअप और टेम्पो टक्कर में आने से दो स्कूली बच्चों की मौत हो गई थी। वही टेंपो के चालक सहित कुछ बच्चे घायल हो गए थे।

## महिला हत्याकांड का मुख्य आरोप गिरफ्तार

### जमीन विवाद में अपनी ही भाभी का कर चुका है हत्या



**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**
श्री बंशीधर नगर थाना क्षेत्र के कुंबा खुर्द गांव के अमरसरई टोला में हुए महिला हत्याकांड के मुख्य आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। स्थानीय थाने में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सत्येंद्र नारायण सिंह ने उक्त जानकारी दी।

उन्होंने बताया की मुख्य आरोपी विजय उरांव की गिरफ्तारी उत्तर प्रदेश के विंढमगंज से की गई है। विजय ने 12 जुलाई को जमीन विवाद में अपनी भाभी रीना देवी की हत्या टांगी से काटकर कर दी थी। एसडीपीओ ने बताया की हत्या के बाद आरोपी की गिरफ्तारी के लिए नगर ऊंटारी पुलिस की एक टीम बनाई गई थी। उन्होंने बताया कि आरोपी घटना को अंजाम देने के बाद बाहर भगाने के फिराक में था। लेकिन पैसे के अभाव में वह बाहर नहीं जाकर इधर उधर छुपते फिर रहा था। पैसे के जुगाड़ में आरोपी ने 16 जुलाई को अपने चाचा के घर रात में घुसकर चोरी की घटना को भी अंजाम दिया था।

इस दौरान घर में रखे मोबाइल और मंगल सूत्र की चोरी कर ली थी। चोरी की मंगलसूत्र को आरोपी ने बिलासपुर के एक सुनार के पास 3500 रुपए में बेच दिया था। इससे पहले की वह भाग पाता, छापेमारी दल ने उसे दबोच लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी के पास से 2100, एंड्राइड मोबाइल और सुनार के पास बेचे गए मंगलसूत्र को भी बरामद कर लिया गया है। प्रेस वार्ता में पुलिस इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह, थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक भी मौजूद थे।

## सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया गया मुहर्रम पर्व



**मेराल।** प्रखंड मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में सौहार्दपूर्ण वातावरण में मुहर्रम मनाया गया। बुधवार को सुबह से ही मोहर्रम के अवसर पर बड़ी संख्या में मुस्लिम धर्मावलंबी जुलूस में शामिल होकर ताजिया अखाड़ा इस्लामिक झंडा इत्यादि निकाला। इस दौरान लोगों ने या अली या हुसैन के नारे लगाते हुए त्योहार मनाया। इस दौरान जुलूस में हिंदू मुस्लिम दोनो समुदाय के लोगों ने मिलजुल कर लाठी डंडे अस्त्र शस्त्र की कलाबाजी मिलनी पर पहुंच प्रदर्शित किया। मिलने के बाद लोग ताजिया लेबर कर्बला पर जाकर दरुदो सलाम पढ़ कर फतेहा खानी किया और अमन चैन की दुआ मांगी। इसके बाद मोहर्रम त्योहार का पहलाम संपन्न हुआ। मेराल मुख्यालय के अलावे हासनदाग, बाना, मकुना, गेरुआ, चामा, ओखरगाड़ा, तीसरटेटूका, पंचफेड़ी, लोवादाग, बिकताम इत्यादि गांव में मुहर्रम शांति पूर्वक संपन्न हुआ। मोहर्रम त्योहार शांति सौहार्द संपन्न के लिए पुलिस इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार आजाद थाना प्रभारी विष्णुकांत तथा पुलिस प्रशासन के जवान काफी सक्रिय थे।

## आपसी भाईचारे के साथ निकला गया मुहर्रम जुलूस

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**
अनुमंडल मुख्यालय सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में मुहर्रम के पहलाम का जुलूस आपसी भाईचारे के साथ शांतिपूर्ण तरीके के साथ निकाला गया। नगर पंचायत क्षेत्र के विशुनपुर,नगर उंटारी, चेचरिया, कधवन, कोइन्दी, नरही, हुलहुला खुर्द, कुशदण्ड, जंगीपुर, सोनबरसा, बरडीहा, बम्बा सहित अन्य गांव में मुहर्रम की छोटी चौकी का जुलूस निकाला गया.जुलूस में शामिल लोगों ने हजरत इमाम-हुसैन की शहादत को याद किया।जुलूस में शामिल मुस्लिम समुदाय के द्वारा या अली या हुसैन, कर्बला दूर है- जाना जरूर है सहित अन्य नारे लगाये जा रहे थे.जुलूस के दौरान कई जगह पर फातिहाखानी पढा गया जुलूस में पूर्व विधायक व झामुमो नेता अनन्त प्रताप देव,जिप अध्यक्ष शांति देवी, झामुमो वरिष्ठ नेता ताहीर अंसारी, झामुमो नेता दीपक प्रताप देव मुख्य रूप शामिल थे। श्री बंशीधर नगर अनुमंडल मुख्यालय में विभिन्न गांव से आकर्षक ताजिया के साथ जुलूस निकाला गया। जुलूस बिशुनपुर कर्बला के मैदान से निकल कर मुख्य बाजार होते हुये सूर्य मंदिर परिसर में एकत्रित हुआ तथा नगर उंटारी गढ़ होते हुए सब्जी बाजार के रास्ते बस स्टैंड पहुंचा इसके बाद लोग ताजिया के साथ कर्बला की ओर प्रस्थान किया जुलूस में शामिल लोग कई जगहों पर लाठी व तलवार आदि से एक से बढ़कर एक करतब दिखाया। जुलूस में इस्लामिक झंडे के साथ-साथ तिरंगा झंडा भी शामिल था। पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव ने कहा की भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र की जनता आपसी भाईचारे की डोर से बंधा हुआ है इस डोर को हम हिदू मुस्लिम समुदाय कभी टूटने नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि आपसी भाईचारे और गंगा जमुनी तहजीब का मिशाल पेश करने के लिए लोगो को धन्यवाद दिया। जिप अध्यक्ष शांति देवी ने कहा कि कोई भी पर्व त्योहार लोगो के बीच आपसी सौहार्द का संदेश देता है, जिसे लोगो को बखूबी निभाना चाहिये।

## मुहर्रम जुलुस में शामिल लोगों ने खूब मचाया उपद्रव, युवक को पीटा





**नवीन मेल संवाददाता। रमना**
-सिलीदाग पंचायत के दूधवनिया टोला में मोहर्रम मिलनी जुलुस में शामिल मुलसलमानो नें खूब उपद्रव मचाया, और एक हिन्दू युवक को जान से मारने की कोशिश की । घटना की जानकारी पर पुलिस प्रसाशन और जीप अध्यक्ष शांति देवी नें पहुंच कर भीड़ को तीतर-वितर किया। उक्त घटना स्थल पर सिलीदाग पंचायत और भागोडीह पंचायत के मुसलमानो द्वारा ताजिया-सिपड और अखाडा का मिलनी होता है, जिसके लिए प्रशासन नें उक्त जगह को हिन्दुओं को बोलकर साफ-सफाई करा दिया था, और वहां के हिन्दुओं नें खुशी से साफ सफाई कर दिया था।

उक्त स्थल के बगल में हिन्दुओं का घर है,हिन्दू लोग अपने घर के बगल में घोरानी किये थे जिसे मुसलमानो द्वारा उखाड़ कर तहस-नहस किया जा रहा था, चुकी यें लोग काफी संख्या में थे और उस घर के पुरुष घर पर नहीं थे जिससे भयभीत होकर घर के महिलायें चुप-चाप घर में थे। इस घटना का विडिओ हिन्दू युवक जितेंद्र कुमार बना रहा था, इसी बात पर मुसलमानो नें उसे घेर कर भाला से जानलेवा हमला किया जिसे उसके कनपटी में लगा इसके बाद वह गिर गया और मुसलमानो नें लात-मुक्का से खूब पीटा और मोबाइल छीन लिया और युवक को पीटता देख परिचित महिलाओं नें अपने जान पर खेल कर बचाया।

और घर में लेजाकर जान बचायी। घटना स्थल पर विधि-व्यवस्था हेतु एक एएसआई और एक गृह रक्षक की प्रतिनियुक्ति हुई थी, जो घटना को देख कर दुम दबा कर गायब हो गये। घटना स्थल पर मौजूद राष्ट्रीय नविन मेल के संवाददाता को गाली-गलौज कर ,मारने और मोबाइल छिनने का प्रयास किया। गत वर्ष पूर्व भी मुस्लिम समुदाय के द्वारा घटना स्थल पर विवाद खड़ा किया गया था, जिसे उपस्थित जनप्रतिनिधियों नें शांत कराया था।घायल युवक का उपद्रवियों द्वारा छिना गया मोबाइल फोन के सारा फोटो विडिओ को डिलीट कर एक छोटे बच्चे के द्वारा भेज दिया। इस घटना से ऐसा प्रतीत होता है कि यह एक सोची समझी साजिस थी क्योंकि युवक को लोग पिट रहे थे भगदड़ मच गयी थी छोटे बच्चे महिलाये भाग रही थी, लेकिन डीजे बंद नहीं हुआ, युवक को पीटने के बाद भी बड़े आराम से खेल तमासा चालू हो गया।

घटना स्थल पर पहुंचे पुलिस उपाधिक्षक सतेंद्र नारायण सिंह, पुलिस निरीक्षक रत्न कुमार सिंह और रमना थाना प्रभारी असफाक आलम नें घटना की जानकारी लिया और पीड़ित युवक को अस्वाशन दिया की घटना के दोषियों के विरुद्ध सख्त कारवाई की जाएगी तब जाकर मामला शांत हुआ।

## उप मुखिया प्रतिनिधि ने बीडीओ से की शिष्टाचार मुलाकात

**केतार।** केतार प्रखंड के परसोडीह पंचायत के उप मुख्यमंत्री प्रतिनिधि सतेन्द्र गुप्ता ने प्रभारी बीडीओ विकास कुमार सिंह से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने मां चतुभुर्जी की प्रतिमा भेंट की। उप मुखिया प्रतिनिधि ने बीडीओ से प्रखंड में मनरेगा योजना से नयी योजनाएं संचालित करने का आग्रह किया ताकि स्थानीय मनरेगा मजदूरों को गांव में ही रोजगार मिल सकें।

## या अली, या हुसैन के नारों के साथ शांतिपूर्ण तरीके से निकला मुहर्रम का जुलूस

**मझिआंव।** मझिआंव एवं बरडीहा प्रखंड क्षेत्र के तमाम मुस्लिम बहुल गांवों में मोहर्रम का जुलूस निकाला गया। और प्रशासन द्वारा निर्धारित किये गए रूट से ही जुलूस निकालकर मिलनी एवं कर्बला पर पहलाम किया गया। इसके पूर्व जोगीवीर,भुसुआ,बकोइया आदि गांवों से सीपड़, ताजिया एवं झंडों के साथ लोगों ने मझिआंव मस्जिद के समीप इलाकाई मिलनी किया। इसके बाद मझिआंव बस स्टैंड से सभी गांवों का संयुक्त जुलूस परंपरागत हथियारों के साथ हाय हुसैन के नारों के साथ मातम करते हुए पूरे शहर यानी बाजार पथ,एवं ब्लॉक मोड़ होते हुए शिव मंदिर तालाब के सामने स्थित कर्बला में पहलाम किया गया । इस दौरान जुलूस में शामिल लोग हाथों में इक्षामी झंडा लिए या हुसैन या अली के नारे लगा रहे थे । जुलूस के दौरान कलाकारों के द्वारा लाठी व तलवारों से विभिन्न तरह के करतब दिखाए जा रहे थे । इधर नगर पंचायत क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर शहर के विभिन्न चौक चौराहा पर दंडाधिकारी सह अंचलाधिकारी शंभू राम एवं सीआई सुधांशु पाठक दल बल के साथ पैनी नजर बनाए हुए थे ।





## सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्याग व बलिदान का पर्व मुहर्रम संपन्न

# या हसन या हुसैन के नारों से गूंजा चंदवा

**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** प्रखंड क्षेत्र में त्याग व बलिदान का त्योहार मुहर्रम बुधवार को सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हो गया। मुहर्रम के अवसर पर मुस्लिम धर्मावलंबियों के द्वारा शहर में भव्य जुलूस निकाला गया जिसमें बड़ी संख्या में लोगो ने भाग लिया। जुलूस में शामिल लोग हाथों में इस्लामिक झंडे के साथ साथ तिरंगा झंडा भी लहराते नजर आए। कामता, शुक्रबाजार, बेलवाही, कुजरी, तिलैयाटांड़, बोदा आदि जगहों से ताजिया, अखाड़ा, निशान लेकर हरैया स्थित श्रीराम चौक पहुंचे वहाँ से फिर सभी सुभाष चौक मेन रोड होते हुए इंदिरा गांधी चौक पहुंचे जहां विभिन्न अखाड़ो के द्वारा ताजिया के समीप नियाज फातिहा की रश्म अदा की गई। जुलूस में शामिल लोग या हसन या हुसैन,पत्ता पत्ता फुल फुल या रसूल या रसुल,चमन चमन कली कली या अली या अली,इस्लाम जिंदाबाद आदि नारे लगा रहे थे। लोगों के द्वारा जगह जगह खेल का हैरतअंगेज करतब दिखाया जा रहा था।



### थाना परिसर में ताजियादार हुए सम्मानित

थाना परिसर में पुनि सह थाना प्रभारी रणधीर कुमार सिंह, बीडीओ चंदन प्रसाद, अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक के नेतृत्व में बेहतरीन कारीगरी कर तैयार किये गए ताजियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में शुक्रबाजार के मो शाहिद के ताजिया को प्रथम,कामता ग्यासुद्दीन खान के ताजिया को दूसरा,बेलवाही के परवेज खान के ताजिया को तीसरा, शुक्रबाजार मजीद खान के ताजिया को चतुर्थ पुरस्कार और पांचवा पुरस्कार कुजरी के भोला खान व बबलू खान के ताजिया को पुरस्कृत किया गया। इसके पूर्व सम्मान समारोह में मौजूद सभी अतिथियों का अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन दीपु कुमार सिन्हा कर रहे थे। मौके पर बाबर खान,असगर खान,संतोष सिंह,अयुब खान समेत सैकड़ो लोग मौजूद रहे। वहीं तिलैयाटांड़ में भी मुस्लिम यूथ कमिटी के द्वारा अतिथियों को अंगवस्त्र व तलवार भेंट कर सम्मानित किया गया। मौके पर वैश्य समाज के प्रखंड अध्यक्ष प्रमोद कुमार साहु,झामुमो नेता दीपु कुमार सिंहा,युवा समाजसेवी रविराज कुमार,मुस्लिम युथ कमिटी के अध्यक्ष डॉ शम्स रजा,सचिव मुबारक आलम,अख्तर अंसारी,मो अमजद,मो साबीर, चांद खान,अहमद अली,मो इरफान,मो नसीम,मो वसीम समेत कई लोग मौजूद थे। मुहर्रम जुलूस के दौरान मुस्तैद दिखी चंदवा पुलिस प्रखंड में मुहर्रम का त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने को लेकर पुलिस इंस्पेक्टर रणधीर कुमार सिंह के नेतृत्व में चंदवा पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद दिखी। जगह जगह पर पुलिस बल के जवान तैनात थे। सुरक्षा के हिसाब से महिला बल की भी तैनाती की गई थी। थाना प्रभारी रंधीर कुमार सिंह,सीओ जयशंकर पाठक व बीडीओ चंदन प्रसाद संयुक्त रूप से जुलूस की सुरक्षा का कमान संभाले हुए थे।

## बरवाडीह में मुहर्रम का निकला जुलूस गूंजा या अली या हुसैन के नारे



**बरवाडीह।** मुहर्रम पर्व को लेकर बुधवार को मुस्लिम समुदाय द्वारा जुलूस निकाला गया। गढ़वाटांड़ मोहल्ला, बरवाडीह बाजार, गुलजरबाग, लुहूर, भगत सिंह चौक, पोखरीकला, बेतला समेत अन्य मुहर्रम कमेटी द्वारा निकाले गए जुलूस में भारी संख्या में लोग शामिल थे। जुलूस में शामिल लोग या अली और या हुसैन के नारे लगा रहे थे। या अली और या हुसैन के नारों से शहर गुंजायमान होता रहा। डीजे की धून पर मर्सिया गूंजती रही। अखाड़ा में शामिल युवक विभिन्न प्रकार के हैरत अंगेज खेलों का प्रदर्शन कर रहे थे। जुलूस का नेतृत्व मुहर्रम कमेटियों के खलीफा कर रहे थे। निशान के साथ जुलूस अपने-अपने मोहल्लों से शुरू हुआ। उसके बाद विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए बरवाडीह बस स्टैंड पहुंचा और वहां पर निशान मिलान के साथ जुलूस वापस हो गया। वहीं जुलूस पारंपरिक हथियारों से लैस अकीदतमंदों ने विभिन्न प्रकार के खेलों का प्रदर्शन किया। लाठी, डंडा और तलवार के खेलों का प्रदर्शन कर जुलूस की परंपरा का निर्वहन किया। जुलूस की सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस की स्काट पार्टी साथ थी। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वेंकटेश कुमार एवं थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार सुरक्षा का कमान संभाले रहे थे। जुलूस के कारण कुछ देर के लिए मुख्य मार्ग पर यातायात व्यवस्था बाधित रहा। हालांकि राहगीर दूसरे सड़कों से अपने गंतव्य स्थान के लिए आते-जाते रहे। जुलूस सुबह से लेकर दोपहर 3 बजे तक रही। मुहर्रम जुलूस को देखते हुए जिला प्रशासन ने सुरक्षा का व्यापक प्रबंधक किया है।

# शांति व सौहार्दपूर्ण माहौल में निकाला गया मुहर्रम पर ताजिया जुलूस

### मुस्लिम समुदाय के लोगों ने ताजिया के साथ अखाड़े में दिखाया जौहर

**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा/पत्थलगड़ा/हंटरगंज।** मंगलवार को जिला मुख्यालय व इटखोरी, मयूरहंड, गिद्धौर, पत्थलगड़ा, सिमरिया, हंटरगंज, प्रतापपुर व टंडवा आदि प्रखंड़ों में मोहर्रम शांतिपूर्ण वातावरण में मनाया गया। मुस्लिम के साथ हिंदुओं ने भी सार्वजनिक स्थलों पर लाठी, भाला, बरछा, तलवार एवं बनैठी के खेल का प्रदर्शन कर लोगों का मनोरंजन किया। शहर में मुहर्रम के अवसर पर ताजिया जुलूस एवं अखाड़ा निकाला गया। अखाड़ा में मुस्लिम के साथ हिंदूओं ने भी जौहर दिखाए। अखाड़ा एवं ताजिया जुलूस विभिन्न मार्गों का भ्रमण करते हुए कर्बला के मैदान पहुंचा। किसी अनहोनी को रोकने के लिए सभी चौक चौराहों पर के साथ जुलूस में पुलिस बल के साथ दंडाधिकारी नियुक्त थे। साथ ही प्रशासन की पैनी नजर थी। विधि व्यवस्था को लेकर एसडीपीओ संदीप सुमन, सदर थानेदार विपिन कुमार, सदर सीओ के साथ अन्य अधिकारी भ्रमणशील रहे। वहीं दसवीं मुहर्रम यौम-ए-आशुरा के अवसर पर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों में ताजिया जुलूस निकाला गया। इसमें बड़ी संख्या में ताजियादारी कर रहे अकीदतमंदों ने भाग लिया। इस अवसर पर बरवाडीह, बनवारा, नोनगांव, सिंघानी सहित अन्य गांवों में शांतिपूर्ण तरीके से उत्साहपूर्वक ताजिया जुलूस निकाला गया। थाना प्रभारी आलोक रंजन के नेतृत्व में पुलिस बल जुलूस के साथ-साथ मुस्तैद दिखे। वहीं स्थानिय प्रतिनिधियों ने सराहनीय भूमिका निभाई।



### मुहर्रम पर निकला ताजिया जुलूस, युवकों ने दिखाए करतब



**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड में मुस्लिम धमार्लंबियों का मुहर्रम का पर्व बुधवार को शांतिपूर्ण व हर्षा उल्लास के साथ संपन्न हो गया। इस दौरान प्रखंड के विभिन्न अखाड़ों द्वारा ताजिया जुलूस निकली गई। जिसमें युवा, बूढ़े व बच्चों द्वारा एक से बढ़कर एक करतब प्रस्तुत किया गया। जबकि डीजे के धुन पर युवक जमकर थिरके और जुलूस में या अली, या हुसैन, नाराए तकवीर, अल्ला हु अकबर के नारे बुलंद किए। विभिन्न कर्बला में सिरनी व मलीदा भी चढ़ाया गया।

### धूमधाम से मनाया गया मुहर्रम, पुलिस और प्रशासन रही मुस्तैद



**मयूरहंड।** मयूरहंड प्रखंड मुख्यालय सहित विभिन्न पंचायतों में हजरत इमाम हुसैन के शहादत के याद में मनाए जाने वाले मुस्लिम समुदाय का मुहर्रम पर्व धूम धाम से शांतिपूर्ण माहोल में मनाया गया। मोहर्रम पर मयूरहंड, हुसिया, चोरहा, बन्हा, बेलखोरी, महेशा, सेवाल, पपरो, नवादा, परासी, मंधनिया, कदगावां आदि गांवों में आकर्षक तजिया जुलूस निर्धारित मार्ग से घुमाया गया। इस दौरान दोनों समुदाय के लोग हर्षोल्लास पूर्वक शामिल हुए और अखाड़ा का आयोजन किया गया, जहां लोगों ने अपने करतब दिखाए।

### डीजे के साथ निकाला ताजिया जुलूस, भारी संख्या में शामिल हुए मुस्लिम समुदाय के लोग

**पत्थलगड़ा (चतरा)।** पत्थलगड़ा प्रखंड क्षेत्र में मुहर्रम त्योहार शांति पूर्ण तरीके से बुधवार को मेला के साथ संपन्न हो गया। मोहर्रम को लेकर प्रखंड के विभिन्न कमेटी द्वारा तासा व डीजे के साथ ताजिया जुलूस निकाला गया।



जुलूस में भारी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग शामिल थे। बरवाडीह पंचायत के आजाद मोहल्ला पक्का कुआं, रोशन कमेटी बड़ा चौक बरवाडीह इस्लामनगर, बनवारा, नवाडीह बाजोबार, डामोल जगन्नाथी, सिंघानी व विभिन्न गांवों में जुलूस निकाला गया। इससे पूर्व बीते देर शाम थाना प्रभारी आलोक रंजन चौधरी, अरविंद ठाकुर व मोहर्रम कमेटी अध्यक्ष मौलाना महफूज रहमान ने आजाद मोहल्ला पक्का कुआं के अखाड़ा का में संयुक्त रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया। जुलूस में शामिल युवा विभिन्न प्रकार के खेलों का प्रदर्शन किया।

### मुहर्रम शांति व सौहार्दपूर्ण संपन्न

## बालूमाथ में यह त्योहार हिंदू मुस्लिम एकता का प्रतीक : संजय



**नवीन मेल संवाददाता**

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड के विभिन्न गांव क्षेत्र में मोहर्रम का त्योहार शांति सौहार्दपूर्ण संपन्न हुई । मुस्लिम धर्म लंबियों ने मोहम्मद पैगंबर के नवासे हसन-हुसैन के कुबार्नी को याद किया गया। इस दौरान शेरेगड़ा मासियातु, धाधु,समेत पंचायत में मोहर्रम को लेकर तजिया के साथ भव्य जुलूस निकाली गई।

बता दें कि शेरेगड़ा बाजार ताड़ पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मुहर्रम कमेटी द्वारा भव्य ताजिया के साथ आकर्षक जुलूस निकाला गया। जुलूस गणेशपुर, जर्री, शेरेगड़ा आदि जगहों से एकत्रित शेरेगड़ा मुख्य बाजार टांड़ पर हुए और देखते ही देखते जुलूस अखाड़े में तब्दील हो गया। अखाड़े में एक से बढ़कर एक हैरत अंगेज कलाकारों ने कला का प्रस्तुत किया। इस दौरान कार्यक्रम में मंचासीन हिंदू मुस्लिम एकता के प्रतीक सभी समुदाय के लोग उपस्थित रहे। जिन्हें मोहर्रम कमेटी द्वारा पगड़ी पहनकर अमरवाडीह पिकेट प्रभारी अभिनव कुमार , उप प्रभारी मो. मुख्तार, समाजसेवी संजय कुमार रवि, राष्ट्रीय जनता दल के नेता मनोज यादव, श्याम सुंदर यादव, दीपक यादव, पंचायत के जनप्रतिनिधि सहेंद्र राम, पूर्व मुखिया सुरेंद्र उरांव, समाजसेवी आदित्य प्रजापति वहीं पत्रकार टीपू खान पत्रकार अजीत कुमार पत्रकार पवन कुमार को मोहर्रम कमेटी की ओर से भव्य स्वागत के साथ पगड़ी पहना कर सम्मानित किया गया।

# महुआडांड़ प्रखंड मुख्यालय समेत अन्य गांवों में निकाला गया मुहर्रम का जूलूस

**नवीन मेल संवाददाता**

**महुआडांड़।** महुआडांड़ प्रखंड में मोहर्रम का त्योहार धूमधाम व शांतिपूर्ण सौहार्दपूर्ण वातावरण में से मनाया जा रहा है ।वही बुधवार को महुआडांड़ प्रखण्ड मुख्यालय समेत प्रखंड के ग्राम लुरगुमी, शाहपुर,परहाहाटोली ,ओरसा, कापू , हामी, मायापुर समेत अन्य गांव के इमाम बाड़ा से मुहर्रम के पहलाम का जुलूस निकला गया जो निर्धारित मार्ग पर होते हुए अपने अपने इमाम बाड़ा के पास जुलूस पहुंच कर समाप्त हुआ। जूलूस में या अली,या हुसैन समेत अन्य नारा लगाए जा रहे थे। जूलूस के दौरान जगह जगह पर खिलाड़ियों के द्वारा लाठी डंडा समेत तलवार समेत अन्य करतब दिखाने वाले सामग्रियों से एक से बढ़कर एक करतब दिखाए जा रहे थे। जूलूस में भारी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग शामिल थे।

वहीं महुआडांड़ मुख्यालय में सुबह 6;0 बजे से मोहर्रम के पहलाम का जूलूस निकाला गया ।जो सुबह जरहाटोली से प्रारंभ होकर गुरगुटोली, अम्वांटोली, महुआडांड़, डिपाटोली बिरसा चौक फुलवार बगीचा, रामपूर और पूणः डिपाटोली होते हुए अपने अपने इमाम बाड़ा के पास पहुंच कर जुलूस समाप्त किया गया। जिसमें मुख्य रूप से सदर इमरान खान, सिक्रेट्री मजहर खान, सहाबुद्दीन खान,मो इस्तेखार अहमद, मो आजाद, पूर्व सदर मो फहिम खान, मो रानु खान, मो रिन्कु आदि उपस्थित थे।



### हर जगह पुलिस प्रशासन रही मौजूद कमिटी प्रशासन का जताता आभार

मुहर्रम के जुलूस को लेकर महुआडांड़ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी हिमांशु चंद्र मांझी के निर्देश पर थाना प्रभारी अविनाश कुमार के नेतृत्व में जूलूस के निर्धारित मार्गों पर व जूलूस के साथ साथ भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई थी ।ताकि कहीं भी किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो। वहीं स्वास्थ्य विभाग के द्वारा भी जूलुस समाप्त होने तक एम्बुलेंस के साथ स्वास्थ्य विभाग के टीम को रखा गया था ।ताकि खेल करतब दिखाने के दौरान कोई चोटिल हो जाएं तो प्राथमिक उपचार तत्काल हो सके। साथ ही साथ दंडाधिकारी भी नियुक्ति किया गया था ।जिसे लेकर महुआडांड़ मोहर्रम कमिटी व अंजुमन कमेटी के द्वारा महुआडांड़ प्रशासन का आभार व्यक्त किया है।

### मुहर्रम का त्योहार शांति पूर्ण वातावरण में हुआ संपन्न



**बारियातू।** प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में बुधवार को मुहर्रम का त्योहार शांति व सौहार्द वातावरण में संपन्न हो गया, प्रखंड मुख्यालय सहित साल्वे, इटके, शिब्ला, नावाडीह, बठेठ, रत्नादाग, फुलसु के अलावा कई मुस्लिम धर्मावलंबियों ने मुहर्रम का पर्व शांति पूर्ण रूप से मनाई. सुबह सें ही ताजिया और अखाड़ा जुलुस निकलना शुरू हो गया था। मोहर्रम को लेकर जगह-जगह युवा वर्ग अपने करतब दिखाते हुए नजर आए. युवाओ नें जमकर लाठीयां भांजी औ? बैड ताशा भी बजाते रहे. वही या हुसैन, या अली के नारों के साथ मुहर्रम जुलुस निकला गया।

## न्यूज बॉक्स

### बरवाडीह में मिला युवक का शव प्राथमिकी दर्ज, आरोपी फरार



**बरवाडीह।** बरवाडीह थाना के बभंडीह अंतर्गत मंडल मार्ग स्थित सिंचाई विभाग के आईबी परिसर में बुधवार की दोपहर एक व्यक्ति का शव मिला जिसकी पहचान गुलजारबाग निवासी पप्पू उर्फ बादशाह के रूप में हुई जो केंटीन के साथझसाथ खानसामा का भी कार्य करता था। घटना की सुचना मिलने के बाद मौके पर थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार, सब इंस्पेक्टर राहुल सिन्हा दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और शव कों कब्जे में लेते हुए घटना की पड़ताल शुरू की। पुलिस के जांच के दौरान मृतक के शरीर के कई हिस्सों में गर्म पानी से जलने के निशान मिले जिसके बाद मौजूद लोंगो से पूछताछ के क्रम में बताया गया शव कों शराब बनाने का काम करने वाले महेद्र चौहान और उसके बेटे मंतोष चौहान के द्वारा अपनी घर की ओर से लाकर यहाँ रखा गया है। वहीं ग्रामीणों की सुचना के बाद पुलिस ने महेंद्र चौहान के घर पर छापेमारी की जहां वो और उसका बेटा घर से फरार मिला। घटना कों लेकर थाना प्रभारी राधेश्याम ने बताया की प्रथम दृष्टिया मारपीट और गर्म पानी से जलाने का लग रहा है जहां घटना मेहद्र चौधरी के घर में घटित होने के बाद शव कों लाकर आईबी परिसर में रखा जिसके बाद पुलिस ने छापेमारी की जिसमे आरोपी तो फरार मिले पर उसके घर के पीछे छुपा कर रखे जावा महुआ के साथ भारी मात्रा में महुआ कों जब्त कर नष्ट कर दिया गया है।

### खाट पर सोए अधेड़ को सांप ने डंसा

**कुन्दा(चतरा)।** कुंदा थाना क्षेत्र के टिकैतबांध निवासी करम भारती को बीते रात्री सांप ने खाट पर चढ़ कर डंस लिया। करम भारती ने बताया की नींद खुली तो देखा की सांप हाथ मे अपना मुंह लगाए हुए है, यह देखते ही उसके रौंगटे खड़े हो गए, फिर भी उन्होंने हाथ से सांप को पकड़ कर खिंचते हुए फेक दिया। उसके बाद इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ केंद्र प्रतापपुर ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के उपरांत बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल चतरा भेज दिया गया। वही इलाज होने के बाद स्थिति सामान्य बताई जा रही है। लेकिन क्षेत्र के लोगों को खाट पर चढ़कर सांप का काटना आश्चर्यचकित कर दिया है। लोगों का कहना है कि ऐसी स्थिति पहले ना के बराबर देखने को मिलती थी।

### राजद नेता मो. जसमुद्दीन के निधन पर शोक



**चतरा/टंडवा।** जिले के टंडवा प्रखंड अंतर्गत कमता गांव निवासी राजद नेता मो. जसमुद्दीन अंसारी के असमय निधन पर विभिन्न दलों के नेताओं ने गहरी शोक संवेदन व्यक्त की है। कांग्रेस के तिलेश्वर साव ने शोक संवेदना प्रकट करते हुआए कहा कि अपूर्णीय क्षति है। ऐसे शेर दिल व्यक्ती लाखों में एक होते हैं। कहा कि 1995 में जब माओवादियों द्वारा लोकसभा चुनाव का व्हिस्कार किया गया था, तो इन्होने माओवादियों के आदेश को धत्ता बताते हुए लोक तंत्र के महा पर्व को बचाते हुए पहला वोट किया था। जिसके बाद माओवादियों ने फौरी कारवाई कर इनका दाहिना हाथ काट दिया था। इसके बाबजूद वे लोकतंत्र के पर्व में आज तक वोट करते रहे। इनके निधन से पुरा क्षेत्र शोक मे डुबा है। चतरा के राजद विधायक सह कैबिनेट मंत्री सत्यानंद भोक्ता एवं जिप सदस्य सुभाष यादव ने राजद नेता के असमय निधन पर दुःख प्रकट की है। सुभाष यादव ने कहा कि राजद ने एक सच्चे सिपाही को खो दिया है। दुःख प्रकट करने वालो में नीरज तिवारी, मुकेश यादव, सरबजीत गंझू, रामदेव गंझू, मनोज यादव, मोईन अंसारी, मोहन राणा आदि का नाम शामिल है।

### वर्ष 2018 में तय भाड़ा की मांग | 8 दिन के धरना प्रदर्शन व 24 घंटे के भूख हड़ताल के बाद मिला आश्वासन

# ट्रांसपोर्टर का लिखित आश्वासन के साथ मगध पिओ ने ट्रक ऑनर का भूख हड़ताल समाप्त कराया

- *पेपर का पैसा खर्च नहीं लेगे,अनलोडिंग ₹700 ऑफिस खर्चा या मुंसियाना के नाम पर 500 रुपया लेंगे*

**नवीन मेल संवाददाता**

**बालूमाथ।** प्रखंड क्षेत्र में सीसीएल द्वारा संचालित मगध कोलियरी वर्ष 2018 का भाड़ा लागू करने की मांग को लेकर 24 घंटे से भूख हड़ताल पर आंदोलनरत ट्रक मालिकों का भूख हड़ताल बुधवार को कोयलवरी परिसर पहुंच कर परियोजना पदाधिकारी सदाला सतनारायणा ने नारियल पानी पिलाकर समाप्त कराया। आंदोलन का नेतृत्व कर रहे बालूमाथ उप-प्रमुख कामेश्वर राम को परियोजना पदाधिकारी परियोजना पदाधिकारी ने नारियल पानी पिलाया। इस दौरान परियोजना पदाधिकारी की अध्यक्षता में ट्रक मालिकों के साथ वार्ता हुई। जिसमें ओम अनंत राज एंटरप्राइजेज कंपनी लिफ्टर औरंगजेब हाशमी डीओ नंबर 625 एवं विजय साव लिफ्टर, डीओ नंबर 531, 523, 580, 524, 538, 599 द्वारा एशोसिएशन के नियमों को मानते हुए एग्रीमेंट पेपर में लिखित दिया कि वे निर्धारित भाड़ा का भुगतान करेंगे। पेपर का पैसा खर्च नहीं लेगे अनलोडिंग ₹700 ऑफिस खर्चा या मुंसियाना के नाम पर 500 रुपया लेंगे। तब जाकर उनके डीओ का काम चालू कर दिया गया।

वही बाकी अन्य डीओ जो एशोसिएशन को लिखित नही दिया गया जिस कारण उनका कार्य बंद रहेगा। मौके पर ट्रक मालिकों ने जानकारी देते हुए कहा कि जब तक सभी डीओ होल्डर वार्ता के लिए नहीं आ जाते हैं। तब तक धरना जारी रहेगा। मौके पर वार्ता के दौरान भाजपा नेता सह विस्थापित नेता चेतलाल रामदास ने कहा कि सीसीएल ने हम लोगों की जमीन पर माइंस खोला है। लेकिन अब तक पुनर्वास एवं मुआवजा की राशि का भुगतान नहीं किया है। विस्थापित-प्रभावित गांव के लोगों ने रोजगार के लिए ट्रक खरीदा लेकिन ट्रांसपोर्टर की मनमानी के चलते ट्रक मालिक आत्महत्या करने को मजबूर है। लोगों के रोजगार का मुख्य साधन ट्रक है। अगर ट्रक नहीं चलेगा तो मगध में हाईवा भी नहीं चलेगा। संगठन की मांग को जायज बताते हुए मुख्यमंत्री से बात करने की बात कही थी। आप लोग एक शिष्टमंडल बनाये और मामले को लेकर रांची चलकर मुख्यमंत्री से मुलाकात मैं कराऊंगा ।



### ये लोग थे मौजूद

मौके पर विस्थपित नेता त्रिवेणी साव, सतनारायण साव, मिथुन कुमार, मोहन साव, शंभू साव, राजेश राम, दीपू गुप्ता, कमलेश सिंह, बबलू चौरसिया, बालूमाथ ट्रक ऑनर एशोसिएशन अध्यक्ष संजीव सिन्हा, केदार साव, रंजीत यादव, मदन साव कुंडी, विनय कुमार, मुकेश कुमार, मो.जुनेद, सुनील यादव, रोहित कुमार पंकज सिन्हा, दिनेश कुमार, खुशियाल साव, विशुन यादव, महेंद्र यादव, कुलदीप यादव, संतोष यादव गंगेश्वर यादव समेत कई लोग मौजूद रहे। इससे पूर्व मनिका विधायक रामचंद्र सिंह धरना में शामिल हुए थे।

### पेड़ में फंदे से लटका मिला युवक का शव

**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत माल्हन पंचायत के देवनदिया गांव के समीप रेलवे लाइन किनारे स्थित जंगल में बुधवार की दोपहर ग्रामीणों ने एक युवक का शव पेड़ पर फंदे से लटकता देखा। कुछ देर में शव को देखने को लेकर वहां ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गयी। सूचना के बाद पंचायत के मुखिया जतरु मुंडा भी मौके पर पहुंचे व घटना की सूचना चंदवा पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पेड़ से निचे उतारा। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया व पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। फोटो वायरल होने के बाद हुई मृतक की पहचान सोशल मीडिया पर मृतक का तस्वीर वायरल होने के बाद मृतक की पहचान राजू गंझू पिता लालदेव गंझू (सितमटांड हेंदेगीर, थाना केरेडारी, हजारीबाग) के रूप में हुई। जानकारी के अनुसार मृतक चंदवा के कामता पंचायत अंतर्गत परसाही गांव में रिश्तेदार अजय गंझू के घर आया था। अजय गंझू ने बताया की मृतक राजू गंझू की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी।

# घुरती रथयात्रा के साथ संपन्न हुआ भंडरा का ऐतिहासिक रथ यात्रा

## नौ दिनों तक मौसीबाड़ी में रहने के बाद भगवान पहुचे निजधाम

**नवीन मेल संवाददाता**

**भंडरा।** नौ दिन तक मौसीबाड़ी में रहने के बाद भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा बुधवार को रथ पर रथाआरुढ हो कर अपने धाम लौट गए। भगवान को मौसीबाड़ी से ठाकुरबाड़ी तक पहुंचाने को लेकर भक्तों में एक होड़ नजर आई। ऐतिहासिक भंडरा रथ यात्रा में भगवान का रथ खींचने और भगवान को ठाकुरबाड़ी तक पहुंचाने को लेकर श्रद्धालु उत्साहित नजर आए। हरिबोल जय श्री राम के नारे से पूरा क्षेत्र भक्ति सरोवार मे डूब गया। लोगों ने भगवान के दर्शन कर प्रसाद ग्रहण किया। भंडरा में ऐतिहासिक रथ यात्रा का आयोजन किया जाता है। घुरती रथ यात्रा के मौके पर भगवान के दर्शन को लेकर लोगों में एक उत्सुकता दिखाई दी। सुबह से ही लोग भगवान के दर्शन को लेकर उत्साहित थे। प्रसिद्ध अखिलेश्वर धाम के समीप स्थित मौसीबाड़ी में गुरूवार की रात भक्ति जागरण का आयोजन भी किया गया था। जिसमें कलाकारों द्वारा एक से बढ़ कर एक भक्तो गीत से संगीत प्रेमी दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया. कार्यक्रम मे राधा मोहन शर्मा, किशोरी मोहन शर्मा, ईश्वरी मोहन शर्मा, लौकेश दुबे, प्रकाश प्रजापति आदि का भरपूर सहयोग रहा। बुधवार को घुरती रथ यात्रा के साथ ही भंडरा ऐतिहासिक रथ यात्रा मेला का समापन हो गया है। महिला-पुरूष और युवाओं में रथ यात्रा मेला को लेकर एक उत्साह का संचार दिखाई दिया। लोगों ने भगवान के दर्शन कर अपने परिवार की सुख-समृद्धि को लेकर प्रार्थना की। रथ यात्रा मेला को लेकर मेला टार्ड में अस्थाई दुकानें सजी हुई थी। जिससे में लोगों ने चाट, फुचका, मिठाई, खिलौना आदि की भी खूब खरीददारी की। लोगों की भारी भीड़ उमड़ी हुई थी।



### भगवान ने मौसी बाड़ी से लाये प्रसाद के लिए उमड़ी भीड़

ऐतिहासिक भंडरा रथ मेले में भगवान जगन्नाथ का रथ जैसे ठाकुर बाड़ी पंहुचा भक्तो की भीड़ लग गई भगवान के द्वारा मौसी बाड़ी से लाये सन्देश लेने के भक्तो की भीड़ उमड़ पड़ी. हर कोई भगवान के सन्देश कटहल कोवा, गुड़ के लड्डू लेने के लिए व्याकुल नजर आये मेले में डीएसओ ज्ञान शंकर जायसवाल, बीडीओ प्रतिमा कुमारी, सीओ दुर्गा कुमार एवं थाना प्रभारी अरविंद सिंह दल बल के साथ मौजूद थे।

### भाई बलभद्र व बहन सुभद्रा संग मौसीबाड़ी से अपने घर लौटे भगवान जगन्नाथ

**लोहरदगा।** जिले में शान्ति व सौहार्द के साथ घूरती रथ यात्रा सम्पन्न हुई। नौ दिनों तक मौसीबाड़ी में रहने के बाद बुधवार को भगवान अपने धाम को लौट आए।



नौ दिनों तक मौसी के घर रहने के बाद भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा और भाई बलभद्र के साथ रथ पर सवार होकर बुधवार को अपने घर मुख्य मंदिर लौट गए। लोहरदगा शहरी क्षेत्र और भंडरा में घुरती रथ मेला में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी थी। शहर के ठाकुरबाड़ी मंदिर, तिवारी दुरा जग्रन्नाथ मंदिर और तेतरतर मंदिर में भगवान वापस लौट आए हैं। जहां विधिवत रूप से पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान मेला सा माहौल बना रहा।

### मौसीबाड़ी में 9 दिनों के प्रवास के बाद निजधाम पहुंचे भगवान जगन्नाथ

**कुडू-लोहरदगा।** कुडू बस स्टैंड स्थित गणेश मंदिर में नौ दिन प्रवास के बाद भगवान जगन्नाथ वापस इंदिरा गांधी चौक स्थित शिव मंदिर पहुंचे। शिव मंदिर से गत 7 जुलाई को भगवान



जगन्नाथ की रथयात्रा निकल कर बस स्टैंड में हनुमान मंदिर मौसी बाड़ी पहुंची थी। हनुमान मंदिर में नौ दिन के प्रवास के बाद भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा धार्मिक रीति-रिवाज से निकलकर वापस स्वयं गृह शिव मंदिर पहुंची। पंडित जमुना पाठक ने पूजा पाठ कराया। हिन्दू मान्यता के अनुसार आज हरी शयनी एकादशी है और आज से भगवान जगन्नाथ पुरे वर्षा ऋतू निंद्रा अवस्था में रहेंगे।

### जय जगन्नाथ... हरि बोल के जयकारे के साथ चैनपुर में धूमधाम से निकली घूरती रथ यात्रा



**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड के टिनटानगर में महाप्रभु जगरनाथ स्वामी जी की ऐतिहासिक घुरती रथ यात्रा नौ दिनों के पश्चात हर्षोउल्लास के साथ संपन्न हो गई। चलती रथ यात्रा से लेकर पिछले नौ दिनों तक महाप्रभु जगरनाथ स्वामी मौसी बाड़ी में भक्तों के बीच उपस्थित थे। जहां प्रत्येक दिन पूजन, आरती और भंडारा का आयोजन होता था जहां भक्त भगवान के दर्शन कर अपने को कृतार्थ कर रहे थे। पूजन, आरती का आयोजन भक्तों के द्वारा किया गया। मौसी बाड़ी में पुरोहित गण के द्वारा महाप्रभु श्री जगरनाथ स्वामी, भैया बलभद्र स्वामी और बहन सुभद्रा के विग्रहों का पूजन कर जगरनाथ स्वामी के जयकारे, पारम्परिक गाजे बाजे के साथ विग्रहों को भव्य रथ पर सवार किया और महाआरती की गई।

## एक नजर

### पुरानी रंजिश में हुई मारपीट में एक युवक घायल



**कुडू - लोहरदगा।** कुडू थाना क्षेत्र के चेटर स्थित मेला टांड़ में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक को दूसरे युवकों ने मारपीट कर घायल कर दिया। मामले में पीड़ित के पिता साबिर पवरिया ने कुडू थाना में आवेदन देकर मराडीह गांव के चार पांच युवकों पर पुरानी रंजिश में अपने पुत्र 17 वर्षीय आरिफ पवरिया को मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाया है। समाचार लिखे जाने तक प्राथमिकी दर्ज नही की गई थी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### शिक्षक संघ ने चार सेवानिवृत्त शिक्षकों को दी विदाई



**चैनपुर।** चैनपुर मुख्यालय के डीबी स्कूल परिसर में बुधवार को अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के तत्वावधान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें हाल में ही सेवानिवृत्त चार शिक्षक उमेश कुमार वर्मा, आनंद भगत, तेंबा उरांव एवं भरत असुर को भाववीनी विदाई दी गई। मौके पर शिक्षक संघ के छटन साहू ने उपस्थित शिक्षकों को अपने संबोधन में कहा कि सेवानिवृत्ति एक सरकारी प्रक्रिया है। जो हर सरकारी कर्मीयों पर लागू होता है,आज जिन शिक्षकों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया है। वो सभी शिक्षकों ने अपने अपने विद्यालय में इमानदारी पूर्वक अपने कार्यों का निर्वहन किया है, और बेदाग होकर सेवानिवृत्त हुए हैं। इस मौके पर सभी विद्यालयो के शिक्षक शिक्षिका मौजूद रहे।

### सर्किल इंस्पेक्टर कार्यालय का एसपी ने किया उद्घाटन



**गुमला।** गुमला जिला अंतर्गत स्थित सिसई थाना परिसर में बुधवार को एसपी शंभु कुमार सिंह ने सर्किल इंस्पेक्टर कार्यालय का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा सिसई सर्किल के अंतर्गत चार थाना क्षेत्र हैं। जिसमे सिसई थाना, भरनो थाना, पूसो थाना और करंज थाना शामिल है। सिसई सर्किल बनने से क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने, एक विशिष्ट भगौलिक क्षेत्र या सर्किल के भीतर प्रशासनिक कार्यो की देखरेख के साथ आम जनों को सुरक्षा मुहैया कराने में पुलिस को काफी मदद मिल पाएगा। मौके पर एसडीपीओ गुमला सुरेश प्रसाद यादव, सर्किल इंस्पेक्टर विनय कुमार, थानेदार संदीप कुमार यादव, एसआई अजय कुमार, एसआई आशीष कुमार समेत अन्य पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### सड़क दुर्घटना में वृद्धा की मौत के बाद ग्रामीणों ने शव के साथ किया सड़क जाम



**सेन्हा-लोहरदगा।** कंडरा चौक के समीप बुटी मोड़ निवासी स्वर्गीय पारसनाथ भगत की 75 वर्षीय पत्नी को बोलोरो जे एच 01 डी 1254 के चालक अपने वाहन के चपेट में लेते हुए बीते सोमवार को सड़क दुर्घटना को अंजाम दिया था। जिसमें महिला गम्भीर रूप से घायल हो गई थी। जिसे इलाज के लिए रिम्स ले जाने के दौरान रास्ते में ही महिला की मौत हो गई थी। महिला की मौत के बाद सेन्हा थाना पुलिस ने बोलेरो को जप्त कर प्राथमिकी दर्ज करते हुए चालक को जेल भेज दिया। जिसे महिला के मौत के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने लोहरदगा गुमला मुख्य पथ को कांडरा चौक के समीप शव के साथ जाम कर मुआवजा का मांग करने लगे जिसके बाद मौके पर सेन्हा थाना प्रभारी अजीत कुमार पहुंच परिजनों को आर्थिक सहायता प्रदान कर जाम को हटाया गया।तथा ग्रामीणों ने भी अधिकारियों का आश्वाशन के बाद जाम हटा लिया गया।सड़क जाम की सूचना पर प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मू ने मृतिका के परिजनों से मुलाकात कर घटना से रूबरू होते हुए। मुआवजा एवं परिवारिक लाभ देने का आश्वासन दिया। मौके पर थाना प्रभारी अजित कुमार एस आई मनोज कुमार,अविनाश कुमार राम सहित सुरक्षा जवान जाम हटवाने में मुस्तैद रहे।

### अस्त्र शस्त्र चालन प्रतियोगिता आज

**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र के ईदगाह सेन्हा के समीप मुहर्रम मेला सह अस्त्र शस्त्र चालन प्रतियोगिता का आयोजन मुहर्रम कमेटी एव अंजुमन इस्लामिया सेन्हा के संयुक्त तत्वधान में 18 जुलाई को आयोजित किया गया है। जिसकी तैयारी पुरी कर ली गई है।अस्त्र शस्त्र चालन प्रतियोगिता सह मेला को लेकर जगह जगह तोरण और फतेह निशान लगाया गया है। जिसे मुहर्रम मेला एव अस्त्र शस्त्र प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा।आयोजित प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि जिले के उपायुक्त डॉ। बाघमारे प्रसाद कृष्ण तथा विशिष्ट अतिथि पुलिस उपाधीक्षक हारिश बिन जमां और अंजुमन इस्लामिया लोहरदगा के सदर रऊफ अंसारी होंगे। सचिव शाहिद अहमद बेलू, जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की, 20 सूत्री अध्यक्ष अफरोज आलम, बीडीओ संग्राम मुर्मू, सीओ राकेश कुमार तिवारी, थाना प्रभारी अजीत कुमार, मुखिया धनबाज उरांव सहित अन्य सम्मानित अतिथि मौजूद रहेंगे।

### आवारा कुत्तों के आतंक से भंडरा के ग्रामीण हैं परेशान



**भंडरा।** प्रखंड क्षेत्र मे पिछले कई दिनों से आवारा कुत्तों के आतंक से ग्रामीण व पशुपालक खासे भयभीत है। आवारा कुत्तों द्वारा अब तक गांव के दर्जनों पशुओं को अपना निशाना बनाया जा चुका है तथा दर्जनों पशु इनके काटने से घायल हो चुके हैं। यही नहीं कई बच्चों को भी आवारा कुत्तो ने काट कर जख़्मी कर दिया है। प्रति दिन इन कुत्तो द्वारा क्षेत्र के बकरियों को अपना निशाना बना रहे है। बुधवार को कसपुर निवासी पंचायत समिति सदस्य प्रीतिमा उरांव की आठ वर्षीय पुत्री अंकिता उरांव को बुरी तरह काट कर जख़्मी कर दिया। अंकिता घर के आंगन में खेल रही थी। इसी बीच आवारा कुत्तो की टोली ने अंकिता पर धावा बोल दिया। अंकिता की माँ व पिता बिनोद उरांव ने कुत्तो को बड़ी मशक्कत से भगाया। घायल पुत्री को भंडरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज कराया। इसके अलावे आवारा कुत्तों ने गांव के कई दुधारु पशुओं को काट खाया। जिस कारण ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों व पशुपालकों ने बताया कि गांव में आवारा कुत्तों के आतंक ने उनका जीना मुहाल कर रखा है। ये दिनभर झुंड बनाकर गांव में घूमते रहते हैं तथा पशुओं को अपना निशाना बना रहे है। ग्रामीणों ने बताया कि वे दुधारु पशु पालकर अपने परिवार का गुजारा करते हैं, लेकिन आवारा कुत्ते उनके पशुओं पर हमला कर उन्हें काल का ग्रास बना रहे है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में अब तक दर्जनों पशु इनके हमले का शिकार बन चुके है।

### घूरती रथ यात्रा संपन्न

**बिशुनपुर।** प्रखंड मुख्यालय एवं बनारी में बुधवार को घूरती रथ यात्रा धूमधाम के साथ संपन्न हो गया। मौसी बड़ी से भगवान जगन्नाथ भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के विग्रहों को विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर रथ में सवार करने के बाद श्रद्धालुओं के द्वारा रथ खींचकर ब्लॉक परिसर स्थित मंदिर से थाना परिसर स्थित मंदिर पहुंचाया गया जबकि बनारी में सिद्धिदात्री दुर्गा मंदिर से देवी मंडप पहुंचाया गया जहां ब्राह्मण मुन्नू पंडित टेमन दास प्रेमचंद मिश्रा के द्वारा विधि विधान के साथ पूजा अर्चना करते हुए महाप्रभु के विग्रहों को मंदिर मैं स्थापित किया गया इस अवसर पर भक्तों के द्वारा हरि बोल के नारे लगाए जा रहे थे। इस मौके पर भिखारी भगत गणेशराम महतो कृष्ण सिंह राजू मांझी बिंदेश्वर साहू अशोक चौरसिया भोला गुप्ता प्रमोद सिंह चंदन गुप्ता मनीष कुमार विद्यानंद ठाकुर वीरेंद्र ठाकुर बैजनाथ महतो सहित के श्रद्धालु उपस्थित थे।

## शांति और सद्भाव के साथ निकला मुहर्रम का जुलूस

# या अली, या हुसैन के नारों से गूंजा लोहरदगा

- *हम सबको हमेशा सच्चाई के मार्ग पर चलना चाहिए : रत्नेश मनोहर ठाकुर*
- *रहती दुनिया तक कायम रहेगा इमाम ए हुसैन का नाम : अब्दुल रउफ अंसारी*

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** त्याग व बलिदान का त्यौहार मुहर्रम लोहरदगा जिला में शांति एवं सद्भाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर लोहरदगा नगर क्षेत्र में जोशो-खरोश के साथ पारंपरिक हथियारों के साथ मुहर्रम का जुलूस निकाला गया। विभिन्न मुहल्लों के अखाड़े और जुलूस सर्वप्रथम जामा मस्जिद के समीप एकत्रित हुए। जिसके बाद अंजुमन इस्लामिया के सदर अब्दुल रउफ अंसारी, सचिव सैयद शाहिद अहमद बेलू, नाजिम ए आला हाजी अब्दुल जब्बार, कोषाध्यक्ष फिरोज शाह, थाना प्रभारी इंस्पेक्टर रत्नेश मनोहर ठाकुर, सहसचिव अल्ताफ कुरैशी, अनवर अंसारी, पूर्व सहसचिव मोजम्मिल अंसारी, सरवर खान, सिराज अंसारी आदि के द्वारा सभी अखाड़ों का स्वागत किया गया।



### कुडू में शांतिपूर्ण संपन्न हुआ मुहर्रम

**कुडू।** त्याग, बलिदान, मातम और सच्चाई का पर्व मुहर्रम कुडू शहर एवं प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांव में बुधवार 17 जुलाई की देर शाम अमन चैन के साथ संपन्न हो गया। प्रखंड के पंडरा, लावागाई, जिमा, चंडू, चिरी सहित दर्जनों गांव के लोगों द्वारा जुलूस निकाला गया जो अपने-अपने गांवों में घूमकर खेल प्रदर्शन किया। प्रखंड के विभिन्न गांव से आये हुए मुहर्रम जुलुश का मिलन कुडू ब्लाक मोड़ में किया गया। इस दौरान पूरा क्षेत्र या अली या हुसैन के नारो से गूंजता रहा। मिलन के बाद सभी अखाड़े के सदस्यों ने कुडू इंदिरा गाँधी चौक पहुँच लाठी-डंडे और पारंपरिक हथियार के साथ हैरतअंगेज खेल का प्रदर्शन किया। सफल रहे प्रतिभागियों को सीओ मधुमिश्रा, बीडीओ प्रवेश कुमार साव, इंस्पेक्टर चंद्रशेखर आजाद, थाना प्रभारी कुलदीप राज टोप्पो, सदर शमशेर खान, सद्भावना मंच के सलीम अमीर, स्थानीय संवाददाता ओमप्रकाश साहू, रवि कुमार आदि ने पुरुष्कार देकर सम्मानित किया।

### गुमला में मुहर्रम जुलूस पर ताजिया निकाला

**गुमला।** जिले के सभी प्रखंडों में मुहर्रम का जुलूस निकाला गया। मौके पर पुराना रायडीह मैदान में 4 गांवों का ताजिया मिलन किया गया। आखाड़ा में एक से बढ़कर एक अस्त्र-शस्त्र का खेल हुआ। मुख्य अतिथि के रुप में चैनपुर इंस्पेक्टर महिन्द्र करमाली थे। उन्होंने कहा कि सभी समुदाय के लोग इस मेले का आयोजन कर रहे हैं जो काबिले तारीफ है। मौके पर सदर हाफिज जहिरउद्दीन हबीबी, सेक्रेटरी तस्लीम खान, मेला संचालन समिति के सदर असरफ राय लालो, सेक्रेटरी नसीम ताज, संरक्षक सलीम खान जमाल ताज, मोहम्मद मोख्तार, मुमताज शाह आदि उपस्थित थे।

### चैनपुर में मुहर्रम पर्व पर निकला भव्य ताजिया और अखाड़ा जुलूस



**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड में मोहर्रम को ले कर के मुख्याल क्षेत्र में जुलूस वो ढोल तास के साथ धूम धाम से मनाया गया। वही मोहर्रम को लेकर जुलूस अस्पताल मोड़ से शुरू हुई जो, कुरुमगाड़ मोड़, थाना मोड़, ग्रामीण बैंक हो कर आजाद बस्ती में समापन किया गया। वही सिलफरी के समीप मुहर्रम का पर्व त्याग और बलिदान के पर्व मोहर्रम को लेकर चैनपुर के विभिन्न समितियों द्वारा बुधवार करतब दिखाए गया। चैनपुर के बरवेनगर, जमगाई, लंगड़ा मोड़ सहित अन्य कई गांव के जुलूस सिलफरी भदरा के पास पहुंचा। मोहर्रम की मिलान के दौरान या अली या हुसैन के नारों से इलाका गूंज उठा। मुहर्रम जुलूस में इस्लाम धर्मावलंबियों के साथ साथ विभिन्न धर्म के लोग भी शामिल हुए।

**समारोह** / 35 वां दो दिवसीय क्षेत्रीय कबड्डी व खो-खो प्रतियोगिता का भव्य समापन, बोले सच्चिदानंद लाल

# कुशल प्रबंधन से लक्ष्य का हो निर्धारण

- *खेल एवं आध्यात्म का अन्योन्याश्रय संबंध है : रामवतार नरसरिया*

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर में आयोजित दो दिवसीय उत्तर पूर्व क्षेत्रीय कबड्डी खो खो प्रतियोगिता का समापन हो गया। समापन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड प्रांत के संघचालक सच्चिदानंद लाल, क्षेत्रीय मंत्री राम अवतार नरसरिया, क्षेत्रीय सचिव नकुल कुमार शर्मा,भारती शिक्षा समिति के सचिव प्रदीप कुशवाहा, विद्या विकास समिति के सचिव अजय कुमार तिवारी, क्षेत्रीय खेलकूद प्रमुख कृष्णा प्रसाद, गुमला विभाग के विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार, विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल ,सचिव सह संयोजक अजय प्रसाद , उपाध्यक्ष विनोद राय सहित अन्य अधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे। प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास ने अतिथि परिचय कराया। मुख्य अतिथि सच्चिदानंद लाल ने कहा कि कुशल प्रबंधन के माध्यम से लक्ष्य का निर्धारण एवं निरंतर साधने का प्रयास करना चाहिए। क्षेत्रीय मंत्री रामवतार नरसरिया ने कहा कि भगवान भास्कर सर्व श्रेष्ठअनुशासन के प्रतीक एवं हनुमान जी दृढ़ संकल्प के प्रतीक हैं। खेल एवं आध्यात्म का अन्योन्याश्रय संबंध है। विद्या विकास समिति के प्रदेश सचिव अजय कुमार तिवारी ने कहा कि दृढ़ संकल्प से आगामी विजय निश्चित है। समापन समारोह में प्रांतीय खेलकूद प्रमुख सुरेश मंडल, विवेक मधुर, एसके गुप्ता, अस्पताल संचालक, मनोहर लाल इंटर महाविद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार सिंह, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर चापी के प्रधानाचार्य मनोहर मोदी, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर केरो के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार, सहित आचार्य आचार्या एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। मंच संचालन धनबाद विभाग के विभाग प्रमुख विवेक नयन ने किया।

### खो-खो व कबड्डी प्रतियोगिता में ये हुए विजेता और उपविजेता



खो-खो प्रतियोगिता बाल वर्ग भैया में लोक शिक्षा समिति विजेता तथा भारती शिक्षा समिति उपविजेता रही, विद्या विकास समिति को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। बाल वर्ग बहनों में विजेता विद्या विकास समिति तथा लोक शिक्षा समिति उपविजेता रही और भारतीय शिक्षा समिति तीसरे स्थान पर रही। किशोर वर्ग भैया में लोक शिक्षा समिति विजेता तथा विद्या विकास समिति उपविजेता रही और भारतीय शिक्षा समिति को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। किशोर वर्ग बहनों में प्रथम स्थान पर विद्या विकास समिति तथा लोक शिक्षा समिति द्वितीय स्थान पर और तृतीय स्थान पर भारतीय शिक्षा समिति रही। तरुण वर्ग भैया में विद्या विकास समिति ने परचम लहराया और भारतीय शिक्षा समिति उपविजेता बनी। तरुण वर्ग बहनों में विद्या विकास समिति ने विजेता का खिताब जीता। कबड्डी बाल वर्ग भैया में विद्या विकास समिति विजेता रही तथा भारतीय शिक्षा समिति उपविजेता और लोक शिक्षा समिति ने तृतीय स्थान पर रही। बाल वर्ग बहनों में पुनः विद्या विकास समिति ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, लोक शिक्षा समिति द्वितीय स्थान तथा भारतीय शिक्षा समिति तृतीय स्थान पर रही। किशोर वर्ग बहनों में विद्या विकास समिति प्रथम स्थान पर, लोक शिक्षा समिति द्वितीय स्थान पर रही। तथा भारती शिक्षा समिति तृतीय स्थान प्राप्त किया। किशोर वर्ग भैया में विद्या विकास समिति ने बाजी मारी और लोक शिक्षा समिति दूसरे स्थान पर भारती शिक्षा समिति तीसरे स्थान पर रही। तरुण वर्ग भैया मे क्रमशः लोक शिक्षा समिति, विद्या विकास समिति, भारती शिक्षा समिति ने प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## सिसई पुलिस ने नौ चोरी की बाइक किया बरामद

# दो अभियुक्त गिरफ्तार, दो फरार

- *विधिवत गिरफ्तारी कर न्यायालय में प्रस्तुत कर गुमला जेल भेज दिया गया*



**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** सिसई थाना क्षेत्र के बंधन ग्राम से चोरी की 09 मोटरसाइकिल बरामद किया है। वहीं दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है, जबकि दो अभियुक्त फरार हो गये। गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेज दिया गया। सिसई पुलिस ने बताया की गुप्त सूचना मिली की बंधनी ग्राम निवासी शाहनवाज अंसारी (पिता - खलील अंसारी) के पास चोरी का मोटरसाइकिल है। वह फर्जी नंबर प्लेट लगाकर चलाया जा रहा है। उक्त सूचना मिलने पर सिसई थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए, छापामारी दल का गठन किया। दल में सिसई थाना प्रभारी सह पुअनि संदीप कुमार यादव के नेतृत्व में पुअनि अजय कुमार, रिजर्व गार्ड हवलदार निमन उरांव, आरक्षी सुबोध गोप तथा नरेंद्र सरदार को शामिल किया गया। छापेमारी दल ने बंधनी ग्राम निवासी शाहनवाज अंसारी के घर में छापामारी कर जेएच 3 डी. 4701 बरामद किया। शाहनवाज अंसारी को विधिवत गिरफ्तारी कर उसके निशानदेही पर रकीब अंसारी के घर से 04 चोरी की मोटरसाइकिल, साहब अंसारी के घर से 03 चोरी का मोटरसाइकिल सहित कुल 09 चोरी के मोटरसाइकिल बरामद की गयी। उक्त काण्ड के मुख्य प्राथमिक अभियुक्त शाहनवाज अंसारी ( पिता - खलील अंसारी), तेजारूल अंसारी (पिता - मेहदिन अंसारी) दोनों अभियुक्त सिसई थाना स्थित बंधनी ग्राम निवासी हैं। जिन्हें विधिवत गिरफ्तारी कर न्यायालय में प्रस्तुत कर गुमला जेल भेज दिया गया। दो अन्य नामजद प्राथमिकी अभियुक्त रकीम अंसारी (पिता - बसीर अंसारी) एवं साहब अंसारी (पिता - खलील अंसारी) के गिरफ्तारी के लिए जगह-जगह छापामारी की जा रही है।

## एक नजर

### वाहन के पलट जाने से दबकर बच्ची की मौत

**बोकारो।** सिटी थाना क्षेत्र के एलएच झोपड़ी कॉलोनी स्ट्रीट 13 में पानी लदे वाहन के नीचे आने से बच्चे की मौत हो गई। बताया जाता है कि कॉलोनी में छोटा हाथी वाहन में पानी की टंकी रखकर घर-घर पानी जाकर बेचने का कार्य होता है। हर दिन की तरह बुधावार को भी यह वाहन पानी बांटने झोपड़ी कॉलोनी में आया। इसी दरमियान यह गाड़ी स्ट्रीट 13 में रहने वाले प्रहलाद यादव के घर के पास रुकी और पानी बांटना शुरू करने ही वाली थी, कि इस क्रम में प्रहलाद यादव की पत्नी राखी देवी पानी लेने अपने घर से बाहर निकली। जब वह गाड़ी से पानी ले रही थी। इस दौरान उनका दो वर्ष का पुत्र घर से बाहर निकाल कर ना जाने कब गाड़ी के पास चला गया ,और गाड़ी के पीछे खड़ा हो गया। गाड़ी में बाजा बहुत जोर से बज रहा था। कुछ देर के बाद चालक ने यह बिना आगे पीछे जांच किए , चालक ने गाड़ी आगे बढ़ा दी।

### निर्माण उद्योग में लगे मजदूरों के लिए मजदूरी घोषित

**रांची।** झारखंड सरकार ने निर्माण उद्योग में लगे कॉन्ट्रैक्ट लेबर के लिए निर्धारित मजदूरी घोषित कर दी है। झारखंड के लेबर कमिश्नर संजीव कुमार बेसरा ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। अधिसूचना के अनुसार अन-स्किल्ड मजदूर के लिए 12203.36 रुपए, सेमी स्किल्ड के लिए 12784.72 रुपए, स्किल्ड मजदूर के लिए 16853.20 रुपए और हाईली स्किल्ड मजदूर के लिए 19467.76 रुपए मजदूरी तय की गई है। सरकार के अवर सचिव ने इस अधिसूचना पर अपनी मोहर लगा दी है।

### स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया और विशाखापट्टनम स्टील का होगा विलय

**रांची।** एक बार फिर स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया और विशाखापट्टनम स्टील के विलय को लेकर सरगर्मी तेज हो गई है। इस संबंध में स्टील एग्जीक्यूटिव्स संगठन के प्रतिनिधियों ने सोमवार को आंध्र प्रदेश के भाजपा महासचिव और स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया के स्वतंत्र निदेशक सागी कासी विश्वनाथ राजू से उनके विशाखापट्टनम स्थित उनके कार्यालय में मुलाकात की। संगठन के प्रतिनिधियों से बात करते हुए उन्होंने बताया कि विशाखा स्टील की समस्याओं का स्थाई समाधान विशाखा स्टील का स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया में पुन विलय करना है। संगठन के अध्यक्ष कातम एसएस चंद्र राव और महासचिव केवींडी राव ने उनसे आग्रह किया है कि भारत सरकार की इस्पात नीति के अनुसार स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया 110000 करोड़ रुपए से उत्पादन क्षमता को 10 मिलियन तन बढ़ाने का प्रयास कर रही है।

### मुजीब कुरैशी ने जुलूस का किया स्वागत

**रांची।** मुहर्रम के मौके पर लीलू अलीअखाड़ा के तहत जमीयतुल कुरैशी पंचायत मुहर्रम कमेटी कांटा टोली कुरैशी मुहल्ला से जुलूस निकाला गया। जिसका स्वागत झारखंड प्रदेश जमीयतुल कुरैश के प्रदेश अध्यक्ष मुजीब कुरैशी द्वारा किया गया। इस मौके पर तमाड़ के विधायक विकास सिंह मुंडा, लोअर बाजार थाना प्रभारी दयानंद, खादगढ़ा टीओपी प्रभारी संजीव, लीलू अली अखाड़ा रांची महानगर के अध्यक्ष सौलाउद्दीन संजू, मीडिया प्रभारी गुलाम जावेद, जमीयतुल कुरैशी पंचायत मुहर्रम कमेटी के खलीफा बब्लू कुरैशी, बारिक, मुस्तफा, जमीयतुल कुरैश पंचायत के अध्यक्ष गुलाम गौस कुरैशी, महासचिव परवेज कुरैशी, उपाध्यक्ष अफरोज लड्डुन, पूर्व अध्यक्ष फिरोज कुरैशी, कांग्रेस वरीष्ठ नेता राजेश छोटू, सभी का पगड़ी बांध कर और पारंपरिक तलवार देकर सम्मानित किया। इस मौके पर कई राजनीतिक दलों एवं सामाजिक संगठनों के आस पास के हजारों लोग शामिल हुए।

# गांव में सड़क नहीं, मरीज को खटिया पर लादकर अस्पताल ले जाने की मजबूरी

**हाल मधुबन पंचायत के पश्चिम दहिया गांव का**



**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**

आजादी के 75 वर्ष बाद भी झारखंड में ऐसे कई गांव हैं, जहां लोगों को बुनियादी सुविधाएं भी नहीं मिल रही हैं. वहां न सड़कें हैं, न पानी और न ही बिजली । यदि कोई बीमार हुआ, तो लोग उसे कंधे पर टांग कर कई किलोमीटर दूर अस्पताल ले जाते हैं । धनबाद व गिरिडीह जिले की सीमा पर स्थित मधुबन पंचायत का पश्चिम दहिया गांव भी ऐसे ही गांवों में शुमार है । गांव में बीते 15 जुलाई को गर्भवती आदिवासी महिला बुधनी देवी की अचानक तबीयत बिगड़ गई । बरसात में रास्ता नहीं होने के कारण ग्रामीण उसे खटिया पर टांगकर अस्पताल ले गए । यह तस्वीर झारखंड के विकास की पोल खोल रही है ।

पश्चिम दहिया गांव गिरिडीह जिले की मधुबन पंचायत में आता है । यह गांव धनबाद जिले के तोपचांची प्रखंड की पावापुर पंचायत से सटा है । आदिवासी बहुल इस गांव में सड़क व पक्का कोई रास्ता नहीं है । ग्रामीण पगडंडियों से होकर आना-जाना करते हैं । ग्रामीणों ने बताया कि गांव में जब कोई बीमार होता है तो पुरुष उसे खटिया पर टांग कर करीब 2 किलोमीटर दूर सड़क पर ले जाते हैं, जहां एंबुलेंस इंतजार करती है । फिर, एंबुलेंस से उसे अस्पताल ले जाते हैं । अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों व सरकार को इस स्थिति पर ध्यान देने की जरूरत है ।

# तोपचांची में हाथियों का तांडव, 5 घरों व एक स्कूल को किया ध्वस्त



**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**

तोपचांची प्रखंड के बरगोड़ा गांव में मंगलवार की देर रात जंगली हाथियों ने जमकर उत्पात मचाया. 27-30 हाथियों के झुंड ने 5 घरों और एक स्कूल की दीवारों को ध्वस्त कर दिया।

पानी टंकी को भी क्षति पहुंचाई। खेत में लगी फसलों को तहस-नहस कर दिया। हाथियों ने गांव के मोहम्मद हुसैन के घर को क्षतिग्रस्त कर दिया और घर में रखे अनाज खा गए ।आम की बागवानी को भी क्षति पहुंचाई.मोहम्मद हुसैन ने बताया कि उसे करीब 3 लाख रुपए की संपत्ति का नुकसान हुआ है। गांव की जसवा देवी के घर की दीवार तोड़ दी और घर में रखा व अन्य सामान बर्बाद कर दिए । पार्वती देवी ने बताया कि घर को हाथियों ने चारों तरफ से घेर लिया था । वहीं, योगेश महतो के घर की दीवार व खिड़की को क्षतिग्रस्त कर दिया । हाथियों ने गांव में बंद पड़े सरकारी स्कूल के कमरे व खिड़कियों और निजामुद्दीन की पानी टंकी को भी क्षतिग्रस्त कर दिया।

हाथियों के झुंड ने गांव के बाहर खेतों में लगी फसलों को पैरों से रौंदकर भारी क्षति पहुंचाई । ग्रामीणों की सूचना पर वन विभाग की टीम गांव पहुंची इसके बाद हाथियों को खदेड़ा गया । झुंड पास के जंगल में डेरा डाले हुए है ग्रामीणों को डर है कि हाथी रात में फिर गांव पर हमला कर सकते हैं।

**पीड़ितों से मिले विधायक मथुरा महतो, मदद का भरोसा**

जानकारी मिलते ही टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो बुधवार को गांव पहुंचे और पीड़ित परिवारों से मुलाकात की ।उन्हें मुआवजा दिलाने का भरोस दिया ।अपने स्तर से भी उनकी आर्थिक व राशन सामग्री से मदद की ।उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों से कहा कि घटना की विस्तृत रिपोर्ट बनाकर वरीय अधिकारी को सौंपे । मौके पर तोपचांची सीओ डॉ संजय कुमार, बीडीओ फणीश्वर रजवार, विधायक प्रतिनिधि जगदीश चौधरी, प्रखंड प्रमुख आंनद महतो, मुखिया पति जितेन्द्र पाण्डेय, वन विभाग के अधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।

## सेल के 29 वरिष्ठ अधिकारी होंगे निलंबन मुक्त

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सेल के 29 वरिष्ठ अधिकारियों को निलंबन से मुक्त करने में स्टील एग्जीक्यूटिव फेडरेशन ऑफ इंडिया को सफलता मिली है। इस्पात मंत्रालय और सेल प्रबंधन ने 29 अधिकारियों के निलंबन का आदेश वापस ले लिया। इन अधिकारियों को पुन बहाल कर दिया गया है। तीन अधिकारियों के निलंबन वापस लेने के लिए फेडरेशन ने इस्पात मंत्रालय से लेकर प्रधानमंत्री कार्यालय तक अपनी बात पहुंचाई और निलंबन वापस हो गया। इस्पात मंत्रालय के निर्देश पर इसी वर्ष जनवरी में सेल के दो निदेशकों एनएमडीसी के निदेशक और सेल्वा सीएमओ के 26 वरिष्ठ अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया था। इन अधिकारियों को किन आरोपों को लेकर निलंबित किया गया था अभी तक ना तो इस्पात मंत्रालय ने स्पष्ट किया है और ना ही सेल प्रबंधन ने। सभी निलंबित अधिकारी पिछले 5 महीने से न्याय की प्रतीक्षा में थे। फेडरेशन का आरोप है कि इन्हें बिना किसी आप के निलंबित रखा गया। फेडरेशन का मानना है कि इनमें से कई अधिकारी तो ऐसे हैं जिन्हें संस्थान के सर्वोच्च पुरस्कार से पुरस्कृत भी किया जा चुका है। इन निलंबित अधिकारियों के कारण कंपनी में कार्यरत वरिष्ठ अधिकारियों का मनोबल गिरता जा रहा था। निलंबन वापसी के साथ ही सेल के अंदर टकराव की स्थिति खत्म हो गई है। इस मुद्दे को लेकर फेडरेशन ने पिछले दिनों केंद्रीय इस्पात मंत्री से मुलाकात कर सारी जानकारी दी थी और निलंबन वापस लेने की मांग भी की थी। इससे पहले फेडरेशन ने 100 से अधिक सांसदों से भी मुलाकात।

## जमानत पर रिहा हुए डाटू सिंह का सुखराम ने किया स्वागत

**चांडिल।** जंगली सूअर का शिकार करने के आरोप में गिरफ्तार डाटू सिंह सरदार को जमानत मिल गई है. नीमडीह थाना क्षेत्र के चालियामा पंचायत के बाधडीह गांव निवासी डाटू सिंह सरदार का बुधवार को समाजसेवी सुखराम हेम्ब्रम ने गर्मजोशी से स्वागत किया । वन विभाग ने छह जून को जंगली सूअर का शिकार कर मांस पकाने के आरोप में गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा था । एक माह बाद जिला न्यायलय से 16 जुलाई को डाटू सिंह जमानत पर रिहा होकर घर पहुंचे । बुधवार सुबह झारखंड आंदोलनकारी स्वच्छ चांडिल स्वस्थ चांडिल के संस्थापक सुखराम हेम्ब्रम अपने सहयोगियों के साथ राहुल पैलेस होटल में डाटू सिंह का फूल माला पहनाकर स्वागत किया । सुखराम हेम्ब्रम ने कहा कि भोले-भाले आदिवासियों को झूठे केस में फंसाकर वन विभाग अन्याय कर रहा है । इसके विरोध में दलमा वनक्षेत्र प्रभावित संघर्ष समिति नीमडीह, बोड़ाम, पटमदा, चांडिल व एमजीएम के बैनर तले आंदोलन किया गया । शिकार करना आदिवासियों के पूर्वजों द्वारा चलाई गई परंपरा है । इस पर रोक लगाना हम कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे।

## मुहर्रम में युवकों ने दिखाए हैरतअंगेज करतब

**चांडिल।** मुहर्रम के अवसर पर बुधवार को चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न स्थानों में ताजिया के साथ भव्य जुलूस निकाला गया. इस दौरान युवकों ने लाठी, भाला, तलवार आदि से हैरतअंगेज करतब दिखाए. चांडिल में आलीशान मुहर्रम कमेटी की ओर से जुलूस निकाला गया. चांडिल स्थित ईमामबाड़ा से निकल कर जुलूस चांडिल बस स्टैंड के बाद एनएच 32 के रास्ते बाजार का भ्रमण किया. जुलूस होटल राहुल पैलेस तक और डैम रोड का भ्रमण कर वापस ईमामबाड़ा पहुंचकर समाप्त हुआ. इस दौरान करतबबाजों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया । जुलूस के दौरान एनएच 32 के किनारे लोगों के लिए शर्बत का स्टॉल भी लगाया गया था । मुहर्रम के अवसर पर लोगों की अटूट आस्था का भरपूर समागम देखने को मिला । सुबह ईमामबाड़ा में फातिया के बाद लंगरखानी हुआ । इसके बाद अखाड़ा जुलूस प्रारंभ हुआ । मुहर्रम में पैगंबर मोहम्मद साकिब की शहादत पर कर्बला के शहीदों के बलिदान को याद किया जाता है ।

## झरिया में सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश, पुलिस तैनात

**झरिया।** झरिया के सुदामडीह थाना क्षेत्र के नुनुडीह में असामाजिक तत्वों ने बुधवार को माहौल बिगाड़ने की कोशिश की. बदमाशों ने गांव के हनुमान मंदिर में तोड़फोड़ की । मंदिर में स्थापित हनुमानजी की प्रतिमा को खंडित किया और अपने साथ ले गए । घटना की जानकारी बुधवार की अहले सुबह मंदिर के पास रहने वाले संतोष साव को मिली । रोज की तरह संतोष साव जब मंदिर की साफ-सफाई और पूजा करने गए, तो देखा हनुमान जी मूर्ति गायब है । उन्होंने घटना की जानकारी आसपास के लोगों को दी । खबर फैलते ही मंदिर के पास लोगों की भीड़ जुट गई । लोग काफी आक्रोशित थे और ऐसा करने वालों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे ।

## राजनीतिक रोटी सेंकने से बाज आएं नेता : सरयू राय

**नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर**

जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने इंदिरा नगर और कल्याण नगर के 150 घरों को टूटने से बचाने के लिए विभिन्न दलों से राजनीतिक रोटी न सेंकने की अपील की है. उन्होंने इंदिरा नगर और कल्याण नगर को राजनीतिक पर्यटन स्थल न बनाने की भी अपील की. सरयू राय ने कहा कि अगर सभी दलों को इन 150 घरों को टूटने से बचाने की चिंता है तो उन्हें एक मंच पर आना चाहिए. उन्हें एक नागरिक समिति बनाने की पहल करनी चाहिए. श्री राय ने कहा कि जब सभी का मकसद एक है, जब सभी इन 150 घरों को टूटने से बचाना चाहते हैं तो अपनी डफली, अपना राग नहीं चलेगा. सभी को एक मंच पर आना होगा. वह गुरुवार को इस चुनौतीपूर्ण कार्य के संबंध में पहल करेंगे।



मकान टूटने से बचाने की चिंता है तो सभी दलों एक मंच आएं

बुधवार को सोशल मीडिया पर इस मामले को लेकर लाइव वक्तव्य जारी करते हुए श्री राय ने कहा कि जो दल सत्ता में हैं, वो मुख्यमंत्री से कहवा कर एनजीटी को दिये जाने वाले हलफनामे (एफिडेविट) में यह लिखवा दें कि कोई घर नहीं टूटेगा. अगर ऐसा हो जाता है तो इससे बेहतर क्या होगा. अगर ऐसा नहीं होता तो राजनीतिक बयानबाजी छोड़ कर लोगों को एक मंच पर आना ही चाहिए।

## विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने चुनावी बिसात बिछानी शुरू की

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

विधानसभा चुनाव को भले ही 4 महीने बाकी हैं लेकिन भाजपा ने अपनी चुनावी बिसात बिछानी शुरू कर दी है। विधानसभा चुनाव में भाजपा की रणनीति और दिशा क्या होगी यह बहुत हद तक भाजपा के शहर चुनाव प्रभारी हेमंत बिस्वा सरमां के रांची के एकदिवसीय डर से साफ हो गया है। अपने रांची प्रवास के दौरान उन्होंने झारखंड के जनजातीय नेताओं के साथ मुलाकात कर साफ कर दिया है। हालांकि र लोकसभा के चुनाव मे राज्य की 81 विधानसभा सीटों में से 52 पर बढ़त मिली है,बावजूद इसके भाजपा आदिवासियों के वोट पर चुनाव लड़ना चाहती है। पार्टी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार लोकसभा चुनाव हार चुके अर्जुन मुंडा, सुदर्शन भगत, गीता कोड़ा, सीता सोरेन, समीर उरांव और अरुण उरांव समेत अन्य आदिवासी नेताओं को विधानसभा चुनाव के लिए तैयार कर रही है। अरुण उरांव ने अभी तक कोई चुनाव नहीं लड़ा है और पार्टी ने उन्हें कोल इंडिया में निदेशक बनाया था। लोकसभा चुनाव के समय उन्होंने लोहरदगा से चुनाव लड़ने की इच्छा जताई थी। उन्हें और सुदर्शन भगत को छोड़कर अन्य सभी लोकसभा चुनाव हार चुके हैं। जानकारी के अनुसार समीर उरांव गुमला से सुदर्शन भगत लोहरदगा से अर्जुन मुंडा खरसावां से गीता कूड़ा जगन्नाथपुर से सीता सोरेन जाम से चुनाव मैदान में उतर सकते हैं। पार्टी सीता सोरेन की बेटी जयश्री सोरेन को भी चुनाव मैदान में उतर सकती है। सूत्रों से जो जानकारी मिली है उसके अनुसार हेमंत विश्व शर्मा का रांची दौरा केंद्रीय नेतृत्व ने इसी इरादे के साथ फिक्स किया था।

## या अली, या हुसैन के नारों से गूंजी फिजा

**नवीन मेल संवाददाता। चांडिल**

चांडिल अनुमंडल क्षेत्र में बुधवार को मुहर्रम का त्योहार शांति व भाईचारे के साथ मनाया गया. मुहर्रम के मौके पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने कुकडू प्रखंड के चौड़ा में आकर्षक ताजिया व निशान के साथ जुलूस निकाला । इस दौरान या अली, या हसन, या हुसैन के नारों से पूरी फिजा गूंजती रही । चौड़ा मिल मैदान में चौड़ा ऊपर टोला, चौड़ा माझी टोला व पश्चिम बंगाल के हुडूमदा, पाटाहेसल का ताजिया जुलूस शामिल हुआ था । सिरकाडीह से निशान आया था । इस दौरान मिल मैदान चौड़ा में युवाओं ने तलवार, लाठी, भाला से कई हैरतअंगेज लाठी खेल का प्रदर्शन किया । मुहर्रम के जुलूस के दौरान जगह-जगह सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे । तिरुलडीह थाना की पुलिस थाना प्रभारी अलम चांद महतो के नेतृत्व



में मुस्तैद दिखी । वहीं जिला प्रशासन ने सरायकेला के डीटीओ शंकराचार्य सामड एवं बीईईओ रविशंकर महतो को दंडाधिकारी के रूप में प्रतिनियुक्त किया था । कुकडू प्रखंड के प्रभारी बीडीओ कीकू महतो भी जुलूस के दौरान मौजूद थे ।

मालूम हो कि त्याग व बलिदान का पर्व मुहर्रम इमाम हुसैन की कर्बला के मैदान में इस्लाम की खातिर कुबार्नी व उनकी शहादत को याद करने के लिए मनाया जाता है । इस दौरान मुहर्रम महीने के नवमी और दसवीं को मुहर्रम का रोजा उपवास रखा जाता है । इधर ताजिया जुलूस के दौरान चौड़ा मिल मैदान में फातेहाखानी भी की गयी । मौके पर मुहर्रम कमेटी के लाइसेंसी अध्यक्ष शायेद अंसारी, उपप्रमुख मो । एकराम, मुखिया प्रतिनिधि रामलाल सिंह मुंडा, समाजसेवी सुनील कुमार महतो, उपमुखिया लाल मोहम्मद अंसारी, ग्राम प्रधान शंकर सिंह मुंडा,अब्दुल रशीद अंसारी, मो । तनवीर आलम, गाफिर अंसारी, बनारसी रजक, अंसार अली, सफाई अंसारी, एनामुल हक अंसारी समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे ।

**जिक्र शोहदा ए कर्बला का आयोजन बरियातू में**

# इमाम हुसैन की कुर्बानी को समझने की जरूरत : आफताब

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

*मुहर्रम महीना की अहमियत किया है कर्बला के वाकिया किया है, इमाम हुसैन की कुबार्नी किया है यह लोगों को बताने की जरूरत है : सचिव आफताब आलम*

हजरत इमाम हुसैन और उनके परिवार और दीगर शहीदों की याद में पांच दिवसीय जिक्र शोहदा ए कर्बला का आयोजन मस्जिदे आला हजरत अशरफी सत्तार कालोनी बरियातु रांची झारखंड में किया गया। मिल्लते इस्लामिया बरियातु के लोग अजमते सहाबा और इमाम हुसैन की जिक्रे शोहदा ए करबला कांफ्रेंस में शामिल हुए। जिक्रे शोहदा ए करबला कांफ्रेंस में कई शहरों से आए उल्लेमा ए किराम ने अपनी अपनी तकरीरों में अजमते सहाबा, फज़िलते अहले बैत, अजमते ईमाम हुसैन, मदीना से कर्बला का सफर, दास्ताने कर्बला, माबादे कर्बला और पैगामें कर्बला बयां किया। कर्बला के शहीदों की याद ताजा हो गई। कमेटी के अध्यक्ष मो. शाहनवाज अहमद ने बताया की पहली बार हुए इस कांफ्रेंस में हजरत मौलाना डा. ताजुद्दीन (एदारा ए शरिया, रांची), मौलाना सज्जाद हुसैन (रामगढ़), मुफ्ती शादाब मरकजी (कर्नाटक), मुफ्ती शाहिद रजा मरकजी (खतीब व ईमाम मस्जिदे आला हजरत अशरफी) और पीरे तरिकत हजरत मौलाना अहकरुल कादरी (मुजफ्फरपूर) हाफिज अब्दुल मोबिन (डोरंडा), हाफिज मुस्लिम रजा (उलातू) और बुलबुले झारखंड अमजद रजा (उलातू), नाएब ईमाम हाफिज सलमान रजा, हाफिज लुकमान रजवी (मोहतमिम-मदरसा मदीनतुल उलूम, उलातू) और हाफिज मुजीब वगैरह शामिल हुए। आए हुए अतिथियों का स्वागत मस्जिद आला हजरत के सचिव मो आफताब आलम ने किया। आफताब आलम ने बताया कि बुधवार 17 जुलाई (10 मुहर्रम) आशुरा के दिन जोहर के बाद कुरानख्वानी, असर के बाद फातिहा, मिलाद, सलातो सलाम और अंत में खतीब व ईमाम मुफ्ती शाहिद रजा मरकजी ने उम्मते मुस्लिमा में भाईचारगी / एत्तिहाद और भारत के अमन व सूकून लिए लिए दुआ की। मस्जिदे आलाहजरत अशरफी के सिक्रेट्री मो, आफताब आलम ने बताया के शाम के वक्त इफतार, लंगर, शीरनी और सबील का भी इन्तजाम किया गया जिसमें मस्जिदे आला हजरत अशरफी के मुसल्लियान, मकतबे ख्वाजा गरीब नवाज के छात्र और फैजाने गौसुलवरा कमीटी के तमाम ओहदेदारान और मेम्बरान के साथ मदरसा मदीनतुल उलूम, उलातू के मेहमाने रसूल और कसीर तादाद में लोग शामिल रहे। सचिव आफताब आलम ने कहा की मुहर्रम महीना की अहमियत किया है कर्बला के वाकिया किया है, इमाम हुसैन की कुबार्नी किया है यह लोगों को बताने की जरूरत है।

## न्यूज बॉक्स

### एसएमएस या फोन कॉल से सावधान रहें एलआईसी पॉलिसी धारक

**रांची।** जीवन बीमा निगम ने अपने पॉलिसीधारकों को आग्रह किया है कि अगर किसी तरह का एसएमएस या फोन कॉल पर करंट पॉलिसी को बचाने के लिए कहा जाता है तो सावधान रहें। क्योंकि जीवन बीमा निगम द्वारा ऐसा कोई फोन या एसएमएस नहीं भेजा जा रहा है। पॉलिसी धारकों को अलर्ट नोटिस जारी कर कहा गया है कि कुछ लोग लालच देकर इस तरह की एसएमएस भेज रहे हैं इस तरह के प्रलोभन से बच्चे और केवल जीवन बीमा निगम से ही बात करें। इस तरह के प्रलोभन से पॉलिसी धारक दूर रहें। जीवन बीमा निगम द्वारा किसी भी तरह की सेटअप नहीं बनाए गए हैं और ना ही कोई ऐसा प्रोडक्ट शुरू किया गया है जहां लोग अपनी पॉलिसी को सिलेंडर करने के बजाय उसे सेल आउट करने का लालच दे रहे हैं। इस तरह का दावा करने वाले किसी भी व्यक्ति से जीवन बीमा का कोई लेना-देना नहीं है। जीवन बीमा निगम किसी भी पॉलिसी की सेल या ट्रांसफर बीमा अधिनियम 1938 के तहत ही होता है। अगर कोई नोटिस या एसएमएस आता है तो उसे नजरअंदाज करें।

### यूको बैंक में मुख्य डिजिटल अधिकारी के पदों पर निकली बहाली

**रांची।** यूको बैंक में मुख्य डिजिटल अधिकारी के पदों पर भर्ती होने जा रही है। इसके लिए बैंक ने नोटिफिकेशन जारी कर दिया है और 22 जुलाई तक आवेदन मांगे हैं। बैंक से मिली जानकारी के अनुसार इसके लिए उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं इस भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन 1 जुलाई से शुरू हो चुके हैं। योग्य उम्मीदवारों को अंतिम तारीख या उससे पहले आवेदन करना होगा अंतिम तारीख के बाद आवेदन का लिंक निष्क्रिय हो जाएगा इस भर्ती में सामान्य ओबीसी और ईडब्ल्यूएस वर्ग के लिए आवेदन शुल्क 1000 रुपए रखा गया है जबकि अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति और पीडब्ल्यूडी उम्मीदवारों के लिए आवेदन शुल्क 500 रुपए रखा गया है उम्मीदवारों को आवेदन शुल्क का भुगतान ऑनलाइन माध्यम से करना होगा। इस भर्ती के लिए उम्मीदवार की न्यूनतम आयु 35 वर्ष और अधिकतम आयु 50 वर्ष होनी चाहिए। आरक्षित वर्गों को सरकार के नियमों अनुसार अधिकतम आयु सीमा में छूट प्रदान की जाएगी इसके लिए किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कंप्यूटर विज्ञान सूचना प्रौद्योगिकी समेत अन्य संबंधित क्षेत्र में बीई बीटेक एमसीए या समकक्ष योग्यता होनी चाहिए इसके अलावा उम्मीदवार को न्यूनतम 10 वर्ष का अनुभव भी होना चाहिए उम्मीदवार इस भर्ती की शैक्षणिक योग्यता की विस्तृत जानकारी बैंक के ऑफिशल नोटिफिकेशन से प्राप्त कर सकते हैं इस भर्ती के लिए उम्मीदवारों का चयन आवेदन फार्म की शॉर्ट लिस्टिंग के बाद व्यक्तिगत साक्षात्कार और डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन करने के बाद भर्ती नियमों के अनुरूप किया जाएगा। उम्मीदवारों को आवेदन फार्म में पूछी गई सारी जानकारियां सही भरनी होगी।

### फैशन एंड लाइफस्टाइल एग्जीबिशन कल से

**रांची।** सामाजिक सरोकारों से जुड़ी संस्था जेसीआई उड़ान द्वारा 19 और 20 जुलाई को स्वर्ण भूमि बैंक्विट हॉल में फैशन एंड लाइफस्टाइल एग्जीबिशन लगाई जा रही है। इस एग्जीबिशन से होने वाली आय महिलाओं के सशक्तीकरण पर खर्च की जाएगी। यह जानकारी मंगलवार को संस्था की जनसंपर्क अधिकारी श्वेता अग्रवाल ने दी। प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने बताया कि इस एग्जीबिशन में रांची के अलावा मुंबई, कोलकाता, दिल्ली, लखनऊ, रानीगंज, जयपुर, सूरत और झारखंड के अलग-अलग जिलों से आने वाली उद्यमी महिलाएं स्टॉल लग रही हैं। इस एग्जीबिशन में डिजाइनर साड़ियां स्टाइलिश बैग किड्स वियर महिलाओं के परिधान स्टेशनरी क्रोकरी समेत घर सजाने के सैकड़ों आइटम नजर आएंगे। जेसीआई रांची उड़ान द्वारा पिछले 12 वर्षों से हर साल यह एग्जीबिशन लगाई जाती है। फैशन एंड लाइफस्टाइल एग्जीबिशन की प्रोजेक्ट चेयरमैन कोमल रुंगटा, सुष्मिता सोमानी, विनीता पोद्दार, पूजा केसरी, कीर्ति बुधिया और रश्मि है। एग्जीबिशन की प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर अर्चना मुरारका और अ?नता अग्रवाल है। आयोजन को आकर्षक और सफल बनाने के लिए उड़ान की अध्यक्ष ट्विंकल छावनीका, सचिव अदिति मेवाड़ा, पूर्व अध्यक्ष राखी जैन, राखी गंगवाल जैन, वृंदा अग्रवाल, पल्लवी साबू, निधि सराफ, विनीता चितलांगिया, श्वेता अग्रवाल, शिखा खिरवार और शिल्पा केजरीवाल महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

### 31 जुलाई तक आयकरदाता कर सकेंगे रिटर्न दाखिल

**रांची।** आयकर दाताओं को इस माह के के अंतिम दिन 31 जुलाई तक रिटर्न दाखिल करना है। उसके बाद रिटर्न दाखिल करने वालों को पेनाल्टी लगाई जाएगी। कोई आयकर दाता अगर टैक्स रिटर्न फाइल नहीं करता है तो इस साल की आखिरी तारीख 31 दिसंबर तक बिलेटेड रिटर्न दाखिल कर सकता है और इसके लिए भी उसे पेनल्टी चुकानी पड़ेगी। 31 मार्च को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष के लिए आयकर रिटर्न जमा करने की आखिरी तारीख 31 जुलाई है हालांकि आईटीआर फाइल करने का प्रोसेस थोड़ा कठिन हो सकता है लेकिन व्यक्तिगत आयकर दाताओं के लिए जिन्हें अपने रिटर्न दाखिल करने के लिए विभिन्न धाराओं और चीजों को समझने में मुश्किल होती है। समय पर रिटर्न दाखिल नहीं कर पाते हैं।

### कोल इंडिया ने उत्पादन लक्ष्य किया हासिल

**रांची।** कोल इंडिया और उसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा चालू वित्तीय वर्ष 2024 25 की पहली तिमाही में 30 जून तक कोयला उत्पादन लक्ष्य हासिल कर लिया है। कंपनी ने निर्धारित लक्ष्य 189.17 मिलियन टन के मुकाबले 189.28 मिलियन टन कोयल का उत्पादन किया है। कंपनी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार भारत कोकिंग कॉल ने 10.4 मिलियन तान के मुकाबले 10.53 मिलियन टन उत्पादन किया है। इसी तरह एमसी में 50.31 मिलियन तान के मुकाबले 51.83 मिलियन टन कोयल का उत्पादन किया है एनसीएल ने 35.35 मिलियन तान के मुकाबले 35.78 मिलियन टन कोयल का उत्पादन किया है। वेस्टर्न कोलफील्ड ने 16.54 मिलियन टन के मुकाबले 18.25 मिलियन टन और एनईसी मैं 03 मिलियन 10 की जगह 05 मिलियन टन उत्पादन किया है, जबकि एसईसीएल ने 44.32 मिलियन तान के मुकाबले 41. 95 मिलियन टन और सीसीएल ने 20.88 मिलियन तन की जगह 19.19 मिलियन टन कोयला उत्पादित किया है।

### झारखंड के जेलों में बंद कैदियों की बढ़ेगी मजदूरी

**रांची।** झारखंड के जेलों में बंद कैदियों की दैनिक मजदूरी में बढ़ोतरी की जा रही है। मजदूरी में बढ़ोतरी 8 साल के बाद की जा रही है। गृह कर एवं आपदा प्रबंधन विभाग में पिछली बार 10 जून 2015 को मजदूरी बढ़ाने के लिए अधिसूचना जारी की थी। अभी तक उन्हें इस अधिसूचना के अनुसार मजदूरी दी जा रही है। कुशल के लिए 91 रुपए अर्ध कुशल के लिए 113 रुपए और कुशल के लिए 114 रुपए प्रतिदिन भुगतान किया जा रहा है। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार झारखंड के विभिन्न जिलों में काम कर रहे कैदी मजदूरों के लिए यह अच्छी खबर है। उनकी मजदूरी बढ़ाने के लिए सरकार विचार कर रही है विभागीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मजदूरी में बढ़ोतरी को लेकर जय आईजी सुदर्शन प्रसाद मंडल की तरफ से गृह विभाग को प्रस्ताव भेजा गया है।

### धोखाधड़ी का आरोपी यूपी से गिरफ्तार

**जमशेदपुर।** साकची पुलिस ने धोखाधड़ी के आरोप में फरार चल रहे अंशुल गुप्ता को उत्तर प्रदेश के बरेली से गिरफ्तार किया है. अंशुल के खिलाफ राकेश चौधरी ने अगस्त 2024 में कोर्ट परिवाद दर्ज कराया था. जिसके आधार पर साकची थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी. इधर, कोर्ट में प्रस्तुत नहीं होने के बाद कोर्ट ने अंशुल के खिलाफ वारंट निर्गत कर दिया।

# कृषि प्रधान देश में बदलेगी कृषि

***भारत*** पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के बाद अब विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दौड़ में है और इसमें कृषि की भी बड़ी भूमिका है क्योंकि कृषि प्रधान भारत की अर्थव्यवस्था किसानों के आसपास ही घूमती है पर अभी भी दूर दराज के गांवों तक नई तकनीक और आधुनिक बीज या खाद नहीं पहुँच पाए हैं। केंद्र और राज्य सरकारों की विभिन्न एजेंसियां लगातार छोटी बड़ी योजनाएं बनाकर परिवर्तन लाने का प्रयास करती रहीं हैं पर प्रखंड स्तर पर जागरूकता, संचार, संवाद की कमी और भ्रष्टाचार के कारण जंगलों से लगे या दुर्गम इलाकों के अलावा अनेक क्षेत्र अभी भी प्राचीन तौर तरीके से खेती कर रहे हैं जिससे उनकी आर्थिक स्थिति खराब हो गई है।

**केंद्र और राज्य सरकारों की विभिन्न एजेंसियां लगातार छोटी बड़ी योजनाएं बनाकर परिवर्तन लाने का प्रयास करती रहीं हैं पर प्रखंड स्तर पर जागरूकता, संचार,संवाद की कमी और भ्रष्टाचार के कारण जंगलों से लगे या दुर्गम इलाकों के अलावा अनेक क्षेत्र अभी भी प्राचीन तौर तरीके से खेती कर रहे हैं जिससे उनकी आर्थिक स्थिति खराब हो गई है।**

अनेक किसान तो मजबूरी में रिक्शाचालक बनकर शहरों में रह रहे हैं और उनके खेत उपेक्षित होते जा रहे हैं। केंद्र सरकार खेती किसानी की बदलती हुई नई तस्वीर के साथ कुछ महत्वपूर्ण योजनाएं शुरू करने जा रही है। इसमें केंद्र सरकार नए-नए स्टार्टअप्स शुरू करने वालों से लेकर कृषि उद्यमियों को सहायता करने वाले हैं। इसके लिए बाकायदा केंद्र सरकार वैकल्पिक निवेश कोष को स्थापित करेगी। जिसमें किसानों के लिए कृषि कोष जिसको एग्रीश्योर के नाम से शुरू किया जाएगा। शुरूआती चरण में साढ़े सात सौ करोड़ रुपये के साथ खेती किसानी में बेहतरी में किसानों की और मदद की जाएगी। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के अधिकारियों के मुताबिक ग्रामीण उद्यमों के लिए कृषि कोष शुरू करने की तैयारी हो चुकी है। इसके अलावा कृषि और उससे संबंधित क्षेत्र में काम कर रहे हैं। स्टार्टअप को भी सहयोग देकर आगे बढ़ाने की पूरी तैयारी की हुई है। कृषि मंत्रालय के अधिकारियों के मुताबिक वैकल्पिक निवेश कोष के माध्यम से कृषि के क्षेत्र में होने वाले इनोवेशन और उनकी स्थिरता को बढ़ाया जाएगा। ऐसा होने पर न सिर्फ खेती किसानी के क्षेत्र में नए नवाचार और उन्नत जानकारियां सामने आएंगे। बल्कि किसानों को भी इससे सीधा फायदा होगा। कुछ दिन पहले हुई नेशनल एग्रीकल्चर बोर्ड एंड रूरल डेवलपमेंट (नाबार्ड) की एक महत्वपूर्ण बैठक में इसको लेकर प्रमुख अधिकारियों ने महत्वपूर्ण चचाएं की हैं। नाबार्ड के अध्यक्ष शाजी केवी कहते हैं कि जब खेती किसानी में इनोवेशन होगा और तकनीक पर बेहतर तरीके से काम किया जाएगा, तो कृषि के विकास में हम और भी कई कदम आगे बढ़ेंगे। इसका सीधा फायदा न सिर्फ किसानों बल्कि उन कृषि उद्यमियों के साथ-साथ देश का भी होगा। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के आपसी सहयोग को और मजबूती से आगे बढ़ाने की बेहद आवश्यकता भी है। खेती किसानी के लिए होने वाले नवाचार के साथ-साथ कृषि उद्यमियों की मदद से देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए लिहाज से यह फंड व्यवस्था बेहतर होगी। केंद्रीय कृषि मंत्रालय के अधिकरियों के मुताबिक शुरूआती दौर में नाबार्ड और कृषि मंत्रालय ढाई-ढाई सौ करोड़ रुपये देंगे। जबकि इतने ही रुपए अन्य संस्थाओं से भी मिलेंगे। अधिकारियों के मुताबिक यह व्यवस्था खेती किसानी में इनोवेशन, कृषि उपज को और बढ़ाने के तौर तरीके, खेती किसानी में रोजगार सृजन से लेकर किसान उत्पादक संगठनों को मजबूती के साथ आगे कर उनकी मदद करेगा। झारखंड के बिरसा कृषि विश्वविद्यालय सहित अनेक कृषि विज्ञान केंद्रों और आइसीएआर के अनेक केंद्र सक्रिय हैं उन्हें राज्य सरकार सहयोग करे और समन्वय बने तो राज्य और देश के लिए बड़ा योगदान हो सकता है।

आध्यात्म

# लोक मंगल की तिथि देवशयनी एकादशी अर्थात पद्मनाभा



संजय तिवारी



***आज*** देव शयनी एकादशी है। यह लोक मंगल की तिथि है। सनातन हिंदू आर्य वैदिक परंपरा में एकादशी का व्रत महत्वपूर्ण स्थान रखता है। प्रत्येक वर्ष चौबीस एकादशियां होती हैं। जब अधिकमास या मलमास आता है तब इनकी संख्या बढ़कर 26 हो जाती है। आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी को ही देवशयनी एकादशी कहा जाता है। कहीं-कहीं इस तिथि को 'पद्मनाभा' भी कहते हैं। सूर्य के मिथुन राशि में आने पर ये एकादशी आती है। इसी दिन से चातुर्मास का आरंभ माना जाता है। इस दिन से भगवान श्री हरि विष्णु क्षीरसागर में शयन करते हैं और फिर लगभग चार माह बाद तुला राशि में सूर्य के जाने पर उन्हें उठाया जाता है। उस दिन को देवोत्थानी एकादशी कहा जाता है। इस बीच के अंतराल को ही चातुर्मास कहा गया है। पुराणों में वर्णन आता है कि भगवान विष्णु इस दिन से चार मासपर्यन्त (चातुर्मास) पाताल में राजा बलि के द्वार पर निवास करके कार्तिक शुक्ल एकादशी को लौटते हैं। इसी प्रयोजन से इस दिन को 'देवशयनी' तथा कार्तिकशुक्ल एकादशी को प्रबोधिनी एकादशी कहते हैं। इस काल में यज्ञोपवीत संस्कार, विवाह, दीक्षाग्रहण, यज्ञ, गृहप्रवेश, गोदान, प्रतिष्ठा एवं जितने भी शुभ कर्म है, वे सभी त्याज्य होते हैं। भविष्य पुराण, पद्म पुराण तथा श्रीमद्भागवत पुराण के अनुसार हरिशयन को योगनिद्रा कहा गया है। संस्कृत में धार्मिक साहित्यानुसार हरि शब्द सूर्य, चन्द्रमा, वायु, विष्णु आदि अनेक अर्थो में प्रयुक्त है। हरिशयन का तात्पर्य इन चार माह में बादल और वर्षा के कारण सूर्य-चन्द्रमा का तेज क्षीण हो जाना उनके शयन का ही द्योतक होता है। इस समय में पित्त स्वरूप अग्नि की गति शांत हो जाने के कारण शरीरगत शक्ति क्षीण या सो जाती है। आधुनिक युग में वैज्ञानिकों ने भी खोजा है कि कि चातुर्मास्य में (मुख्यतः वर्षा ऋतु में) विविध प्रकार के कीटाणु अर्थात सूक्ष्म रोग जंतु उत्पन्न हो जाते हैं, जल की बहुलता और सूर्य-तेज का भूमि पर अति अल्प प्राप्त होना ही इनका कारण है। शास्त्रों के अनुसार आषाढ़ शुक्ल पक्ष में एकादशी तिथि को शंखासुर दैत्य मारा गया। अतः उसी दिन से आरम्भ करके भगवान चार मास तक क्षीर समुद्र में शयन करते हैं और कार्तिक शुक्ल एकादशी को जागते हैं। पुराण के अनुसार यह भी कहा गया है कि भगवान हरि ने वामन रूप में दैत्य बलि के यज्ञ में तीन पग दान के रूप में मांगे। भगवान ने पहले पग में संपूर्ण पृथ्वी, आकाश और सभी दिशाओं को ढक लिया। अगले पग में सम्पूर्ण स्वर्ग लोक ले लिया। तीसरे पग में बलि ने अपने आप को समर्पित करते हुए सिर पर पग रखने को कहा। इस प्रकार के दान से भगवान ने प्रसन्न होकर पाताल लोक का अधिपति बना दिया और कहा वर मांगो। बलि ने वर मांगते हुए कहा कि भगवान आप मेरे महल में नित्य रहें। बलि के बंधन में बंधा देख उनकी भार्या लक्ष्मी ने बलि को भाई बना लिया और भगवान से बलि को वचन से मुक्त करने का अनुरोध किया। तब इसी दिन से भगवान विष्णु जी द्वारा वर का पालन करते हुए तीनों देवता चार-चार माह सुतल में निवास करते हैं। विष्णु देवशयनी एकादशी से देवउठानी एकादशी तक, शिवजी महाशिवरात्रि तक और ब्रह्मा जी शिवरात्रि से देवशयनी एकादशी तक निवास करते हैं। इस एकादशी को सौभाग्य की एकादशी के नाम से भी जाना जाता है। पद्म पुराण का दावा है कि इस दिन उपवास या उपवास करने से जानबूझकर या अनजाने में किए गए पापों से मुक्ति मिलती है। इस दिन पूरे मन और नियम से पूजा करने से महिलाओं की मोक्ष की प्राप्ति होती है। ब्रह्मवैवर्त पुराण के अनुसार देवशयनी एकादशी का व्रत करने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। शास्त्रों के अनुसार चातुर्मास में 16 संस्कारों का आदेश नहीं है। एक बार देवऋषि नारदजी ने ब्रह्माजी से इस एकादशी के विषय में जानने की उत्सुकता प्रकट की, तब ब्रह्माजी ने उन्हें बताया- सतयुग में मांधाता नामक एक चक्रवर्ती सम्राट राज्य करते थे। उनके राज्य में प्रजा बहुत सुखी थी। किंतु भविष्य में क्या हो जाए, यह कोई नहीं जानता। अतः वे भी इस बात से अनभिज्ञ थे कि उनके राज्य में शीघ्र ही भयंकर अकाल पड़ने वाला है। उनके राज्य में पूरे तीन वर्ष तक वर्षा न होने के कारण भयंकर अकाल पड़ा। इस दुर्भिक्ष (अकाल) से चारों ओर त्राहि-त्राहि मच गई। धर्म पक्ष के यज्ञ, हवन, पिंडदान, कथा-व्रत आदि में कमी हो गई। जब मुसीबत पड़ी हो तो धार्मिक कार्यों में प्राणी की रुचि कहाँ रह जाती है। प्रजा ने राजा के पास जाकर अपनी वेदना की दुहाई दी। राजा तो इस स्थिति को लेकर पहले से ही दुखी थे। वे सोचने लगे कि आखिर मैंने ऐसा कौन सा पाप कर्म किया है, जिसका दंड मुझे इस रूप में मिल रहा है? फिर इस कष्ट से मुक्ति पाने का कोई साधन करने के उद्देश्य से राजा सेना को लेकर जंगल की ओर चल दिए। वहाँ विचरण करते-करते एक दिन वे ब्रह्माजी के पुत्र अंगिरा ऋषि के आश्रम में पहुंचे और उन्हें साष्टांग प्रणाम किया। ऋषिवर ने आशीर्वचनोपरांत कुशल क्षेम पूछा। फिर जंगल में विचरने व अपने आश्रम में आने का प्रयोजन जानना चाहा। तब राजा ने हाथ जोड़कर कहा- 'महात्मन! सभी प्रकार से धर्म का पालन करता हुआ भी मैं अपने राज्य में दुर्भिक्ष का दृश्य देख रहा हूं। आखिर किस कारण से ऐसा हो रहा है, कृपया इसका समाधान करें।' यह सुनकर महर्षि अंगिरा ने कहा- 'हे राजन! सब युगों से उत्तम यह सतयुग है। इसमें छोटे से पाप का भी बड़ा भयंकर दंड मिलता है। इसमें धर्म अपने चारों चरणों में व्याप्त रहता है। ब्राह्मण के अतिरिक्त किसी अन्य जाति को तप करने का अधिकार नहीं है जबकि आपके राज्य में एक शूद्र तपस्या कर रहा है। (यहां शास्त्र स्पष्ट करते हैं कि ब्राह्मण कौन है। यह ब्राह्मण आज वाली कोई जाति नहीं है बल्कि सनातन वैदिक ब्राह्मण धर्म का निर्वहन करने वाले शास्त्रोक्त मनुष्य की श्रेणी है।) यही कारण है कि आपके राज्य में वर्षा नहीं हो रही है। जब तक वह काल को प्राप्त नहीं होगा, तब तक यह दुर्भिक्ष शांत नहीं होगा। दुर्भिक्ष की शांति उसे मारने से ही संभव है।' किंतु राजा का हृदय एक नरपराधशूद्र तपस्वी का शमन करने को तैयार नहीं हुआ। उन्होंने कहा-'हे देव मैं उस निरपराध को मार दूं, यह बात मेरा मन स्वीकार नहीं कर रहा है। कृपा करके आप कोई और उपाय बताएं।' महर्षि अंगिरा ने बताया- 'आषाढ़ माह के शुक्लपक्ष की एकादशी का व्रत करें। इस व्रत के प्रभाव से अवश्य ही वर्षा होगी।' राजा अपने राज्य की राजधानी लौट आए और चारों वर्णों सहित पद्मा एकादशी का विधिपूर्वक व्रत किया। व्रत के प्रभाव से उनके राज्य में मूसलधार वर्षा हुई और पूरा राज्य धन-धान्य से परिपूर्ण हो गया।
**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

## आपकी बात

### नीट का पेपर लीक होना एक कलंक की बात है



पूजा कुमारी




***नीट*** का पेपर लीक होना भारत की शिक्षा प्रकिया पर एक बड़ा सिर्फ विद्यार्थियों मेहनत का सम्मान नहीं कलंक है, ये, ना मेहनत है, बल्कि और पूरी प्रशासनिक व्यवस्था पर भी सवाल उठता है। ऐसी घटनाएं देश के शिक्षा व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव डालती है। यदि कोई परीक्षा के प्रश्न लीक होते हैं तो सिर्फ विद्यार्थियों का ही नुकसान नहीं होता है, बल्कि प्रशासन पर भी सवाल उठते है! ऐसी स्थिति में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करना बहुत जरूरी होती है ताकि आने वाली परीक्षाऐं निर्भीक और न्याय के साथ हो सकें। नीट का पेपर लीक होना भारत के लिए एक गंभीर समस्या है और इस प्रकार की घटना के कारण भारत को अन्य, देशों की तुलना में कई विशेष चुनीतियों का सामना करना पड़ रहा है। इस घटना से सरकार की विश्वसनीयता और प्रतिबद्धता पर प्रश्न चिन्ह लगा दिया गया है। लोगों का विश्वास, टूट जाता है कि सरकार निष्पक्ष और पारदर्शी परीक्षा व्यवस्था नहीं ले सकती।
अंतरराष्ट्रीय छवि पर जब ऐसे हादसे असर डालते हैं तो दूसरे देशों की दृष्टि में भारत की छवि खराब होती है विश्व में हमारी शिक्षा प्रक्रिया और प्रशासन की विश्वसनीयता पर सवाल उठते हैं। भारत पर कई प्रकार के असर पड़े और नियमो तथा विनियमों को लेकर सरकार को कई कदम उठाने पड़ेंगे। यहाँ कुछ प्रमुख और बदलाव दिए गए है। जैसे आर्थिक परीक्षाओं के लीक होने से हमारे विद्यार्थी देश के जिनका ब्रेन ड्रेन प्रभाव। देश प्रतिभाशाली होते हुए भी प्रतिभाओं को बाहर जाने को प्रेरित करते हैं। बाहर जाने पर देश की समृद्धि पर भी असर पड़ता है तुलना में विकासशील देशों और यूरोप लीक की आर्थिक अन्य देशों के जैसे अमेरिका के कई देशों में परीक्षा व्यवस्था और सुरक्षित होती है और लीक होने की संभावना कम होती है। इसलिए हमारी व्यवस्था को उनकी तुलना में कमजोर माना जाता है। नीट का पेपर लीक होने के बाद भारत जिस गंभीर दौर से चुनौतियो का सामना करना पड़ा। वे अन्य देशों की तुलना में अधिक और जटिल शिक्षा प्रणाली की विश्वसनीयती बनाए रखने, प्रशासनिक और कानूनी जाँच करने, नीतिगत सुधार लागू करने और हाणी की मानसिक स्थिति को संभालने के लिए भारत सरकार को तेजी से और प्रभावी कदम उठाने पड़े। उन सब प्रयासों का उद्देश्य न केवल शिक्षा प्रणाली की साख को बहाल करना था। बल्कि यह सुनिश्चित करना भी था बल्कि यह सुनिश्चित करना भी था कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

**नीट का पेपर लीक होना भारत के लिए एक गंभीर समस्या है और इस प्रकार की घटना के कारण भारत को अन्य, देशों की तुलना में कई विशेष चुनीतियों का सामना करना पड़ रहा है। इस घटना से सरकार की विश्वसनीयता और प्रतिबद्धता पर प्रश्न चिन्ह लगा दिया गया है।**

**पत्रकारिता विभाग,**
**डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय**
**रांची**

अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-**article.rnmail@gmail.com**

न्याय

# मुस्लिम महिलाओं के लिए यह फैसला ऐतिहासिक है




प्रो. मनीषा शर्मा

***सुप्रीम*** कोर्ट का 10 जुलाई को अहम फैसला आया है। शीर्ष अदालत ने कहा कि मुस्लिम महिलाएं सीआरपीसी (आपराधिक प्रक्रिया संहिता) की धारा 125 के तहत पति से तलाक के बाद भरण पोषण पाने की हकदार हैं। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति आगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने तेलंगाना उच्च न्यायालय के उसे फैसले को चुनौती देने वाली एक मुस्लिम व्यक्ति की याचिका को खारिज कर दिया जिसमें कहा गया था कि उसे अपनी तलाकशुदा पत्नी को हर महीने 20000 रुपये देने चाहिए। उसकी याचिका में कहा गया था कि मुझसे महिला धर्मनिरपेक्ष कानून के तहत भरण पोषण की मांग नहीं कर सकती। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि गुजारा भत्ता दान का मामला नहीं है बल्कि विवाहित महिलाओं का मौलिक अधिकार है। कोर्ट ने कहा कि हमारे संविधान में हर धर्म की महिला को समान हक देने का कानून है। इसलिए मुस्लिम महिला को भी गुजारा भत्ता पाने का उतना ही अधिकार है जितना अन्य धर्म की महिलाओं को है। क्या है मामलाः अब्दुल समद नाम के एक मुस्लिम शख्स ने पत्नी को गुजारा भत्ता देने के तेलंगाना हाई कोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। सुप्रीम कोर्ट में इसने दलील दी थी कि तलाकशुदा मुस्लिम महिला सीआरपीसी की धारा 125 के तहत याचिका दायर करने की हकदार नहीं है। महिला को मुस्लिम महिला अधिनियम 1986 के प्रावधानों के तहत ही चलना होगा। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस आगस्टिन जार्ज मसीह की पीठ ने फैसला सुनाते हुए कहा कि मुस्लिम महिलायें गुजारा भत्ते के लिए कानून का इस्तेमाल कर सकती है। वह सीआरपीसी की धारा 125 के तहत याचिका दायर कर सकती हैं। ऐसा ही फैसला 1985 में शाहबानो केस में सुनाया गया था। यह फैसला शाहबानो केस की याद ताजा कर गया। शाहबानो प्रकरण में सुप्रीम कोर्ट ने 1985 में कहा था कि सीआरपीसी की धारा 125 में मुस्लिम महिलाओं को भी पति से भरण पोषण पानी का अधिकार है। उस समय कट्टरपंथी मौलवियों के विरोध, रोष और प्रदर्शन बाद तत्कालीन राजीव गांधी सरकार ने मुस्लिम तलाकशुदा महिला के भरण पोषण के लिए नया कानून लाकर सुप्रीम कोर्ट का फैसला पलट दिया था और पति से गुजारा भत्ता पाने की अवधि इद्दत तक अर्थात 3 महीने सीमित कर दी थी।
**(ये लेखक के निजी विचार है।)**

**जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस आगस्टिन जार्ज मसीह की पीठ ने फैसला सुनाते हुए कहा कि मुस्लिम महिलायें गुजारा भत्ते के लिए कानून का इस्तेमाल कर सकती है।**

## फेसबुक वॉल से




## X- से

Hemant Soren @HemantSoren... · 2m

हज़रत इमाम हुसैन साहब की शहादत मानवजाति को भाईचारे का संदेश देता है; इंसाफ, त्याग और बलिदान का संदेश देता है।

हज़रत इमाम हुसैन साहब की शहादत को नमन।

#Muharram

1 6 30 104

# नाथद्वारा का विश्वास स्वरूपम और पर्यटन की नई संभावना

राजस्थान के नाथद्वारा में स्थित विश्वास स्वरूपम (स्टैच्यू ऑफ बिलीफ) पर्यटकों को लुभाने लगा है। दो साल पहले नवंबर में उद्घाटन के बाद से अब तक 15 लाख से अधिक पर्यटक यहां पहुंचकर भगवान शिव का आशीर्वाद ले चुके हैं। यहां भगवान शिव की यह 369 फीट ऊंची मूर्ति है। यह केंद्र तेजी से प्रमुख आध्यात्मिक और सांस्कृतिक स्थल के रूप में उभर रहा है। नाथद्वारा झीलों की नगरी उदयपुर से मात्र 45 किलोमीटर की दूरी पर है। राजसमंद के नाथद्वारा के आसपास का इलाका प्राकृतिक रूप से बेहद समृद्ध है। अरावली पर्वतमाला के पास बनास नदी के किनारे पर बसे इस नाथद्वारा को श्रीनाथजी नाथद्वारा के नाम से ही जाता जाता है। श्रीनाथजी के मंदिर की वजह से आज नाथद्वारा की पहचान केवल देश में ही नहीं, बल्कि विदेश में भी है। यह जानना भी दिलचस्प होगा कि यह मूर्ति दुनिया में भगवान शिव की सबसे ऊंची मूर्तियों में से एक है। यह 32 एकड़ में फैली हुई है और कुल ऊंचाई 112 मीटर (34 मीटर आधार सहित) है। इसे 2.5 लाख क्यूबिक टन कंक्रीट से बनाया गया है। इस मूर्ति का जीवनकाल लगभग 250 वर्ष अनुमानित है। इसे 250 किलोमीटर प्रति घंटे तक की हवाओं को आसानी से झेलने और भूकंपीय क्षेत्र चतुर्थ में भी स्थिर रहने के हिसाब से डिजाइन किया गया है। प्रतिमा में 270 फीट और 280 फीट की ऊंचाई पर दीघाएं हैं। यहां रोमांच बढ़ाने के लिए 20 फीट की ऊंचाई पर एक नया अनोखा 3डी अनुभव 'आत्ममंथन' शुरू किया गया है। इस आकर्षण में 17 अलग-अलग विशेष प्रकार की दीघाएं हैं। यह दीघाएं प्रकृति के विभिन्न तत्वों से प्रेरित है। कुछ में पांच तत्वों- वायु, जल, पृथ्वी, अग्नि, आकाश, और ब्रह्माण्ड दर्शन का अन्वेषण किया गया है। कुछ पौराणिक कथाओं जैसे समुद्र मंथन और कल्पतरु वृक्ष से प्रेरित हैं। 'क्रिस्टल टेरेन', 'द काइनेसिस ऑफ बिलीफ' और 'ओम बेल' जैसी दीघाएं गहन और परिवर्तनकारी अनुभव प्रदान करती हैं। 'कैलास मानसरोवर' और 'टनल टू इटरनिटी' जैसी दीघाएं आत्मावलोकन और आत्मज्ञान को प्रेरित करती हैं। मिराज समूह इसे अब वैश्विक आध्यात्मिक स्थल के रूप में प्रतिष्ठित करने की दिशा में प्रयासरत है। खास बात यह है कि मेवाड़ इलाके के राजसमंद जिले के नाथद्वारा में स्थित जगप्रसिद्ध श्रीनाथजी देशभर में आराध्य देव के रूप में पूजे जाते हैं। श्रीनाथजी नाथद्वारा में हवेली में विराजते हैं। यह हवेली श्रीनाथजी की हवेली के रूप में जानी जाती है। इसे मेवाड़ के तत्कालीन महाराणा राज सिंह ने बनवाया गया था। मेवाड़ में श्रीनाथजी की पूजा बाल स्वरूप के रूप में की जाती है। यहां पर दिन में करीब आठ बार भगवान की अलग-अलग रूपों में पूजा अर्चना होती है। श्रीनाथजी को लेकर कई किवदंतियां प्रचलन में हैं। श्रीनाथजी की इस हवेली के निर्माण से मुगल शासक औरंगजेब से सीधा संबंध रहा है। कुछ इतिहासकारों का मत है कि जब औरंगजेब देश के हिंदू मंदिरों को तुड़वा रहा था तब मथुरा में बनाई गई मूर्तियों को देश के विभिन्न हिस्सों में ले जाया गया। उन्हीं में से एक श्रीकृष्ण की बाल स्वरूप की मूर्ति मेवाड़ के श्रीनाथजी मंदिर में स्थित है। मेवाड़ के महाराणा राज सिंह ने औरंगजेब से मूर्ति की रक्षा का वचन दिया था। यहां कृष्ण जन्मोत्सव पर रात ठीक 12 बजे प्रभु श्रीनाथजी को 21 तोपों की सलामी दी जाती है।

**■ मदन पालीवाल**
**(ये लेखक के निजी विचार है।)**



## बोधि वृक्ष

# सूर्य देवता के 7 बड़े मंदिर, जहां हर पल बरसता है आशीर्वाद

हनुमानगढ़ी के दक्षिण में सुग्रीव टीला व अंगद टीला नामक जगह हैं। मंदिर की स्थापना 300 साल पहले स्वामी अभयारामदासजी ने की थी।



**3. सालासर हनुमान मंदिर, सालासर (राजस्थान)**

यह मंदिर राजस्थान के चूरू जिले में है। गांव का नाम सालासर है, इसलिए सालासर बालाजी के नाम यह प्रसिद्ध है। यह प्रतिमा दाड़ी व मूंछ वाली है। यह एक किसान को खेत में मिली थी, जिसे सालासर में सोने के सिंहासन पर स्थापित किया गया है।

**4. हनुमान धारा, चित्रकूट**

उत्तर प्रदेश में सीतापुर के पास यह हनुमान मंदिर है। यह पर्वतमाला के मध्य में है। हनुमान की मूर्ति के ठीक ऊपर दो कुंड हैं, जो हमेशा भरे रहते हैं। उनमें से पानी बहता रहता है। इस धारा का जल मूर्ति के ऊपर से बहता है। इसीलिए, इसे हनुमान धारा कहते हैं।

**5. श्री संकटमोचन मंदिर, वाराणसी (उत्तर प्रदेश)**

यह मंदिर उत्तर प्रदेश के वाराणसी शहर में है। इस मंदिर के चारों ओर एक छोटा सा वन है। मंदिर के प्रांगण में भगवान हनुमान की दिव्य प्रतिमा है। ऐसी मान्यता है कि हनुमानजी की यह मूर्ति गोस्वामी तुलसीदासजी के तप एवं पुण्य से प्रकट हुई स्वयंभू मूर्ति है। (क्रमशः)

## टेक वर्ल्ड

# ऑनलाइन Passport बनवाने वाले हो जाएं सावधान! जान लें ये जरुरी बात



हालांकि आपको बता दें कि यह फीचर ट्रूकॉलर प्रीमियम अकाउंट होल्डर के लिए ही उपलब्ध है, अर्थात आपको इसके लिए या तो पहले से ट्रूकॉलर प्रीमियम का मेंबर होना पड़ेगा या फिर आप इसके मेंबर बन सकते हैं। हालांकि ट्रूकॉलर के अक असिस्टेंट की घोषणा 2022 में ही की गई थी और यह कई टेक्नोलॉजी को इंटीग्रेटेड करने का प्लेटफार्म के रूप में सामने आने वाला था। इनमें से कुछ कि अगर बात किया जाए तो ऑटोमेटेकली कॉल का आंसर करना, बातचीत को फिल्टर करना, मैसेज एक्सेप्ट करना और यहां तक कि आपकी ओर से रिप्लाई करना और बाद में रिव्यू के लिए कॉल रिकॉर्ड करना भी शामिल है।
ट्रूकॉलर वैसे भी फोन यूजर्स के लिए बहुत ही उपयोगी सॉफ्टवेयर रहा है, अब इस फीचर द्वारा यूजर्स को बेहद शानदार एहसास मिलने वाला है और अककी इस शक्ति द्वारा निश्चित रूप से क्रांतिकारी परिवर्तन की गुंजाइश ढूंढी जा सकती है।
अगर आप भी अकअसिस्टेंट में खुद की आवाज को सेट करना चाहते हैं तो सबसे पहले आपको ट्रूकॉलर का लेटेस्ट वर्जन इंस्टॉल करना पड़ेगा इसके बाद आप सेटिंग का टैब ओपन कीजिए और सेटिंग पर टाइप करने के बाद पर्सनल वॉइस सेटअप चुनें।
(क्रमशः)

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. **RNI.** 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : **news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com** (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर बनेगा सोलर पार्क, एक लाख उपभोक्ताओं को मिलेगी बिजली

एजेंसी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के करीब 1,700 हेक्टेयर में सोलर पार्क विकसित किया जाएगा। इसे उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (यूपीडा) की देखरेख में बीओओ (बिल्ड, ओन एंड ऑपरेट) मॉडल पर विकसित किया जाएगा। पिछले साल अगस्त में यूपीडा की ओर से प्री-फिजिबिलिटी के लिए एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट आमंत्रित किया गया था, जिसमें नौ संस्थाओं की ओर से प्रेजेंटेशन दिया गया था। इनमें से मेसर्स ग्लोबल एनर्जी एलायंस फॉर पीपल एंड प्लैनेट ने इसी साल फरवरी में अपनी विस्तृत रिपोर्ट यूपीडा के अधिकारियों के सामने पेश की थी, जिसे हाल में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष यूपीडा के अधिकारियों ने प्रस्तुत किया था।

मुख्यमंत्री योगी पूरे क्षेत्र को सोलर फार्म के रूप में स्थापित करके इसे सोलर एक्सप्रेसवे बनाना चाहते हैं। रिपोर्ट के अनुसार यूपीडा की ओर से इस सोलर पार्क के लिए 1,700 हेक्टेयर भूमि उपलब्ध है। ये भूमि इटावा से चित्रकूट तक 296 किलोमीटर लंबे बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के मुख्य कैरिज-वे और सर्विस रोड के बीच है। मुख्य कैरिज-वे और सर्विस रोड के बीच उपलब्ध भूमि की औसत चौड़ाई 15-20 मीटर है। यहीं पर सोलर पार्क निर्मित किया जाएगा। इस पूरे क्षेत्र में सोलर रेडिएशन दर 5 से 5.5 केडब्ल्यूएच प्रति स्क्वायर मीटर प्रतिदिन है।

रिपोर्ट के मुताबिक यहां सोलर पार्क को विकसित करने में तकरीबन 2,500 करोड़ से अधिक की लागत आएगी। इसके लिए कंपनियों को 25 साल के लीज पर भूमि आवंटन की व्यवस्था होगी। बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के दोनों किनारों पर विकसित होने वाले सोलर पार्क से 450 किलोवॉट ऊर्जा का उत्पादन हो सकेगा, जो करीब 1 लाख उपभोक्ताओं की आवश्यक्ता को पूरा कर सकेगा।



### 2028 तक विकसित करने का लक्ष्य तय

**इटावा** से चित्रकूट तक लंबे बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर बांदा और जालौन में इंडस्ट्रियल कॉरिडोर भी विकसित किया जा रहा है। इसके अलावा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए इस एक्सप्रेसवे के किनारे 25,000 से अधिक वृक्षों को लगाने के निर्देश भी मुख्यमंत्री योगी ने दिए हैं। इसके किनारों पर पीपल, पाकड़, बरगद, गूलर और नीम के वृक्ष लगाए जाएंगे। वहीं, बुंदेलखंड इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी द्वारा करीब 36,000 एकड़ में नोएडा की तर्ज पर नया शहर बसाने की कवायद भी तेज गति से आगे बढ़ रही है, जिसे 2028 तक विकसित करने का लक्ष्य सीएम योगी ने तय किया है।

## एक नजर

### 18 दिनों में 3.38 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किए बाबा बर्फानी के दर्शन



**जम्मू।** अमरनाथ यात्रा जारी है और श्रद्धालुओं में यात्रा को लेकर उत्साह भी बरकरार है। जानकारी के अनुसार, यात्रा के शुरू होने के बाद से अब तक 3.38 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने बाबा बफार्नी के दर्शन किए हैं। वार्षिक यात्रा का प्रबंधन करने वाले श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड (एसएएसबी) के अधिकारियों ने बताया कि 29 जून को यात्रा शुरू होने के बाद से पिछले 18 दिनों में 3.38 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने पवित्र गुफा मंदिर के अंदर दर्शन किए हैं। अधिकारियों ने बताया कि बुधवार को कड़ी सुरक्षा के बीच 3,740 तीर्थयात्रियों का एक और जत्था अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना हुआ।

### मुंबई एयरपोर्ट पर 13.24 किलो सोना जब्त, सात गिरफ्तार



**मुंबई।** कस्टम के अधिकारियों ने मुंबई एयरपोर्ट पर 13.24 किलो सोना के अलावा 1.38 करोड़ रुपये के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और 45 लाख रुपये की विदेशी मुद्रा जब्त किया है। इस मामले में सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जब्त सोने की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में करीब 9 करोड़ रुपये आंकी गई है। कस्टम सूत्रों के अनुसार सीमा शुल्क विभाग की टीम मुंबई एयरपोर्ट पर नियमित कार्रवाई करती है। मंगलवार को कस्टम विभाग की टीम ने कुल 24 मामलों में कार्रवाई की और इनके पास से अवैध तरीके से लाया गया करीब नौ करोड़ रुपये का सोना जब्त किया गया है।

### बिहार के सारण में ट्रिपल मर्डर

# एक ही परिवार के तीन की हत्या, दो गिरफ्तार

एजेंसी

**छपरा।** बिहार के सारण जिले के रसूलपुल थाना क्षेत्र में बदमाशों ने एक ही परिवार के तीन लोगों की चाकू से वारकर हत्या कर दी। मृतकों में पिता और उनकी दो बेटी शामिल हैं। पुलिस इसे प्रेम प्रसंग में हत्या बता रही है। इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

पुलिस के मुताबिक, मामला धानाडीह गांव का है, जहां तारकेश्वर सिंह उर्फ झाबर सिंह अपने आवास की छत पर पत्नी और दो बेटियों के साथ सोए हुए थे। रात करीब दो बजे दो युवक पीछे के दरवाजे से घर में घुसे। इसके बाद छत पर सो रहे तारकेश्वर सिंह और उनकी दो पुत्रियों चांदनी कुमारी और आभा कुमारी की ताबड़तोड़ चाकुओं से वार कर मार डाला। वारदात के समय तीनों नींद में थे।

इस घटना में तारकेश्वर सिंह की पत्नी ने किसी तरह भाग कर अपनी जान बचाई। वे भी इस हमले में घायल हो गई हैं। पुलिस अधीक्षक कुमार आशीष ने बुधवार को बताया कि घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने घटनास्थल पहुंचकर मामले की छानबीन की। मृतक तारकेश्वर सिंह की पत्नी के बयान के आधार पर सुधांशु कुमार उर्फ रौशन और अंकित कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया है।




### चांदनी के प्यार में पगलाया प्रेमी रौशन

दोनों अभियुक्तों द्वारा इस घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर लिया गया है। इनके हाथ पर किसी धारदार हथियार से बने जख्म मिले हैं और खून लगा कपड़ा भी मिला है। बताया गया है कि सुधांशु कुमार उर्फ रौशन और चांदनी के बीच प्रेम-प्रसंग था और कुछ दिनों से चांदनी रौशन से बात नहीं कर रही थी, जिससे वह नाराज था। घटना की चश्मदीद और घायल शोभा देवी ने बताया कि उनकी पुत्री आरोपी सुधांशु से बहुत पहले बातचीत करती थी, लेकिन जब इस बात की भनक परिवार वालों को हुई तो उन्होंने उसे बात करने से मना किया। हालांकि, आरोपी शख्स उनकी नाबालिग बेटी के बार-बार फोन करके परेशान करता था और कहता था कि अगर उसने शादी नहीं की तो वह पूरे परिवार की हत्या कर देगा। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

### मेड इन बिहार

## हाजीपुर में बने जूतों को पहन पराक्रम दिखा रही रूसी सेना



एजेंसी

**हाजीपुर।** बिहार के हाजीपुर जिले को अंतरराष्ट्रीय पहचान मिली है। हाजीपुर में बने सुरक्षा जूतों की सप्लाई रूसी सेना को की जा रही है। इन जूतों को पहनकर रूसी सेना युद्ध क्षेत्र में अपना पराक्रम दिखा रही है। हाजीपुर स्थित कॉम्पिटेंस एक्सपोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा बनाए गए उच्च गुणवत्ता के सुरक्षा जूतों की सप्लाई रूसी सेना को की जा रही है। इसके जरिए कंपनी ने अंतरराष्ट्रीय बाजार में प्रवेश किया है।

रॉय ने कहा- हमारे प्रबंध निदेशक, दानेश प्रसाद, बिहार में एक विश्व स्तरीय फैक्ट्री स्थापित करने की योजना बना रहे हैं, ताकि यहां बड़े पैमाने पर रोजगार का विकास किया जा सके। पिछले साल ही, कंपनी ने 100 करोड़ रुपये मूल्य के 1.5 मिलियन जोड़ी जूते निर्यात किए, और आगामी वर्ष में इस आंकड़े को 50 प्रतिशत तक बढ़ाने की योजना है। बिहार सरकार के सहयोग की सराहना करते हुए, रॉय ने अंतरराष्ट्रीय खरीदारों के साथ बातचीत की सुविधा के लिए बेहतर बुनियादी ढांचे और बेहतर संचार सुविधाओं की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।

### कंपनी स्थानीय स्तर पर रोजगार का भी सृजन कर रही है

2018 में स्थापित, कॉम्पिटेंस एक्सपोर्ट्स कंपनी अपने उत्पाद की गुणवत्ता के प्रति प्रतिबद्ध है। इसके साथ ही कंपनी स्थानीय स्तर पर रोजगार का भी सृजन कर रही है। कॉम्पिटेंस एक्सपोर्ट्स के महाप्रबंधक शिव कुमार रॉय ने कहा, हाजीपुर में कंपनी स्थापित करने का हमारा प्राथमिक लक्ष्य स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर पैदा करना था। कंपनी में फिलहाल 300 लोग काम करते हैं। इनमें से 70 प्रतिशत महिलाएं हैं।

## न्यूज बॉक्स

### नड्डा ने देशव्यापी अभियान 'एक पेड़ मां के नाम' का लगाया पौधा




**नई दिल्ली।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने बुधवार को नई दिल्ली स्थित अपने आवास पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के देशव्यापी अभियान 'एक पेड़ मां के नाम' अंतर्गत एक पौधा लगाया। बुधवार को जेपी नड्डा ने एक्स पर तस्वीरें साझा करते हुए कहा कि वृक्ष हमारी हरित वसुंधरा के सौंदर्य और समस्त चराचर जगत के जीवन आधार हैं। हमारी संस्कृति के विभिन्न उत्सव, पर्व व त्योहार इन्हें समर्पित हैं जिनमें वृक्षों की पूजा-अर्चना की जाती है।

### फडणवीस-पवार का हेलीकॉप्टर खराब मौसम में रास्ता भटका, बाल-बाल बचे



**गढ़चिरौली (महाराष्ट्र)।** महाराष्ट्र के दोनों उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार, तथा उद्योग मंत्री उदय सामंत बुधवार को उस समय बाल-बाल बच गये जब नागपुर से गढ़चिरौली जा रहा उनका हेलीकॉप्टर खराब मौसम और कम दृश्यता के कारण रास्ता भटक गया। हालांकि पायलट बड़ी कुशलता से हेलीकॉप्टर को वापस रास्ते पर ले आया और गढ़चिरौली में उसकी सुरक्षित लैंडिंग कराई। तीनों गढ़चिरौली जिले के अहेरी तहसील में 10 हजार करोड़ रुपये के सूरजगढ़ इस्पात की एकीकृत इस्पात परियोजना के शिलान्यास के लिए यहां आये थे। अजित पवार ने कार्यक्रम के दौरान घटना का जिक्र करते हुए हेलीकॉप्टर की सुरक्षित लैंडिंग कराने के लिए पायलट के कौशल की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने कहा, हेलीकॉप्टर ने नागपुर से गढ़चिरौली के लिए सही-सलामत उड़ान भरी। टेकऑफ के बाद मैं काफी आराम से था और बादलों को देख रहा था। मैंने फडणवीस से भी उनकी तरफ देखने के लिए कहा। हालांकि यात्रा के दौरान मानसूनी बादलों के कारण हेलीकॉप्टर अपना रास्ता भटक गया। इसके बावजूद फडणवीस बिल्कुल शांत थे और मुझसे बातें कर रहे थे। मैं परेशान और चिंतित हो रहा था। हालांकि फडणवीस ने मुझे चिंता न करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि उनके साथ छह दुर्घटनाएं हो चुकी हैं और वह हर बार सुरक्षित बच निकले हैं।

### विवादित प्रशिक्षु आईएएस अधिकारी खेडकर की पारिवारिक संपत्ति की जांच एसीबी करेगी



**मुंबई।** विवादित प्रशिक्षु आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर के परिवार की संपत्ति की जांच पुणे एसीबी की टीम करने वाली है। इससे खेडकर परिवार की मुश्किलें बढ़ गई हैं। पूजा खेडकर के पिता दिलीप खेडकर और मां मनोरमा खेडकर सहित सात लोगों के विरुद्ध किसानों के समक्ष पिस्तौल लहराने का मामला दर्ज किया गया है। इसी मामले में पुलिस टीम दोनों की तलाश कर रही है। पूजा खेडकर के परिवार पर बेहिसाबी संपत्ति जमा करने का आरोप लगाया गया था। इससे संबंधी शिकायत भी पुणे एसीबी कार्यालय को दी गई है। बुधवार को पुणे एसीबी ने खेडकर परिवार के नाम पर बेहिसाब संपत्ति की जांच करने का निर्णय लिया है। पूजा खेडकर के माता-पिता फिलहाल फरार हैं और पुलिस उनकी तलाश कर रही है। पूजा खेडकर के पिता दिलीप खेडकर क्लास वन के प्रशासकीय अधिकारी रहे हैं। उन्होंने सेवानिवृत्त होने के बाद लोकसभा का चुनाव भी लड़ा है। साथ ही कई जगह जमीन भी खरीदी है।

### बंगाल में एक और शाहजहां, महिलाओं का शोषण और जमीनों पर कब्जे का आरोप



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में शेख शाहजहां के अंदाज में दबंगई करने वाले एक और अपराधी के बारे में खुलासा हुआ है। दक्षिण 24 परगना के सोनारपुर में तृणमूल से जुड़े जमालुद्दीन सरदार पर महिलाओं को शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने के आरोप लगे हैं। आरोप है कि यदि महिलाएं ग्राम सभा (कंगारू कोर्ट) की बात नहीं मानती थीं, तो उन्हें जंजीरों से बांधकर पीटा जाता था। जब ये आरोप सामने आए, तो तृणमूल कांग्रेस ने जमाल से दूरी बना ली। जमाल के खिलाफ आरोप लगते ही पुलिस ने उसके दो सहयोगी मुजिद खां और अरविंद सरदार को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि मंगलवार को जंजीरों से बांधकर पिटाई करने के मामले में इन्हें पकड़ा गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि जमाल पर कई अन्य आरोप भी हैं, जैसे दूसरों की जमीन पर कब्जा करके महलनुमा घर बनाना। वह पूरे क्षेत्र में मोरल पुलिसिंग भी करता है। पुलिस में शिकायत करने के बावजूद कोई फायदा नहीं हुआ। जमाल ने इन आरोपों को यह कहकर खारिज कर दिया था कि उसने जंजीरें अपने घोड़े और गाय के लिए रखी थीं लेकिन मंगलवार से जमाल फरार है और पुलिस उसकी तलाश कर रही है। एक के बाद एक महिलाएं जमाल के खिलाफ सामने आ रही हैं। एक महिला और उसके पति को पूरी रात पीटने का आरोप जमाल पर है। रुबिजान बीबी नाम की एक महिला ने आरोप लगाया, मेरे पति शाहरुख शेख को जंजीरों से बांधकर उल्टा लटकाया गया और पूरी रात पीटा गया। मैंने अपने पति को बचाने के लिए जमाल के हाथ-पैर जोड़े, लेकिन उसने मुझे भी पीटा।

## आज का राशिफल

**मेष** — महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे।

**वृषभ** — स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी।

**मिथुन** — संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा।

**कर्क** — व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। सच्चाई का सहारा लें कार्यसिद्धि होगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। समय आपके पक्ष का बना रहेगा।

**सिंह** — कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें।

**कन्या** — मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्त्वपूर्ण कार्यों को आज ही निबटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी।

**तुला** — जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। बचते-बचते कलह विवाद का डर रहेगा। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए।

**वृश्चिक** — मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। बचते-बचते कलह विवाद का डर रहेगा। एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे।

**धनु** — व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा। माता पक्ष से विशेष लाभ होगा।

**मकर** — शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार मिलेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी।

**कुम्भ** — किसी से कहा सुनी न हो यही ध्यान रहे। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती हैं। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी।

**मीन** — संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। सब्र का फल मीठा होता है, अतः धैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। मनोबल ऊंचा रखें, काम में लगे रहें लाभ होगा। विपरीत परीस्थितीयों में भी हानि नहीं होगी।

### बिहार : ताजिया जुलूस के दौरान दो गुटों में पथराव, चार घायल

**मुंगेर।** बिहार के मुंगेर जिला में ताजिया जुलूस के दौरान दो अखाड़ा कमेटी के सदस्य आपस में भिड़ गए। इस घटना में चार लोग घायल हो गए हैं। स्थानीय अखाड़ा कमेटी ने सभी घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया है। पुलिस पदाधिकारी चंदन कुमार ने बताया कि हवेली खड़गपुर नगर क्षेत्र में मोहर्रम के दसवें दिन ताजिया जुलूस बुधवार को निकाला जा रहा है। इसमें मोमिन टोला और कौशन टोला के सदस्यों के बीच किसी बात को लेकर आपस में झड़प हो गई। दोनों गुटों के लड़कों ने एक-दूसरे के ऊपर लाठी डंडों से हमला कर दिया। साथ ही दोनों गुटों की तरफ से पथराव भी हुआ। इस हिंसक घटना में कुछ लोगों को चोटें आई हैं, जिनकी प्राथमिकी कराई गई है। पुलिस पदाधिकारी ने आगे कहा कि स्थिति सामान्य है, कोई विशेष घटना नहीं हुई है। दिन के जुलूस का समापन हो गया है। अब शाम के ताजिया जुलूस की तैयारी की जा रही है। सुरक्षा के मद्देनजर पुलिसकर्मियों को अलर्ट कर दिया गया है।

## महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में मुठभेड़ में 12 नक्सली ढेर

एजेंसी। गढ़चिरौली

महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में बुधवार शाम को पुलिस के सी-60 दस्ते ने मुठभेड़ में 12 नक्सलियों को मार गिराया है। महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ सीमा पर जंगल में 4 घंटे तक चली इस मुठभेड़ में 12 नक्सली मारे गए और 2 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। वहीं, पुलिस ने घटनास्थल से भारी मात्रा में हथियार बरामद किए हैं।

इस घटना के बारे में पुलिस ने बताया कि उन्हें महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ सीमा पर जंगल में 12 से 15 नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी। इसके बाद गढ़चिरौली से पुलिस उपाधीक्षक के नेतृत्व में सी-60 दस्ते की 7 टुकड़ियों को छत्तीसगढ़ सीमा क्षेत्र के वंडोली गांव इलाके में भेजा गया। पुलिस इलाके में तलाशी अभियान चला रही थी, उसी वक्त दोपहर करीब 2.30 बजे जंगल में छिपे नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने भी फायरिंग का सख्ती से जवाब दिया। इसमें एक पुलिसकर्मी और एक सब-इंस्पेक्टर घायल हो गए। घायल पुलिसकर्मियों को तुरंत हेलीकॉप्टर से एयरलिफ्ट कर इलाज के लिए नागपुर भेजा गया। इसके बाद इलाके में दोनों तरफ से करीब 4 घंटे तक रुक-रुक कर फायरिंग होती रही। शाम तक इस इलाके में 12 नक्सलियों के शव बरामद किए गए। मारे गए नक्सलियों में विशाल अत्राम और लक्ष्मण अत्राम जैसे दुर्दांत नक्सली शामिल हैं। पुलिस ने मौके से 3 एके-47 राइफल्स, 2 इंसास, 1 कार्बाइन, 1 एसएलआर समेत कुछ अन्य स्वचालित हथियार बरामद किए हैं। अब तक मारे गए 3 नक्सलियों की पहचान हो चुकी है। वहीं, पुलिस ने इलाके को घेर लिया है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने कहा है कि रात होने के कारण तलाशी अभियान में बाधा आई है और अधिक जानकारी सुबह सामने आएगी। इसी बीच, महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस ने इस कार्रवाई के लिए गढ़चिरौली पुलिस को बधाई देते हुए 51 लाख रुपये के नकद इनाम की घोषणा की है।

**भारी मात्रा में हथियार भी बरामद**

### हरियाणा सरकार अग्निवीरों को 10 प्रतिशत आरक्षण देगी

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने अग्निवीरों के हितो को देखते हुए एक बड़ा फैसला लिया है। सरकार ने अग्निवीरों को राज्य के चार विभागों में दस प्रतिशत आरक्षण देने और प्राथमिकता के आधार पर शस्त्र लाइसेंस जारी करने का ऐलान किया है। साथ ही, सैनी सरकार ने सेवानिवृत्ति के बाद अग्निवीरों को नौकरी देने वाले उद्योगपतियों को सब्सिडी देने और अपना उद्योग लगाने वाले अग्निवीरों को पांच लाख रुपये तक का ब्याजमुक्त कर्ज देने की घोषणा की है। बुधवार को चंडीगढ़ में पत्रकारों से बातचीत के दौरान मुख्यमंत्री नायब सैनी ने यह ऐलान किया। उन्होंने बताया कि सेना से चार वर्ष की सेवा के बाद लौटने वाले अग्निवीरों को हरियाणा पुलिस में कांस्टेबल, फॉरेस्ट व माइनिंग गार्ड, जेल वार्डन और एसपीओ (स्पेशल पुलिस ऑफिसर) की सीधी भर्ती में दस प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा। इतना ही नहीं सरकारी नौकरियों में तय उम्र सीमा में भी अग्निवीरों को छूट मिलेगी।

### स्वास्थ्य — कॉक्ससैकीवायरस ए16 और एंटरोवायरस 71 से खतरा

# छोटे बच्चों में तेजी से फैल रही एचएफएमडी बीमारी


एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली में छोटे बच्चों को हाथ, पैर और मुंह की बीमारी अपनी चपेट में तेजी से ले रही है। चिकित्सकों ने बताया कि एचएफएमडी एक आम वायरल बीमारी है जिससे सबसे ज्यादा बच्चे प्रभावित होते हैं। हाथ, पैर और मुंह का रोग (एचएफएमडी) मुख्य रूप से शिशुओं और छोटे बच्चों में फैल रहा है। लक्षणों की बात करें, तो इसमें बुखार, गले में खराश, मुंह में छाले और हाथों और पैरों पर चकत्ते दिखते हैं। इस तरह के रोग विभिन्न प्रकार के एंटरोवायरस के कारण होते है, जिसमें सबसे आम तौर पर कॉक्ससैकीवायरस ए16 और एंटरोवायरस 71 जैसे वायरस होते है।

गुरुग्राम के फोर्टिस मेमोरियल रिसर्च इंस्टीट्यूट के प्रिंसिपल डायरेक्टर और एचओडी, पीडियाट्रिक्स डॉ. कृष्ण चुघ ने बताया कि हम रोजाना इसके 4 से 5 मामले देख रहे हैं, जो हमारे द्वारा देखे जाने वाले औसत मामलों से बहुत अधिक है। उन्होंने कहा, यह मामले खासतौर पर 1-7 वर्ष तक की आयु के बच्चों में देखने को मिल रहे है।

ज्यादातर संक्रामक बीमारियां आमतौर पर बुखार से शुरू होती है, जिसके साथ अक्सर गले में खराश और अस्वस्थता जैसा महसूस होता है। इसके बाद मुंह, हाथों की हथेलियों और पैरों के तलवों पर दर्दनाक घाव या छाले दिखाई देते हैं। ये घाव बच्चों को काफी परेशान कर सकते है, जिससे बाद बच्चों के लिए खाना-पीना मुश्किल हो जाता है।

हाथों और पैरों पर दाने, छोटे लाल धब्बे या छाले के रूप में दिखाई दे सकते हैं। कुछ मामलों में, विशेष रूप से एंटरोवायरस 71 के साथ, यह बीमारी वायरल मैनिंजाइटिस या एन्सेफलाइटिस जैसी अधिक गंभीर जटिलताओं को जन्म दे सकती है।



### ठीक होने में लगाता है दो सप्ताह का समय

सर गंगा राम अस्पताल में संक्रामक रोगों के वरिष्ठ सलाहकार और प्रमुख डॉ अतुल गोगिया ने बताया, यह कुछ दिनों में खुद ही खत्म हो जाता है और दो सप्ताह या उससे भी कम समय में बच्चा ठीक हो जाता है। इससे बचाव के लिए बच्चों को अन्यों के संपर्क में आने से बचाना है। उन्होंने कहा, गर्म और आर्द्र मौसम वायरस के पनपने के लिए आदर्श वातावरण बनाता है, जिससे यह वृद्धि होती है। यह बरसात के मौसम में चरम पर होता है।

# पेरिस ओलंपिक 2024 में 117 भारतीय एथलीट लेंगे हिस्सा

**नई दिल्ली।** 26 जुलाई से शुरू हो रहे पेरिस ओलंपिक खेलों में कुल 117 भारतीय एथलीट (सात रिजर्व सहित) हिस्सा लेंगे। इस दल में एथलेटिक्स से 29 सदस्य (11 महिलाएं और 18 पुरुष) शामिल हैं, इसके बाद शूटिंग (21) और हॉकी (19) हैं। टेबल टेनिस में आठ खिलाड़ी हिस्सा लेंगे, जबकि बैडमिंटन (7) में दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधु सहित सात प्रतियोगी हिस्सा लेंगे। कुश्ती (6), तीरंदाजी (6) और मुक्केबाजी (6) में छह-छह प्रतिनिधि होंगे। इसके बाद गोल्फ में 4, टेनिस में तीन, तैराकी और नौकायन में 2-2, और घुड़सवारी, जूडो, रोइंग और भारोत्तोलन में एक-एक एथलीट होंगे। सहायक कर्मियों में 140 व्यक्ति शामिल हैं, जिनमें कोच, फिजियोथेरेपिस्ट, मनोवैज्ञानिक, मालिश करने वाले, शक्ति और स्थिति विशेषज्ञ और टीम अधिकारी शामिल हैं।

## पेरिस 2024 ओलंपिक में भाग लेने वाले एथलीटों की सूची

**पुरुषः** सर्वेश कुशारे (ऊंची कूद), सूरज पंवार (मैराथन रेस वॉक मिक्स्ड रिले), अक्षदीप सिंह, विकास सिंह, परमजीत बिष्ट (पुरुष 20 किमी रेसवॉक), किशोर जेना, नीरज चोपड़ा (भाला फेंक), मुहम्मद अनस, मोहम्मद अजमल, अमोज जैकब, संतोष तमिलारासन, राजेश रमेश (4*400 मीटर रिले), अविनाश साबले (3000 मीटर स्टीपलचेज), तजिंदरपाल सिंह तूर (शॉट पुट), अब्दुल्ला अबूबकर, प्रवील चित्रावेल (ट्रिपल जंप), जेसविन एल्ड्रिन (लंबी कूद)

**महिलाः** अन्नू रानी (महिला भाला फेंक), पारुल चौधरी (3000 मीटर स्टीपलचेज, 5000 मीटर), किरण पहल (महिला 400 मीटर, महिला 4*400 मीटर रिले) ज्योति याराजी (100 मीटर बाधा दौड़), अंकिता ध्यानी (5000 मीटर), प्रियंका गोस्वामी (20 किमी रेसवॉक, मैराथन रेस वॉक मिश्रित रिले), ज्योतिका श्री दांडी, सुभा वेंकटेशन, विथ्या रामराज, पूवम्मा एमआर (4*400 मीटर रिले)

### तीरंदाजी

**पुरुष रिकर्व-** धीरज बोम्मदेवरा, तरुणदीप राय, प्रवीण जाधव
**महिला रिकर्व-** भजन कौर दीपिका कुमारी अंकिता भक्त

### बैडमिंटन

**पुरुष एकल :** एचएस प्रणय, लक्ष्य सेन।
**युगल-** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी, चिराग शेट्टी।
**एकल महिला-**पीवी सिंधु-
**युगल महिला :** अश्विनी पोनप्पा, तनीषा क्रैस्टो।

### मुक्केबाजी

**पुरुषः** निशांत देव (71 किग्रा) अमित पंघाल (51 किग्रा)।
**महिलाः** निकहत जरीन (50 किग्रा), प्रीति पवार (54 किग्रा), जैस्मीन लेम्बोरिया (57 किग्रा) लवलीना बोगोर्हेन (75 किग्रा)

### घुड़सवारी

अनुष अग्रवाल (ड्रेसेज)

### जूडो

तुलिका मान (महिला +78 किग्रा)।

### सेलिंग

**पुरुष :** विष्णु सरवनन-पुरुष डिंगी
**महिला :** नेथरा कुमानन-महिला डिंगी




### टेबल टेनिस

**पुरुष :** शरथ कमल हरमीत देसाई मानव ठक्कर
**महिला :** मनिका बत्रा, श्रीजा अकुला, अर्चना कामथ।
**रिजर्व-** साथियान जी, अयहिका मुखर्जी

### टेनिस

रोहन बोपन्ना, एन श्रीराम बालाजी (पुरुष युगल), सुमित नागल (पुरुष एकल)

### भारोत्तोलन

मीराबाई चानू - (महिला 49 किग्रा)

### निशानेबाजी

**पुरुष :** संदीप सिंह, अर्जुन बाबूता (10 मीटर एयर राइफल एम), ऐश्वर्य तोमर, स्वप्निल कुसाले (50 मीटर राइफल 3 पोजिशन एम), सरबजोत सिंह, अर्जुन चीमा (10 मीटर एयर पिस्टल एम), अनीश भानवाल, विजयवीर सिद्धू (25 मीटर आरएफपी एम) पृथ्वीराज टोंडैमन - पुरुष ट्रैप, अनंतजीत सिंह नरुका - पुरुष स्कीट, स्कीट मिश्रित टीम।
**महिला :** एलावेनिल वलारिवन, रमिता (10 मीटर एयर राइफल डब्ल्यू), सिफ्त कौर समरा, अंजुम मौदगिल (50 मीटर राइफल 3 पोजिशन डब्ल्यू), रिदम सांगवान (10 मीटर एयर पिस्टल डब्ल्यू), मनु भाकर - (10 मीटर एयर पिस्टल डब्ल्यू, 25 मीटर पिस्टल डब्ल्यू), ईशा सिंह (25 मीटर पिस्टल डब्ल्यू), राजेश्वरी कुमारी, श्रेयसी सिंगन - महिला ट्रैप, माहेश्वरी चौहान - महिला स्कीट, स्कीट मिश्रित टीम, रायजा ढिल्लन - महिला स्कीट।

### हॉकी

श्रीजेश परट्टू रवीन्द्रन, जरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, हरमनप्रीत सिंह, सुमित, संजय, राजकुमार पाल, शमशेर सिंह, मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, विवेक सागर प्रसाद, अभिषेक, सुखजीत सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, मंदीप सिंह, गुरजंत सिंह।

### कुश्ती

**पुरुषः** अमन सहरावत - पुरुष 57 किग्रा
**महिलाः** विनेश फोगाट (50 किग्रा), अंतिम पंघाल (53 किग्रा), अंशू मलिक (57 किग्रा), निशा दहिया (68 किग्रा), रीतिका हुडा (76 किग्रा)।

### तैराकी

**पुरुषः** श्रीहरि नटराज (पुरुष 100 मीटर बैकस्ट्रोक)
**महिलाः** धीनिधि देसिंघु - महिला 200 मीटर फ्रीस्टाइल

### रोइंग

बलराज पंवार (पुरुष सिंगल स्कल)

# गविराट और रोहित की जगह कोई नहीं ले सकता : कपिल देव

**नई दिल्ली।** पूर्व विश्व कप विजेता कप्तान कपिल देव ने कहा है कि अनुभवी जोड़ी विराट कोहली और रोहित शर्मा भारतीय टीम में सभी प्रारूपों में 'अपूरणीय' हैं और उन्हें 'सचिन तेंदुलकर और एमएस धोनी जैसा' बताया।




कोहली ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 विश्व कप फाइनल में भारत की रोमांचक जीत में 76 रनों की मैच विजयी पारी खेलने के बाद टी20 अंतरराष्ट्रीय से संन्यास की घोषणा की। बाद में प्रेस कॉन्फ्रेंस में रोहित ने भी अपने टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर को अलविदा कह दिया। पीजीटीआई के अध्यक्ष कपिल देव ने ट्रिनिटी गोल्फ चैंपियनशिप लीग के दूसरे संस्करण के उद्घाटन समारोह से इतर कहा, 'भारतीय टीम में विराट और रोहित की जगह कोई नहीं ले सकता। वे भारतीय क्रिकेट के बहुत बड़े सेवक रहे हैं और यह उनके लिए सुखद विदाई थी। विराट ने सभी प्रारूपों में खुद का जो मुकाम बनाया है, टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में उनकी कमी जरूर खलेगी। दोनों सचिन तेंदुलकर और एमएस धोनी जैसे ही हैं। उनकी जगह कोई नहीं ले सकता।' कोहली का टी20 सफर जून 2010 में शुरू हुआ था।

## जमशेदपुर एफसी ने आगामी इंडियन सुपर लीग के लिए निश्चल चंदन के साथ किया करार

**नई दिल्ली।** जमशेदपुर एफसी ने नए इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) सीजन से पहले युवा डिफेंडर निश्चल चंदन के साथ करार किया है, साथ ही उनके प्रदर्शन के आधार पर अनुबंध को बढ़ाने का विकल्प भी दिया गया है। 25 वर्षीय 6 फुट के खिलाड़ी को प्रतीक चौधरी के साथ सेंट्रल डिफेंस में शामिल किया गया है। चंडीगढ़ में जन्मे मिडफील्डर ने आईएसएल के हवाले से कहा, जमशेदपुर एफसी में शामिल होना एक सपने के सच होने जैसा है! मैं ऐसे समृद्ध इतिहास वाले क्लब का हिस्सा बनकर और आईएसएल में खेलने का अवसर पाकर बहुत खुश हूं। मुझ पर विश्वास करने के लिए मैं हेड कोच खालिद जमील और प्रबंधन का आभारी हूं। उन्होंने कहा, मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करने और उच्चतम स्तर पर प्रदर्शन करने के लिए प्रतिबद्ध हूं। मेरा लक्ष्य एक सफल डेब्यू सीजन बनाना है।



## सर्जरी के बाद मैदान पर लौटे मोहम्मद शमी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

स्टार भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी नेट्स पर गेंदबाजी करने के लिए वापस आ गए हैं, जो प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में उनकी वापसी की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। शमी 2023 वनडे विश्व कप के बाद से चोट के कारण बाहर हैं। उन्हें दाएं एड़ी की चोट के कारण बाहर रखा गया था जिसके लिए सर्जरी की आवश्यकता थी और तब से वह भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड की सावधानीपूर्वक निगरानी में हैं। 33 वर्षीय तेज गेंदबाज ने इस साल की शुरूआत में अपने अकिलीज टेंडन का ऑपरेशन करवाया था जिसके कारण वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू सीरीज, इंडियन प्रीमियर लीग 2024 और टी20 विश्व कप से चूक गए थे। इन असफलताओं के बावजूद शमी अब अपनी वापसी की तैयारी कर रहे हैं और उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा किया है जिसमें वह ट्रेनिंग नेट्स में सावधानी से गेंदबाजी कर रहे हैं। हालांकि वह टखने की चोट से उबर चुके हैं, लेकिन उन्होंने अभी तक पूरी तीव्रता से गेंदबाजी शुरू नहीं की है। शमी अपनी फॉर्म को फिर से हासिल करने और राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) से मेडिकल क्लीयरेंस लेने के लिए काम कर रहे हैं क्योंकि उनका लक्ष्य प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी करना है शमी ने अपने पोस्ट को कैप्शन दिया।




# यूएस ओपन के मुख्य ड्रॉ में शामिल हुए चार बार के चैंपियन राफेल नडाल

**एजेंसी। नई दिल्ली**


चार बार के चैंपियन राफेल नडाल को मंगलवार को 2024 अमेरिकी ओपन (यूएस ओपन) के लिए मुख्य ड्रॉ में शामिल किया गया है। वे पिछले चार वर्षों में तीन बार इस प्रतियोगिता में भाग नहीं ले पाए थे।

38 वर्षीय स्पेनिश बाएं हाथ के खिलाड़ी के पास नौवीं रैंकिंग है, जो 26 अगस्त से शुरू होने वाले अमेरिकी ओपन के लिए खुद को मैदान में उतारने के लिए है। 22 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता नडाल ने मंगलवार को 27 मई के बाद अपना पहला एकल मैच खेला, जिसमें उन्होंने नॉर्डिया ओपन में लियो बोर्ग को 6-3, 6-4 से हराया। नडाल ने पेरिस में लाल मिट्टी पर पहले दौर में अलेक्जेंडर ज्वेरेव से हारने के बाद से कोई मैच नहीं खेला है। नडाल ने 2019 में अपना चौथा न्यूयॉर्क हार्डकोर्ट क्राउन जीतने के बाद से 2022 में केवल एक बार यूएस ओपन खेला है। वह 14 खिलाड़ियों में से एक थे जिन्होंने संरक्षित रैंकिंग के साथ मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई।



नडाल ने 2010 में यूएस ओपन जीतकर करियर ग्रैंड स्लैम पूरा किया और 2013, 2017 और 2019 में यूएस ओपन खिताब भी अपने नाम किए। वह 2022 में चौथे दौर में पहुंचे, लेकिन तब से उन्होंने केवल दो स्लैम खेले हैं और कभी दूसरे दौर से आगे नहीं बढ़ पाए।

08 दिन काउंट डाउन **पेरिस ओलंपिक**



## क्या ओलंपिक में पदक जीतने का सिलसिला जारी रख पाएंगे भारतीय पहलवान

**नई दिल्ली ।** भारत ने बीजिंग ओलंपिक 2008 से लेकर प्रत्येक ओलंपिक में पदक जीता है और पेरिस ओलंपिक में भाग ले रहे पहलवानों के लिए इस सिलसिले को जारी रखना बड़ी चुनौती होगी। लगातार चार ओलंपिक में सफलता के बाद कुश्ती भारत का प्रमुख खेल बन गया। इस बीच उसने सीनियर ही नहीं जूनियर स्तर पर भी अच्छी सफलताएं हासिल की। वह सुशील कुमार थे जिन्होंने 2008 में कांस्य पदक जीत कर भारत में कुश्ती का परिदृश्य बदला। इसके चार साल बाद लंदन ओलंपिक में उन्होंने रजत पदक हासिल किया जबकि योगेश्वर दत्त ने कांस्य पदक जीता।

साक्षी मलिक ने रियो ओलंपिक खेल 2016 में कांस्य पदक जीत कर यह सिलसिला जारी रखा जबकि तोक्यो ओलंपिक में रवि दहिया ने रजत और बजरंग पूनिया ने कांस्य पदक जीता। लेकिन जब यह खेल नित नई ऊंचाई हासिल कर रहा था तब देश के शीर्ष पहलवानों के भारतीय कुश्ती महासंघ के तत्कालीन प्रमुख के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के कारण इसकी प्रगति को करारा झटका लगा। इसके कारण राष्ट्रीय शिविर और घरेलू प्रतियोगिताओं का आयोजन नहीं हो पाया। इससे भ्रम की स्थिति पैदा हो गई और तब कोई नहीं जानता था कि आगे क्या होगा। राष्ट्रीय महासंघ के चुनाव हुए, लेकिन नई संस्था को निलंबित कर दिया गया। इस खेल की अंतरराष्ट्रीय संस्था के निलंबन हटाए जाने के बाद ही स्थिति सामान्य हो पाई। भारत का केवल एक पुरुष खिलाड़ी और पांच महिला खिलाड़ी ही ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर पाए। इन खिलाड़ियों के मजबूत और कमजोर पक्षों का यहां विश्लेषण किया जा रहा है।

**विनेश फोगाट (महिला 50 किग्रा) :** इसमें कोई संदेह नहीं है कि विनेश फोगाट भारत की सबसे बेहतरीन महिला पहलवानों में से एक हैं। मजबूत रक्षण और उतना ही प्रभावशाली आक्रमण उनकी ताकत है। लेकिन पिछले एक साल में उन्हें चोटी की खिलाड़ियों के खिलाफ खेलने का कम मौका मिला है। इसके अलावा वह कम वजन वर्ग में भाग ले रही है। उन्हें वजन कम करने की जटिल प्रक्रिया से गुजरना होगा।

**अंतिम पंघाल (महिला 53 किग्रा) :** हिसार की यह तेजतर्रार खिलाड़ी पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल करने वाली पहली पहलवान थी। जब विरोध प्रदर्शन अपने चरम पर था, तब उन्होंने विनेश को ट्रायल के लिए चुनौती भी दी थी। अंतिम का मजबूत पक्ष उनका लचीलापन है जिससे वह विरोधी की पकड़ से जल्दी बाहर निकल जाती है। उन्होंने हालांकि एशियाई खेलों में भाग नहीं लिया और पीठ की चोट के कारण उन्हें इस साल एशियाई चैम्पियनशिप से बाहर होना पड़ा।



# टाटा पावर 2024-25 में 20,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी : चंद्रशेखरन

### 2023-24 में कंपनी ने 12,000 करोड़ का निवेश किया

**कंपनी का लक्ष्य वितरण कारोबार के विस्तार के जरिये पांच करोड़ उपभोक्ताओं को जोड़ने का है**



**टाटा पावर अन्य राज्यों में नए वितरण विस्तार के अवसरों का लाभ उठाने के लिए भी करेगी निवेश**

**एजेंसी। नई दिल्ली**

टाटा पावर चालू वित्त वर्ष 2024-25 में पूंजीगत व्यय के लिए 20,000 करोड़ रुपये खर्च करेगी। कंपनी के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कंपनी की 105वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में शेयरधारकों को बताया कि पूंजीगत व्यय का एक बड़ा हिस्सा कंपनी के नवीकरणीय ऊर्जा पोर्टफोलियो को गति देने के लिए होगा। बाकी राशि पारेषण और वितरण कारोबार पर खर्च की जाएगी। चंद्रशेखरन, जो टाटा संस के चेयरमैन भी हैं, ने कहा, टाटा पावर ने 2024-25 में 20,000 करोड़ रुपये का पूंजीगत व्यय करने की योजना बनाई है। यह 2023-24 में निवेश की गई 12,000 करोड़ रुपये की राशि से काफी अधिक है। उन्होंने कहा कि टाटा पावर अन्य राज्यों में नए वितरण विस्तार के अवसरों का लाभ उठाने के लिए भी निवेश करेगी। इसके अलावा कंपनी सरकार से जरूरी मंजूरी मिलने के बाद छोटे मॉड्यूलर परमाणु रिएक्टर में भागीदारी की संभावना भी तलाशेगी। चेयरमैन ने कहा कि कंपनी मौजूदा और निमार्णाधीन परियोजनाओं, दोनों से पांच साल में 15 गीगावाट स्वच्छ ऊर्जा क्षमता का लक्ष्य लेकर चल रही है। यह क्षमता इस समय नौ गीगावाट की है।

उन्होंने कहा कि कंपनी का लक्ष्य वितरण कारोबार के विस्तार के जरिये पांच करोड़ उपभोक्ताओं को जोड़ने का है, जिनकी मौजूदा संख्या 1.25 करोड़ से अधिक है।

## रेलवे स्टेशनों पर ठहरने के लिए
# यात्रियों को मिलेगा रिटायरिंग रूम

1. यात्रियों को अपने पीएनआर नंबर का करना होगा इस्तेमाल
2. रिटायरिंग रूम लेने के लिए यात्री का टिकट कंफर्म या आरएसी होना चाहिए
3. रिटायरिंग रूम सिंगल, डबल और डॉरमेट्री प्रकार के ऑक्यूपेंसी होगा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए देश के प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर उनके ठहरने के लिए रिटायरिंग रूम आवंटित करने की योजना शुरू की है। इसके लिए यात्रियों को अपने पीएनआर नंबर का इस्तेमाल करना होगा। रिटायरिंग रूम या डरमेट्री लेने के लिए यात्री का टिकट कंफर्म या आरएसी होना चाहिए। यात्री टिकटों के अग्रिम आरक्षण अवधि के अनुसार यानी वर्तमान में 120 दिनों में ही रिटायरिंग रूम बुक कर सकता है। रिटायरिंग रूम सिंगल, डबल और डॉरमेट्री प्रकार के ऑक्यूपेंसी में उपलब्ध हैं, जिसमें एसी और नॉन एसी संयोजन बहुत ही कम कीमत पर न्यूनतम 3 घंटे से अधिकतम 48 घंटे तक के लिए उपलब्ध हैं। भारतीय रेलवे एक यात्री के लिए एक सिंगल बेड रूम या एक डबल बेड रूम या डॉरमेट्री में एक बेड आवंटित करेगा। दो यात्रियों के लिए, एक डबल बेड रूम या डॉरमेट्री में दो बेड आवंटित किए जा सकते हैं। हालांकि, रिटायरिंग रूम की वेबसाइट पर जाकर और विकल्प देख सकते हैं।



देश भर में रिटायरिंग रूम उपलब्ध हैं। रिटायरिंग रूम के लिए 24 घंटे तक के लिए 20 रुपये, डॉरमेट्री बेड के लिए 24 घंटे तक के लिए 10 रुपय, रिटायरिंग रूम के लिए 24 घंटे से 48 घंटे तक के लिए 40 रुपये और डॉरमेट्री बेड के लिए 24 घंटे से 48 घंटे तक के लिए 20 रुपये चार्ज लगेगा।

नियम के अनुसार वेटिंग लिस्ट वाले यात्रियों को रिटायरिंग रूम नहीं मिल सकता, हालाँकि, जिन यात्रियों के पास आरएसी और कन्फर्म टिकट वाले रिटायरिंग रूम बुक कर सकते हैं औरले सकते हैं।

अगर ट्रेन लेट हो जाती है और आप दिए गए चेक-इन समय पर नहीं पहुंच पाते हैं, तब भी रिटायरिंग रूम ले सकते हैं। क्योंकि रेलवे ट्रेन आने के 1 घंटे बाद तक लेट चेक-इन की अनुमति देता है। बुकिंग के बाद रिटायरिंग रूम को कैंसिल भी कर सकते हैं। इसके लिए आपको आधिकारिक वेबसाइट पर जाना होगा और फिर माय अकाउंट ऑप्शन में बुकिंग हिस्ट्री में जाकर बुकिंग कैंसिल करनी होगी।

## एडीबी ने भारत की आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान सात फीसदी पर रखा

**वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत का जीडीपी अनुमान 7 फीसदी पर रखा कायम**

**एजेंसी। नई दिल्ली**

बजट पेश होने से पहले एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर के अनुमान को सात फीसदी पर बरकरार रखा है।

इसके साथ ही एडीबी को सामान्य से बेहतर मानसून अनुमानों को देखते हुए कृषि क्षेत्र में सुधार की उम्मीद है।

एडीबी ने अपने एशियाई विकास परिदृश्य (एडीओ) के जुलाई संस्करण में कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था वित्त वर्ष 2024-25 में सात फीसदी की दर से बढ़ेगी। वहीं, अगामी वित्त वर्ष 2025-26 में जीडीपी 7.2 फीसदी की दर से बढ़ने की ओर अग्रसर है। एशियाई विकास बैंक ने अप्रैल में चालू वित्त वर्ष के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि दर अनुमान को 6.7 फीसदी से बढ़ाकर सात फीसदी कर दिया था।

एशियाई विकास बैंक के पूवार्नुमान से एक दिन पहले अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने भी भारतीय अर्थव्यवस्था 7 फीसदी की दर से बढ़ने का अनुमान जताया है। इसके साथ ही एडीबी का कहना है कि सार्वजनिक और निजी क्षेत्र की निवेश मांग से मजबूत वृद्धि का मार्ग प्रशस्त होगा।

## एयर इंडिया ने गिफ्ट कार्ड किया लांच

- ट्रैवल, वेडिंग एनिवर्सरी, बर्थडे और स्पेशल मोमेंट पर कार्ड किया गया है लांच
- एयर इंडिया की वेबसाइट पर ऑनलाइन खरीदा जा सकता है
- गिफ्ट कार्ड से टिकट की बुकिंग करने के अलावा एक्स्ट्रा बैगेज और सीट सेलेक्शन में भी उनका इस्तेमाल कर सकेंगे

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

हवाई यात्रियों को आकर्षित करने के लिए एयर इंडिया ने गिफ्ट कार्ड लांच किया। ट्रैवल, वेडिंग एनिवर्सरी, बर्थडे और स्पेशल मोमेंट चार थीम पर लांच कार्ड एयर इंडिया की वेबसाइट पर ऑनलाइन खरीदा जा सकता है। यात्री अपने हिसाब से उन्हें इस्तेमाल कर सकते हैं। कार्ड 1 हजार रुपये से 2 लाख रुपये तक के डिनॉमिनेशन में उपलब्ध हैं।




एयर इंडियाका कहना है कि यात्री इन कार्ड का इस्तेमाल घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों उड़ानों में कर सकते हैं। गिफ्ट कार्ड से टिकट की बुकिंग करने के अलावा एक्स्ट्रा बैगेज और सीट सेलेक्शन में भी उनका इस्तेमाल कर सकेंगे।

ग्राहक को गिफ्ट कार्ड का इस्तेमाल पसंदीदा ट्रैवल डेस्टिनेशन, डेट और केबिन क्लास चुनने में कर सकते हैं। एयर इंडिया का कहना है कि गिफ्ट कार्ड ट्रांसफेरेबल हैं। मतलब आप कार्ड खरीदकर इस्तेमाल के लिए दूसरों को भी दे सकते हैं। जिसके पास भी कार्ड के डिटेल होंगे, वह उसका इस्तेमाल एयर इंडिया की फ्लाइट में टिकट बुक करने व अन्य सेवाओं को खरीदने में कर सकेगा। ग्राहक एक ट्रांजेक्शन में एक साथ तीन कार्ड का इस्तेमाल कर सकते हैं। गिफ्ट कार्ड की सबसे शानदार खासियत यह है कि उनका इस्तेमाल क्रेडिट कार्ड के साथ भी किया जा सकता है। मान लीजिएआपके पास एक लाख रुपये की वैल्यू वाला क्रेडिट कार्ड है, लेकिन आपका टोटल बिल 1.15 लाख रुपये का बन रहा है तो ऐसे में आप 1 लाख का भुगतान गिफ्ट कार्ड से कर सकते हैं और बाकी बचे 15 हजार रुपये को क्रेडिट कार्ड से भर सकते हैं। इस तरह ग्राहकों को ये गिफ्ट कार्ड फ्लेक्सिबिलिटी ऑफर करते है।

## प्राइवेट बैंक से भी खरीद सकेंगे इंश्योरेंस

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी जीवन बीमा कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम ने बैंकएश्योरेंस में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने और 2047 तक सभी को जीवन बीमा कवरेज प्रदान करने के लिए एक प्राइवेट बैंक के साथ डील साइन की है। एलआईसी ने मंगलवार (16 जुलाई) को इस समझौता पर हस्ताक्षर किए। भारतीय जीवन बीमा निगम ने आईडीएफसी बैंक के साथ एग्रीमेंट किया है। इस डील के पूरा होने से अब IDFC फर्स्ट बैंक के 1 करोड़ से अधिक ग्राहक LIC की पॉलिसियां सीधे बैंक के माध्यम से खरीद सकेंगे। LIC ने एक प्रेस रिलीज में जानकारी दी कि इसके लिए डिजिटल ऑन-बोर्डिंग पहले ही शुरू की जा चुकी है।

सोरेन सरकार ने केवल होर्डिंग्स में ही नौकरियां दी

- ना बेरोजगारी भत्ता मिला ना बहनों को घर खर्च के 2 हजार

## आगामी विस चुनाव पर बोले केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान

# यह झारखंड बचाने का चुनाव है



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री और झारखंड के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को हटिया विस क्षेत्र में अभिनंदन सह विजय संकल्प सभा में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यहां करोड़ों रुपये भेजे, जिससे घर-घर पीने का पानी नल के पाइप से मिल जाए। लेकिन, झारखंड के बहनों-भाइयों मैं आपसे पूछना चाहता हूं, बताओ आपको पाइप लाइन डालकर नल से पानी मिला क्या..? हेमंत सोरेन की सरकार वाले पानी का पैसा भी पी गए। चौहान ने कहा, हमने सुना है कि कुंभकरण छह महीने सोता था और छह महीने जगता था और जब जागता था तो सिर्फ खाते ही रहता था। इस गठबंधन के दो कुंभकरण केवल रोटी नहीं खाते। ये बालू भी खाते हैं, ये खनिज भी खाते हैं, ये पहाड़ भी खाते हैं। ये केंद्र का भेजा पैसा भी खाते हैं। ये गरीबों के मकान खा जाते हैं। इन्होंने झारखंड को तबाह और बर्बाद कर दिया। चौहान ने कहा कि ये गठबंधन की सरकार यदि पांच साल और आ गई, तो झारखंड बचेगा नहीं। इसलिए ये चुनाव झारखंड को बचाने का चुनाव है। ये झारखंड की जनता का सम्मान बचाने का चुनाव है। ये झारखंड की संस्कृति और अस्मिता को बचाने का चुनाव है।

### गठबंधन सरकार ने सैकड़ों वादे किए थे, लेकिन मिला कुछ नहीं

शिवराज सिंह ने कहा कि चुनाव से पहले गठबंधन सरकार ने जनता से सैकड़ों वादे किए थे, लेकिन मिला कुछ नहीं। पांच लाख नौकरियां देने का वादा था, लेकिन नौकरियां केवल होर्डिंग्स में ही मिलीं। पांच हजार रुपये स्नातक और सात हजार रुपये स्नातकोत्तर को बेरोजगारी भत्ता देने का वादा था, लेकिन ना नौकरी मिली और ना ही बेरोजगारी भत्ता मिला। गरीब बहनों को दो हजार रुपये घर खर्च देने का वादा था, लेकिन पांच सालों में उन्हें भी घर खर्च नहीं मिला। शिवराज ने कहा कि महिलाओं को बिना गारंटी केवल आधार कार्ड पर 50 हजार रुपये का लोन देने का वादा था, लेकिन आज तक किसी भी बहन को लोन नहीं मिल सका। किसानों से किसान बैंक खोलने का वादा किया था, लेकिन कहीं भी किसान बैंक नहीं खुला। उलटा इन्होंने तो झारखंड की जनता से छीना है। जब झारखंड में भाजपा की सरकार थी, तो पांच एकड़ तक के किसानों को पांच हजार रुपये प्रति एकड़ दिया जाता था। लेकिन, सोरेन सरकार ने सत्ता में आते ही किसानों से ये राशि छीन ली। भाजपा सरकार में 50 लाख तक की संपत्ति बहन-बेटी के नाम पर खरीदी जाएगी, तो केवल एक रुपये में रजिस्ट्री हो जाएगी। इन्होंने बहनों से ये भी छीन लिया। सोरेन सरकार ने दिया नहीं, बल्कि सब कुछ छीन लिया।

## हेमंत ने जेल से बाहर आकर चंपाई का पॉलिटिकल मर्डर किया : हिमंता सरमा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

असम सरकार के मुख्यमंत्री एवं झारखंड भाजपा के विधानसभा चुनाव सह प्रभारी हिमंता विस्वा सरमा ने हेमंत सोरेन पर निशाना साधते हुए कहा कि हेमंत सोरेन को जनता का विकास नहीं चाहिए, उन्हें केवल अपनी कुर्सी चाहिए। हेमंत सोरेन ने जेल से बेल पर बाहर आते ही अपनी ही पार्टी के एक योग्य आदिवासी नेता चंपाई सोरेन का पॉलिटिकल मर्डर कर दिया। हेमंत सोरेन को दूसरा आदिवासी नेता मंजूर नहीं। हिमंता विस्व सरमा बुधवार को हरमू रांची स्थित स्वागतम बैंक्वेट हॉल में रांची विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ता सम्मान एवं विधानसभा स्तरीय विजय संकल्प सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बूथ स्तर से कार्यकताओं के परिश्रम का सम्मान करते हुए कहा कि तीसरी बार मोदी सरकार यह पार्टी के बूथ स्तर के कार्यकताओं के परिश्रम का ही परिणाम है। उन्होंने कहा कि अभी हमें आराम नहीं करना है। हमें परिश्रम की पराकाष्ठा करनी है। घर-घर जाना है और हेमंत सरकार की नाकामियों, वादा खिलाफी, भ्रष्टाचार, महिलाओं के साथ हो रहे अत्याचार, ध्वस्त विधि व्यवस्था, खान-खनिज और बालू-पत्थर की लूट को उजागर करना है।



### हेमंत ने झारखंड को मिनी बांग्लादेश बना दिया

हिमंता ने कहा कि चंपाई सोरेन तो कुछ काम करना शुरू किए थे। जनता की समस्याओं पर ट्वीट करके भी समाधान करा देते थे, लेकिन हेमंत सोरेन ने पांच साल में क्या किया? केवल जनता को लूटा। खान-खनिज लूटा और झारखंड में बांग्लादेशियों को बसा रहे। वोट बैंक के लिए उनका संरक्षण दे रहे। हेमंत सरकार ने झारखंड को मिनी बांग्लादेश बना दिया है। उन्होंने कहा कि ऐसी शादी अवैध है। इसे रोकने के लिए सख्त कानून बनना चाहिए। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन फिर सत्ता में नहीं आने वाले। उन्हें पता है, इसलिए अनाप-शनाप घोषणाएं कर रहे। ऐसी ही घोषणा खटाखट पैसे भेजने की थी।

### झारखंड की जनता को बालू नहीं मिल रहा

हिमंता ने कहा कि हिम्मत है, तो हेमंत सोरेन बताएं कि पांच साल में कितनी नौकरियां दी। कितने इंजीनियरिंग और मेडिकल कालेज खोले। कितना बेरोजगारी भत्ता दिया। उन्होंने कहा कि आज झारखंड की जनता को बालू नहीं मिल रहा, लेकिन यूपी-बिहार बालू भेजा जा रहा है। दलाल बिचौलिए मालामाल हो रहे हैं। सरकार के खजाने में पैसे नहीं जा रहे। साथ ही कहा कि जनता इनके लूट, भ्रष्टाचार, वादा खिलाफी को पूरी तरह समझ चुकी है। जनता को भाजपा पर भरोसा है। भाजपा जो कहती है, वह करती है। हमने अलग राज्य का वादा किया पूरा किया।

## न्यूज बॉक्स

### राज्यपाल से मिले उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश

**रांची । राज्यपाल सीपी. राधाकृष्णन से बुधवार को झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश डॉ विद्युत रंजन सारंगी ने राजभवन में मुलाकात की। इसे शिष्टाचार मुलाकात बताया गया।**



### ओडिशा के राज्यपाल पहुंचे रांची, हुआ स्वागत

**रांची।** ओडिशा के राज्यपाल सह झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास बुधवार को भुवनेश्वर से रांची पहुंचे । हटिया रेलवे स्टेशन पर पर भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य संजय कुमार जायसवाल के नेतृत्व में कार्यकर्ता ने उनका स्वागत किया। रघुवर दास दिन भर रांची में रहने के बाद शाम में देवघर के लिए रवाना होंगे। स्वागत करने वाले में ललित नारायण ओझा, उमेश यादव, रोमित नारायण सिंह, शुभम कुमार जायसवाल, तरुण जायसवाल, रिंकू शेख, जॉनी वॉकर खान, डॉ अनिल कुमार, अंकित कुमार सिंह, रिंकू कुमार सिंह, विनय कुमार, अभिजीत कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



## प्रदेश भाजपा के साथ तीन तिगाड़ा काम बिगाड़ा वाली कहावत : कांग्रेस

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता सोनाल शांति ने भाजपा नेता हिमंता विस्वा सरमा, शिवराज सिंह चौहान और लक्ष्मीकांत वाजपेयी को उनके केंद्रीय नेतृत्व ने डूब रही भाजपा की नैया को पर लगाने के लिए भेजा था, लेकिन यह पूरी तरह से झारखंड में भाजपा को डूबो देंगे। झारखंड में भाजपा के साथ तीन तिगाड़ा काम बिगाड़ा वाली कहावत चरितार्थ होगी। उन्होंने कहा कि जिस तरह से यह पूरे झारखंड में घूम-घूम कर जनता के बीच धर्मांधता का बीज बोने की कोशिश कर रहे हैं उसे जनता परिचित है और उनकी कोई कुटील चाल यहां सफल नहीं होने वाली है।

शांति ने बुधवार को कांग्रेस भवन में कहा कि देश में एक दशक से भी ज्यादा समय से आम जनगणना नहीं हुई लेकिन फर्जी आंकड़ों के सहारे आदिवासी- मुस्लिम के बीच तनाव पैदा करने के लिए संथाल परगना के डेमोग्राफी में बदलाव की बात करते हैं। हिमंता विस्वा सरमा को बताना चाहिए कि इस मामले में उन्होंने असम में क्या किया है। उन्हें देश के गृह मंत्री से पूछना चाहिए कि देश की सीमाएं अगर सुरक्षित है तो घुसपैठ कैसे हो रही है। बाढ़ से जूझ रही असम की जनता को राहत पहुंचाने की बजाय झारखंड में आग लगाने की कोशिश बंद करें। लोकसभा चुनाव में हिंदू- मुस्लिम के बीच नफरती माहौल बनाने में भाजपा नाकाम रही थी और अपनी आदत के अनुसार झारखंड में धार्मिक तनाव बनाने का प्रयास कर रही हैं।

### राजद अनुशासन समिति की बैठक कल

रांची। राजद अनुशासन समिति की आवश्यक बैठक प्रदेश कार्यालय में 19 जुलाई को होगी। इस संबंध में प्रदेश राजद महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने बुधवार को बताया कि बैठक की अध्यक्षता अनुशासन समिति के अध्यक्ष गोड्डा के पूर्व विधायक एवं पार्टी के प्रधान महासचिव संजय प्रसाद यादव करेंगे। बैठक में अनुशासन समिति के सभी सदस्य मौजूद रहेंगे।



## झारखंड के स्कूलों में बच्चों का होगा शत-प्रतिशत नामांकन

### जेसीईआरटी के निदेशक ने जारी किया निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड स्कूली शिक्षा साक्षरता विभाग बच्चों के ड्रॉप आउट रोकन के लिए गंभीर है। 5वी, 8वीं और 10वीं पास करने वाले छात्रों का अगले कक्षा में शत-प्रतिशत नामांकन को अनिवार्य कर दिया है। इसके लिए जेसीईआरटी के निदेशक अदित्य रंजन ने जिला शिक्षा अधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक और जिला कार्यक्रम पदाधिकारी को निर्देश दिया है कि अगले कक्षा में छात्रों का शत-प्रतिशत नामांकन करवाना है। इसके लिए जेसीईआरटी ने पत्र भी जारी किया है। आंगनबाड़ी में पढ़ने वाले बच्चों को भी शत- प्रतिशत आगे की कक्षाओं में नामांकन करवाना अनिवार्य है।



**2022-23 में छात्रों का नामांकन दर**

- प्राथमिक से उच्च प्राथमिक में ट्रांजिशन होने वाले छात्रों की संख्या 78.69 प्रतिशत
- उच्च प्राथमिक से माध्यमिक कक्षा में 61.71 प्रतिशत
- माध्यमिक से उच्चतर माध्यमिक में 61.07 प्रतिशत

### पत्र में यह कहा गया है

ई-विद्यावाहिनी के वेब वर्जन में टैगिंग की प्रकिया पूर्ण होने के बाद शैक्षणिक सत्र 2024-2025 के लिए छात्रों का प्रोग्रेशन शुरू किया जाएगा। जिसमें सभी प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक अपने पोषक क्षेत्र के सभी आंगनबाड़ी के कक्षा 1 के नामांकन योग्य छात्रों का मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक कक्षा 6 में अपने पोषक क्षेत्र के सभी प्राथमिक विद्यालयों के कक्षा 5 उत्तीर्ण छात्रों का, उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक कक्षा 9 में, अपने पोषक क्षेत्र के सभी मध्य विद्यालयों के कक्षा 8 उत्तीर्ण छात्रों का और प्लस टू उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक कक्षा 11 में अपने पोषक क्षेत्र के सभी उच्च विद्यालयों के कक्षा 10 उत्तीर्ण छात्रों का शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करे।

## विहिप के 60 वर्ष में सेवा कार्यों के विस्तार का संकल्प लें कार्यकर्ता : मिलिंद परांडे

**रांची।** विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय संगठन महामंत्री मिलिंद परांडे ने कहा कि विश्व हिंदू परिषद की स्थापना की षष्टिपूर्ति यानी 60 वर्ष की पूर्णता पर संगठन को उस स्वरूप में पहुंचना है, जिसका लक्ष्य कार्यकर्ताओं ने रखा है। इन 60 वर्षों में विश्व के 33 देशों में विश्व हिंदू परिषद ने संगठन को खड़ा किया है। समाज के हर वर्ग को जोड़ते हुए कार्य करना हमारा लक्ष्य है। क्योंकि, संपूर्ण हिंदू समाज का यह संगठन बने इस भाव को जागृत कर इसे अपने जीवन में उतारना यह उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि गांव-गांव में सेवा कार्यों के विस्तार का संकल्प लेकर कार्यकर्ता हिंदू समाज को जोड़ने का कार्य करें। परांडे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय बैठक में भाग लेने के बाद मुंबई लौटने के क्रम में रांची के एयरपोर्ट रोड स्थित ग्रीन एकर्स में विहिप के रांची विभाग अंतर्गत प्रांत और जिला के पदाधिकारियों को बुधवार को संबोधित कर रहे थे।

## श्रम कानून का उल्लंघन कर रहा एचईसी : कैलाश

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

एचईसी बचाओ मजदूर जनसंघर्ष समिति की बैठक राजद महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव के अध्यक्षता में उनके धुर्वा स्थित आवास में संपन्न हुई। इस दौरान श्रमिक संगठन एवं सामाजिक संगठन के प्रतिनिधिगण मौजूद थे। बैठक के दौरान एचईसी कर्मचारियों एवं अधिकारियों का बकाया वेतन भुगतान, विस्थापित-मृत आश्रित कर्मचारियों को काम पर शीघ्र रखने, आवासीय परिसर में रहने वाले दीर्घकालीन लीज धारकों के आवासों का रजिस्टर्ड डीड करने तथा अस्थाई एस्बेस्टस सीट वाले आवासों का पक्का छत ढलाई करने जैसे कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया। साथ ही निर्णय लिया गया कि 19 जुलाई को एक प्रतिनिधिमंडल श्रम मंत्री से मिलकर उन्हें समस्याओं से अवगत कराएगा। सीटू नेता भवन सिंह ने विषय सूची पर प्रस्ताव लाया और सर्वसम्मति से 8 सूत्री मांग पत्र पर सहमति बनी। बैठक की अध्यक्षता कर रहे कैलाश यादव ने कहा कि एचईसी प्रबंधन द्वारा कर्मचारियों/ अधिकारियों का लंबे समय से वेतन रोक कर श्रम कानून के धाराओं का उल्लंघन किया है। निर्णय लिया गया कि सभी महत्वपूर्ण मांगों को लेकर झारखंड सरकार के श्रम एवं उद्योग मंत्री सत्यानंद भोक्ता से नेपाल हाउस सचिवालय स्थित कार्यालय में मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा जाएगा।

### 22 से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर मनरेगा कर्मी

**रांची।** सेवा स्थायीकरण को लेकर राज्य के मनरेगा कर्मचारियों ने हड़ताल पर जाने की घोषणा की है। 18 से 20 जुलाई तक सांकेतिक हड़ताल पर रहेंगे। वहीं 22 जुलाई से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की घोषणा की है। झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष जॉन पीटर बागे ने कहा कि हड़ताल की वजह से 25 लाख मजदूरों का मजदूरी भुगतान प्रभावित होगा और राज्य सरकार के द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के कामकाज प्रभावित हो जाएंगे।

### बाबूलाल मरांडी ने एक्स पर कहा

## राज्य में अपराधियों का खौफ बढ़ा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने एक बार फिर एक्स पर ट्वीट कर हेमंत सोरेन सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि हेमंत है तो हिम्मत है। अरे भाई किसको हिम्मत है। अपराधियों को या चोरों को या राज्य संरक्षण में पल रहे हिम्मत वाले गुंडों को। झारखंड में अपराधियों का खौफ इतना बढ़ गया है कि झारखंड की जनता के पास दो ही उपाय बचते हैं- या तो जान दे देने का या रंगदारी देने का। गठबंधन सरकार में दबंगों का आतंक और साहस इतना बढ़ गया है कि वह सिर्फ अब धमकी भर नहीं देते हैं बल्कि रंगदारी न देने वालों को मौत के घाट तक उतार रहे हैं।



ट्वीट में आगे लिखा है कि सरकार और उसकी पुलिस चुप है, क्योंकि रंगदारी का बड़ा हिस्सा उनको भी प्राप्त हो रहा है, लेकिन क्या प्रदेश की जनता ने इसलिए गठबंधन सरकार को चुना था ताकि वो अपराधियों के साथ हाथ मिलाकर जनता के साथ ही अपराध, हत्या और रंगदारी को अंजाम दें। प्रदेश के लोगों की जान अब अपराधियों और दबंगों के हाथों में है, सरकार का हाथ अपराधियों के माथे पर है, अब ऐसे में प्रदेश में कोई भी कैसे सुरक्षित रह सकता है। अब वक्त आ गया है अपराधियों को सरंक्षण देने वाली इस सरकार को जड़ से उखाड़ फेंकने का, ताकि लोगों का तथा झारखंड का भविष्य सुरक्षित रह सके।

दूसरे ट्वीट में बाबूलाल ने लिखा है कि आदिवासी बहुल क्षेत्रों में झामुमो का भ्रष्टाचार और कुशासन धरातल पर नजर आने लगा है। दुमका जिले के शिकारीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र में लगातार सात बार से झामुमो के विधायक हैं, पिछले 5 सालों से राज्य में सरकार है। फिर भी सड़क की स्थिति चलने लायक नहीं है। पिछले साल ही उक्त सड़क के निर्माण का प्राक्कलन तैयार किया जा चुका है, लेकिन दुर्भाग्य से अब तक हेमंत सोरेन की सरकार ने सड़क निर्माण की स्वीकृति प्रदान नहीं की है। आदिवासियों को बरगला कर, उन्हें झूठे सपने दिखाकर दशकों से दिग्भ्रमित करने वाले झामुमो-कांग्रेस की दाल अब नहीं गलने वाली।

### ब्लाइंड स्कूल में बच्चों के बीच मनाया जन्मदिन




**रांची।** लायंस क्लब ऑफ रांची ग्लोबल ने बुधवार को बहुबाजार स्थित ब्लाइंड स्कूल में बच्चों के बीच केक काटा गया। वहीं चार्टर प्रेसिडेंट शैलष अग्रवाल का जन्मदिन मनाया गया। मौके पर क्लब के पदाधिकारियों और सदस्यों ने बच्चों के बीच स्नैक्स, चॉकलेट व केक खिलाकर मुस्कान बांटा और उनके साथ बात की। क्लब के प्रेसिडेंट लायन अमित शर्मा ने कहा कि बच्चों के साथ वक्त बिताकर काफी अच्छा लगा, बच्चों ने भी खूब इंजॉय किया। हमारे क्लब के द्वारा समाज सेवा के क्षेत्र में ऐसे प्रयास निरंतर किये जाते रहेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने पर सचिव मनोज मिश्रा ने स्कूल के विद्यार्थियों और स्कूल के प्रबंधन का आभार जताया। कार्यक्रम मे अध्यक्ष अमित शर्मा, पूर्व अध्यक्ष शैलेष अग्रवाल, उपाध्यक्ष खुशबू अग्रवाल, सचिव मनोज मिश्र, पीआरओ अल्तमश आलम और स्कूल के प्रबंधन राजकुमार नागवंशी व अन्य सदस्य मौजूद थे।

## पृष्ठ एक का शेष

**मैक्लुस्कीगंज में अपराधियों ने...**

किया जा रहा था। हालांकि, इस दौरान एक मजदूर औरंगाबाद निवासी संजय भुइंया कंटेनर के अंदर ही छुपकर रह गया और आगजनी में उसकी मौत हो गई थी। कंपनी का कंटेनर और उसके अंदर रखा एचडीडी मशीन, डीजी ट्रैकर एवं अन्य सामान जलकर राख हो गए थे।

**अपराधियों के खिलाफ कड़ी...**

चयन की सभी प्रक्रियाएं अविलंब पूरी करें, ताकि इस राज्य की महिलाओं को सशक्त करने की दिशा में एक कदम और आगे बढ़ सकें। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए मिशन मोड में काम करें। इन कल्याणकारी योजनाओं का परिणाम दिखना चाहिए। हमारी सरकार की योजनाएं यहां की जनता को आगे बढ़ाने के साथ राज्य के विकास को गति देने के लिए है।

**झारखंड की अस्मिता मिटा रही...**

हमारी परंपराओं को और इसलिए झारखंड में अब कोई सरकार आएगी, तो वह केवल भाजपा की सरकार आएगी।

**झारखंड में भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा :** चौहान ने हेमंत सोरेन सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि सोरेन सरकार ने झारखंड में भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा कर दी है। प्रदेश में भ्रष्टाचार की नित्य नई परिभाषा गढ़ी जा रही है। राज्य में घोटालों और भ्रष्टाचार से जनता त्राहिमाम कर रही है।

**झारखंड में अपराध चरम पर :** केंद्रीय मंत्री ने कहा कि झारखंड में अपराध भी चरम सीमा पर है। उन्होंने एनसीआरबी के आंकड़ों का उल्लेख करते हुए कहा कि पिछले साढ़े चार साल में 7 हजार 812 हत्याएं हुईं। इनकी सरकार में 7 हजार 115 बलात्कार हुए। शिवराज सिंह ने कहा कि झारखंड की धरती पर 6 हजार 937 अपरहरण हुए। दंगे 8 हजार 592 हुए। लूट 2 हजार 721 हुईं। डकैती 485 हुई और संज्ञेय अपराध 2 लाख 73 हजार 261 हुए। रुबिका जैसी बिटिया के टुकड़े टुकड़े करके और एक नहीं 50-50 टुकड़े कर फेंकने का काम इस सरकार में अपराधी करते हैं। इस सरकार को शर्म आनी चाहिए, जो बहनों और बेटियों की इज्जत नहीं बचा सकती। उनका अपमान करती है। इतना ही नहीं इस सरकार में घुसपैठिए जनजाति बेटियों से शादी कर जमीनें हड़प कर हकदार भी बन रहे हैं और उनके नाम से चुनाव तक लड़ रहे हैं।

**झारखंड सीआईडी ने दिल्ली से...**

अमित जायसवाल के जरिये शिकायतकर्ता को क्रिप्टो करेंसी में निवेश कर अधिक पैसे कमाने के लिए कहा गया। इसके बाद लोग इनके झांसे में आकर अधिक से अधिक मात्रा में निवेश करने लगे। इसके लिए निवेशकों को प्राथमिक निवेश पर कहे अनुसार 300 प्रतिशत तक मुनाफा वापस किया गया, जिससे निवेशकों का भरोसा बढ़ने लगा। निवेशक लोग अन्य लोगों को भी इस मुनाफे के स्किम से लाभान्वित होने के लिए प्रेरित करने लगे। इसी क्रम में आरोपित शंकर कुमार उर्फ विक्की, अमित जायसवाल एवं अन्य सहयोगी ने झारखंड के कई शहरों जैसे रांची, बोकारो, जमशेदपुर एवं अन्य जगहो पर बड़े-बड़े कई आयोजन स्थल जैसे होटलो एवं अन्य स्थानों पर ओआरओपीएवाई (ओरोपे) कंपनी से संबंधित अनेक कार्यक्रम किए। अनुराग गुप्ता ने कहा कि लोगों के बढ़ते निवेश को देखते हुए मामले के प्राथमिकी आरोपितों के जरिये जिस फर्जी वेबसाइट से निवेश हुआ था, वह एक दिन अचानक बंद हो गया और निवेशकों को भारी चपत लगी। जब वेबसाइट बंद हो गई, तब इन लोगों ने अलग होकर अपने संपर्क को कम किया, लेकिन इस तरह के अन्य वेबसाइट (ब्लॉकपेडॉटपीडब्ल्यू) के माध्यम से अपने ठगी के व्यापार को आगे बढ़ाने के लिए प्रयासरत रहे। इससे संबंधित सभी मीटिंग जूम एप के माध्यम से वर्चुअल साइबर स्पेस में होती थी। आरोपित और इनके अन्य साथियों के साथ कमीशन के पैसे के आमदनी से तीन बार दुबई एवं एक बार रूस की यात्रा की। डीजी ने बताया कि इसी क्रम में आरोपितों ने डीजीएफआई-ओपे नाम का टोकन लांच किया, जिसके माध्यम से इन्वेस्टर को ट्रस्ट वायलेट पर इन्वेस्ट करने को कहा गया। इस बीच इन्वेस्टर्स ने खरीदे हुए टोकन को बेचना चाहा, तो उसका वैल्यू जीरो हो गया। इस अपराधशैली के माध्यम से आरोपित के जरिये झारखंड राज्य के करीब 150-200 लोगों से करीब 4-5 करोड़ रुपये की ठगी की जा चुकी है। इस मामले में अनुसंधान के क्रम में संलिप्तता के बिंदु पर अनुसंधान करते हुए नई दिल्ली से एक साइबर ठग को गिरफ्तार किया गया। अब तक के अनुसंधान तथा पूछताछ में पता चला है कि विभिन्न बैंकों में भेजे गए पैसे को क्रिप्टो करेंसी एक्सचेंज पर विभिन्न ब्लॉकचैन वॉलेट ऐड्रेस पर भेज दिया जाता था। उन्होंने बताया कि इसी मामले में पूर्व में शशि शंकर कुमार को बिहार के मुजफ्फरपुर से गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

**सारंडा में भारी मात्रा में...**

शुरू कर दी। घटना सुबह 5:50 बजे की है। जवाबी कार्रवाई में सुरक्षाबलों ने भी फायरिंग की। फायरिंग में खुद को कमजोर पड़ता देख नक्सली जंगल का फायदा उठाकर भाग निकले। सर्च अभियान में भारी मात्रा में हथियार और गोलियां सहित अन्य सामान बरामद किया गया है।

**मुठभेड़ के बाद चले सर्च ऑपरेशन में बरामद सामान :** एक एसएलआर राइफल, तीन मैगजीन, एक राइफल, एक नाइन एमएम पिस्तौल, 303 की एक मैगजीन, 174 पीस एसएलआर की गोली, 34 डेटोनेटर, एक लैपटॉप चार्जर के साथ नक्सल साहित्य, नक्सल लाल बैनर, 17 पीस बैटरी, एक ब्लैक कारतूस पाउच, सात पीस ब्लैक पिठ्ठू बैग, एक नक्सल टोपी, दो नक्सल ग्रीन यूनिफॉर्म, एक काला पटका, तीन मोबाइल चार्जर, पांच चार्जिंग केबल, एक डिजिटल मीटर, तीन पॉलिथीन शीट बडा साइज, 12 टॉर्च, चार छाता, एक पोर्टेबल ब्यूटेन गैस सिलेंडर, सरसों तेल के सात पैकेट, जीवनरक्षक दवाएं और अन्य दैनिक उपयोग के सामान।

# KASHYAP'S DENTAL CLINIC

**Dr. Vaibhav Kashyap**

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट



**Facilities**

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

**CHAMBER**

SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


**ब्रीफ न्यूज**

## मिस्र और फ्रांस के नेताओं ने गाजा में युद्ध विराम के प्रयासों पर की चर्चा



**काहिरा।** मिस्त्र के राष्ट्रपति अब्देल-फतह अल-सिसी ने अपने फ्रांसीसी समकक्ष इमैनुएल मैक्रॉन से गाजा पट्टी में युद्ध विराम को लेकर चर्चा की। दोनों ने फोन पर बातचीत की। जिसकी जानकारी मिस्त्र के राष्ट्रपति कार्यालय ने दी। शिन्हुआ समाचार एजेंसी के मुताबिक, मंगलवार (16 जुलाई) को कॉल के दौरान, सिसी ने मैक्रॉन को इजरायल और हमास के बीच मिस्त्र के मध्यस्थता प्रयासों के बारे में जानकारी दी। साथ ही मध्यस्थता की सफलता सुनिश्चित करने और फिलिस्तीनी एन्क्लेव में पर्याप्त मानवीय सहायता पहुंचाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय प्रयासों को एकजुट होने की जरूरत पर बल दिया।

## उत्तर कोरियाई 'उकसावे' से निपटने के लिए तैयार रहे दक्षिण कोरिया

**सोल।** दक्षिण कोरिया के रक्षा मंत्री शिन वोन-सिक ने बुधवार को उत्तर कोरिया के "उकसावे" के खिलाफ मुस्तैद रहने की अपील की है। उनके कार्यालय ने कहा कि ये उत्तर कोरिया की ओर से "लगातार मिल रही धमकी" का जवाब है। शिन ने शीर्ष सैन्य कमांडरों की बैठक में यह टिप्पणी की। यह बैठक उत्तर कोरिया द्वारा संभावित उकसावे की घटनाओं और ऐसे खतरों के खिलाफ दक्षिण कोरिया की प्रतिक्रिया क्षमताओं पर चर्चा करने के लिए आयोजित की गई थी।

## प्रयागराज महाकुंभ-2025 में एआई से लैस कैमरों का होगा इस्तेमाल

**प्रयागराज।** महाकुंभ-2025 के लिए इस बार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से लैस कैमरों की मदद से भीड़ पर नियंत्रण किया जाएगा। भीड़ के साथ-साथ एक स्थान पर भीड़ के घनत्व, घटना की रिपोर्टिंग और स्वच्छता व सुरक्षा की निगरानी भी की जा सकेगी। इसके लिए मेला प्राधिकरण पूरे मेला क्षेत्र में 2,300 सीसीटीवी कैमरों को स्थापित करने जा रहा है। इसमें 1,100 कैमरे पहले से ही मेला क्षेत्र में स्थापित किए जा चुके हैं।

### बिहार के हाजीपुर में मुहर्रम जुलूस में हंगामा

# एसडीएम ने कहा- स्थिति से निपटने के लिए प्रशासन मुस्तैद

एजेंसी



**हाजीपुर।** बिहार के हाजीपुर में मुहर्रम के जुलूस में दो गुटों के बीच बवाल के बाद से इलाके में तनाव का माहौल है। किसी भी तरह की स्थिति से निपटने के लिए जिला प्रशासन अलर्ट है। हाजीपुर के एसडीएम रामबाबू बैठा ने बताया कि जुलूस के दौरान बवाल और हंगामे से निपटने के लिए जगह-जगह पुलिस-प्रशासन अलर्ट मोड में है। जिला प्रशासन ने कई जगहों पर जुलूस से डीजे जब्त किया है। इसके बावजूद बवाल की तस्वीरें सामने आई है। बवाल से निपटने के लिए पुलिस हरसंभव कोशिश कर रही है। दरअसल, बिहार के हाजीपुर में मुहर्रम के दौरान ताजिया लेकर निकले अखाड़े के दो गुट के बीच झड़प हुई है। दोनों गुट आपस में उलझ गए और फिर बवाल शुरू हो गया। जानकारी के अनुसार, मंगलवार देर रात हाजीपुर-महनार रोड पर अलग-अलग गुटों का ताजिया सड़क से गुजर रहा था। इसी बीच अलग-अलग गुटों का ताजिया एक साथ सड़क पर आ गया और फिर ववाल हो गया। बवाल के बीच दोनों गुटों ने एक-दूसरे पर पथराव किए। दो गुटों के बीच हुए बवाल के बाद पुलिस ने बचाव किया और लाठिया भांजकर लोगों को खदेड़ा। पुलिस की लाठीचार्ज में कई लोगों के घायल होने की भी खबर है। हाजीपुर के अलावा मुंगेर से भी ताजिया जुलूस के दौरान दो गुटों के बीच पथराव की खबर सामने आई है। जानकारी के अनुसार जुलूस के दौरान दो अखाड़ा कमेटी के सदस्य आपस में भिड़ गए। इस घटना में चार लोगों के घायल होने की खबर है।

## मुहर्रम जुलूस में शामिल लोग हाईटेंशन तार की चपेट आए, 15 से ज्यादा झुलसे

**अररिया।** बिहार के अररिया जिले के पलासी थाना क्षेत्र में बुधवार को मोहर्रम जुलूस में एक बड़ा हादसा हो गया। दरअसल, पिपरा बिजवार इलाके में मोहर्रम जुलूस निकाला गया था और जुलूस में शामिल कई लोग ऊपर से गुजर रहे हाईटेंशन तार की चपेट में आ गए। इस घटना में 15 से ज्यादा लोग घायल हो गए, जिसमें सात लोगों की हालत गंभीर बताई जाती है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि पलासी थाना के पिपरा बिजवाड़ इलाके में मोहर्रम के जुलूस के दौरान 15 लोग बिजली करंट लगने से घायल हो गए। मोहर्रम का जुलूस पिपरा बिजवाड़ से धबड़ी जाने के क्रम में एक खेत के ऊपर से गुजर रहे बिजली के तार के सम्पर्क मे आने के कारण यह हादसा हुआ। इस घटना के बाद जुलूस में अफरा तफरी की स्थिति उत्पन्न हो गई। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को इलाज के लिए पलासी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भेजा गया है। यहां पांच लोगों की स्थिति गंभीर होने के कारण बेहतर इलाज के लिए अररिया के सदर अस्पताल भेज दिया गया है। बताया जाता है कि घायलों की स्थिति स्थिर बनी हुई है। कई लोगों को इलाज के बाद अस्पताल से छुट्टी भी दे दी गयी है। उल्लेखनीय है कि बिहार के विभिन्न स्थानों में बुधवार को मोहर्रम का जुलूस निकाला गया है।

## नैसकॉम ने विवादास्पद आरक्षण विधेयक वापस लेने की मांग की

एजेंसी

**नई दिल्ली।** देश की 250 अरब डॉलर की टेक इंडस्ट्री का प्रतिनिधित्व करने वाले संगठन नैसकॉम ने बुधवार को कहा कि वह कर्नाटक सरकार के एक विधेयक में उस प्रस्ताव को लेकर चिंतित है जिसमें राज्य की निजी कंपनियों में नौकरी में कन्नड़ लोगों के लिए आरक्षण का प्रावधान है।

नैसकॉम और इसके सदस्यों ने कहा कि वे इस प्रावधान से निराश हैं और कर्नाटका स्टेट एंप्लॉयमेंट ऑफ लोकल इंडस्ट्रीज फैक्ट्रीज एस्टेब्लिशमेंट एक्ट बिल, 2024 को लेकर चिंतित हैं। उन्होंने कहा कि इससे स्थानीय स्तर पर कुशल टैलेंट की कमी होने पर कंपनियां राज्य छोड़ने के लिए मजबूर हो जाएंगी। आईटी उद्योग के शीर्ष संगठन ने कहा, "नैसकॉम के सदस्य विधेयक के प्रावधानों को लेकर बेहद चिंतित हैं। वे राज्य सरकार से इसे वापस लेने की मांग करते हैं।" नैसकॉम ने कहा,"विधेयक के प्रावधानों से कंपनियों के पलायन और स्टार्टअप का दम घुटने का खतरा है, खासकर जब कई और वैश्विक कंपनियां राज्य में निवेश पर विचार कर रही हैं। इसके अलावा स्थानीय स्तर पर टैलेंट की कमी होने पर कंपनियां दूसरे राज्यों में जाने के लिए मजबूर होंगी।

टेक उद्योग के शीर्ष संगठन ने कहा कि चैंबर के सदस्यों और सरकारी अधिकारियों के बीच एक बैठक होनी चाहिए जिसमें सदस्य अपनी चिंताओं से सरकार को अवगत करा सकें और कर्नाटक की प्रगति को पटरी से उतरने के रोका जा सके। वैश्विक स्तर पर आईटी क्षेत्र में टैलेंट की काफी कमी है, और कर्नाटक में बड़ी संख्या में उनकी मौजूदगी के बाद भी राज्य इसका अपवाद नहीं है। नैसकॉम ने कहा, "टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में महत्वपूर्ण हब बनने के लिए राज्यों को दोहरी नीति पर काम करना होगा।

nasscom

- **टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में महत्वपूर्ण हब बनने के लिए राज्यों को दोहरी नीति पर काम करना होगा।**

### शिवसेना सांसद **संजय राउत** ने कहा-

## जवानों की शहादत के लिए केंद्र सरकार जिम्मेदार

**मुंबई।** जम्मू कश्मीर के डोडा जिले के डेसा में आतंकी हमला हुआ। इस हमले में भारतीय सेना के कैप्टन समेत पांच जवान शहीद हो गए। शिवसेना सांसद संजय राउत ने जवानों की शहादत के लिए केंद्र सरकार और उसके मंत्रियों को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जब से पद की शपथ ली है, उसी दिन से कश्मीर में हमला हो रहा है। उनके शपथ लेने के बाद से आज तक कम से कम 40 जवान शहीद हुए हैं। कल भी हमारे चार जवान शहीद हो गए। हमारी सरकार क्या कर रही है? संजय राउत ने कहा कि हर दिन जवान शहीद हो रहे हैं। उनकी शहादत के बाद उन्हें बस वीर चक्र दे दिया जाता है।

### टास्क फोर्स के पहुंचते ही **शिक्षक हुए फरार**

## जोधपुर में परीक्षा के दौरान सामूहिक नकल

**जोधपुर।** राजस्थान सरकार की ओर से प्रदेश में नकल विहीन परीक्षा के लगातार दावे किए जा रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद प्रदेश में परीक्षा के दौरान नकल की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। ताजा मामला जोधपुर के फलोदी का है। यहां राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में परीक्षा के दौरान सामूहिक रूप से नकल चल रही थी। हालांकि, टास्क फोर्स ने सूचना मिलने के बाद छापा मारकर कार्रवाई की, लेकिन नकल करा रहे शिक्षक मौके से फरार हो गए। राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल की सेक्रेटरी अरुणा ने जानकारी देते हुए बताया कि पिछले कुछ दिनों से हमें परीक्षा के दौरान नकल से संबंधित जानकारी मिल रही थी। इसी के चलते हमारी एक टीम फलोदी स्थित स्कूल पहुंची, लेकिन वहां ताला पड़ा हुआ था।

# एजुकेशन/करियर

**रजनीश।** साउंड इंजीनियरिंग, इंजीनियरिंग की एक ऐसी शाखा है, जिसके अंदर साउंड को समझने, सुधारने तथा एक नयी क़िस्म का साउंड तैयार करना सिखाया जाता है। इसमें आपको साउंड की कला (उतार-चढ़ाव) को समझने की आवश्यकता होती है। इसमें म्यूज़िक, मूवीज, थिएटर, रिकॉर्डिंग, मिक्सिंग, रिप्रोडक्शन से संबंधित चीज़ें सिखायी और पढ़ाई जाती है। इसमें म्यूज़िक, स्पीच और स्टूडियो के साउंड की क्वालिटी को बेहतर बनाना होता है। इसके लिए फिल्मों, रेडियो, और टेलीविज़न में कई तरह के टेक्निकल इंस्ट्रीमेंट्स का प्रयोग किया जाता है। यह एक कला है, जो किसी भी प्रकार के साउंड को समझने, उन्हें रिकॉर्ड और प्रोडूस करने के लिए विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का उपयोग किया जाता है, जिसे हम प्राय: ऑडियो मिक्सिंग के नाम से भी जानते हैं। साउंड इंजीनियरिंग में छात्रों को बेसिक से लेकर पोस्ट प्रोडक्शन तक की पूरी कला सिखाई जाती है।



# साउंड इंजीनियरिंग की पढ़ाई देता है करियर का बेहतर अवसर

## साउंड इंजीनियरिंग में ये सिखाया जाता है

- सभी ऑडियो फंडामेंटल्स को ध्यान में रखते हुए स्वच्छ ऑडियो रिकॉर्ड कैसे किया जाता है।
- आवाजों की बेसिक समझ और उनके विभिन्न रूपों और शैली के बारे में जान पाएंगे।
- ध्वनि की गतिशीलता और आवृत्ति को कैसे नियंत्रित किया जाता है।
- अलग-अलग तरह की आवाजों को सुनकर उनका एनालिसिस करना साथ ही विभिन्न उपकरणों का उपयोग करकेऑडियो वेवफ़ॉर्म को पहचानना और उनका एनालिसिस करना।
- बेमतलब के शोर-शराबे जोकि रिकॉर्डिंग ख़राब कर सकती है उनको कम करने के तकनीकों को जानेंगे।
- किसी भी ट्रैक की एडिटिंग में काम आने वाले सॉफ्टवेयर की जानकारी प्रदान की जाती है।
- तरंगों के मौलिक विशेषताओं के बारे में जान पाएंगे यह कैसे काम करते हैं।
- बेसिक इलेक्ट्रॉनिक्स कंपोनेंट्स और उपकरणों की समझ प्रदान करते है।
- किस भी गीत या गाने का ढांचा कैसे तैयार होता है, इसके बारे में जानकारी प्रदान की जाती है।
- सिंथेसाइज़र क्या है और इसका संगीत उत्पादन में उपयोग कैसे किया जाना चाहिए के बारे में सिखाया जाता है।
- इस कोर्स में आप संगीत बनाने के लिए विभिन्न तकनीकों को जानेंगे और साथ में बीट और ताल निर्माण केबेसिक प्रिंसिपल्स को भी जानेंगे।
- इस कोर्स में यह सिखाया जाता है कि उपकरण को कैसे लगाया या स्थापित किया जाए कि वोकल आर्टिस्ट और म्यूज़िकल इंस्ट्रूमेंट की रिकॉर्डिंग अच्छे से हो।

## भारत में साउंड इंजीनियरिंग के लिए टॉप कॉलेज

- नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ फिल्म एंड फाइन आर्ट्स निफ्फा, कोलकाता
- सरकारी फिल्म और टेलीविजन संस्थान, बैंगलोर
- भारतीय फिल्म और टेलीविजन संस्थान, पुणे
- एप्लाइड साइंस कॉलेज, वडक्कनचेरी
- रयात बहरा विश्वविद्यालय, मोहाली
- संगीत विभाग, मुंबई विश्वविद्यालय
- ज़ी इंस्टिट्यूट ऑफ़ मीडिया आर्ट्स
- मीडिया स्टडीज के देवीप्रसाद गोयनका मैनेजमेंट कॉलेज
- सीएमआर विश्वविद्यालय



## साउंड इंजीनियरिंग कोर्सेज

- डिप्लोमा कोर्सेज
- बैचलर कोर्सेज
- सर्टिफिकेट कोर्सेज
- मास्टर कोर्सेज

## साउंड इंजीनियरिंग में है करियर के बेहतरीन अवसर

- मॉनिटर साउंड इंजीनियर
- लाइव कॉन्सर्ट इंजीनियर
- साउंड टेक्नीशियन
- ऑडियो इंजीनियर
- रिकॉर्डिंग इंजीनियर
- ब्रॉडकास्ट इंजीनियर
- साउंड डिजाइनर
- म्यूजिक प्रोड्यूसर
- रीमिक्सिंग इंजीनियर
- सिस्टम इंजीनियर
- डिजिटल रीमास्टरिंग इंजीनियर
- रिसर्च एंड डेवलपमेंट ऑडियो इंजीनियर

## साउंड इंजीनियर के प्रकार...

- मॉनिटर ऑडियो इंजीनियर
- सिस्टम इंजीनियर
- वायरलेस
- माइक्रोफोन इंजीनियर
- गेम ऑडियो डिज़ाइनर इंजीनियर
- रिसर्च एंड डेवलपमेंट ऑडियो इंजीनियर
- स्टूडियो रिकॉर्डिंग इंजीनियर



# जॉब अलर्ट

### 1. सेंट्रल रेलवे जबलपुर ने वर्कशोप/युनिट में ट्रेडस अपरेंटिस के लिए रिक्तिया निकाली है। इच्छुक उम्मीदवार आवेदन कर सकते है।

| **पदो की संख्या** | **2422** |
|---|---|
| आवेदन | ओनलाइन |
| योग्यता | 12वीं के साथ आईटीआई संबंधित ट्रेड के साथ |
| आयु | 15 से 24 वर्ष |
| आवेदन शुल्क | 100 |
| चयन प्रक्रिया | मेरिट बेस्ड और डक्योमेंट वेरिफिकेशन |
| अधिकारिक वेबसाइट | rrccr.com |

**नोट : अधिक जानकारी के लिए अधिकारिक वेबसाइट पर जा कर देखे।**

### 2. मेघालय बेसिन प्रबंध एजेंसी ग्राम डाटा समनवयक के पदों पर रिक्तियां निकाली है।

| **पद का नाम** | **ग्राम डाटा समनवयक** |
|---|---|
| पदों की संख्या | 2000 |
| आवेद | 12 से 30 जूलाई तक आवेदन कर सकते है |
| आवेदन मोड | ओनलाइन |
| आयु | 18 से 35 वर्ष |
| योग्यता | 12वीं |
| अधिकारिक वेबसाइट | mbda.govin |

**नोट : अधिक जानकारी के लिए अधिकारिक वेबसाइट पर जा कर ले।**

### 3. मध्य रेलवे ने जबलपूर में स्टाउफ नर्स के लिए रिक्तियां निकाली है।

| **परीक्षा का नाम** | **जीडीसीई** |
|---|---|
| पद | स्टाफ नर्स |
| पदों कि संख्या | 24 |
| अवेदन मोड | ओनलाइन |
| आवेदन की थिथि | 16 जुलाई से 15 अगस्त 2024 |
| योगता | बीएससी नर्सिंग |
| आयु | 42 वर्ष |
| वेबसाइट | www.rrccr.com |

**नोट : अधिक जानकारी के अधिकारिक वेबसाइट पर जा कर देखे।**